e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com

रांची संस्करण

हिन्दी दैनिक

# प्रभात मंत्र

वर्ष 12, अंक 107

शनिवार

19.04.2025

RNI No. - JHAHIN/2014/59110

ताजा खबरों के लिए देखें prabhatmantra.com

पृष्ठ 12 | मूल्य 3 रुपये

पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2024-26

**सुविचार**

जिंदगी भी कितनी अजीब होती है, मुस्कुराओ तो लोग जलते है, उदास रहो तो सवाल करते है!

## क्विक न्यूज

### मणिपुर में हथियारों का बड़ा जखीरा बरामद, कई जिलों में अभियान

**इम्फाल :** सुरक्षा बलों द्वारा मणिपुर के विभिन्न जिलों में जोरदार अभियान चलाया जा रहा है। इन अभियानों में सुरक्षा बलों को भारी सफलता मिल रही है।पुलिस प्रवक्ता ने शुक्रवार को बताया कि काकचिंग जिले के वाबगई भैंस फार्म इलाके से .303 राइफल (मैगजीन व स्लिंग सहित), बोल्ट एक्शन सिंगल बैरल गन, 9 एमएम पिस्तौल (मैगजीन सहित), एके राइफल की आठ जिंदा गोलियां, .38 की पांच, 9 एमएम की तीन गोलियां, 51 एमएम मोर्टार शेल (कवर सहित), .36 एचई हैंड ग्रेनेड दो (बिना डेटोनेटर), रबर बुलेट दो, टीयर स्मोक शेल दो, स्टन शेल चार, एके राइफल की 12 खाली खोल, एचटीवीटी हैंडसेट दो, बीपी प्लेट नौ, जूते की एक जोड़ी, एक काला हैंड बैग और एक सफेद प्लास्टिक बैग बरामद किया गया।इम्फाल वेस्ट के लमशांग थाना अंतर्गत खोंगनाओबी नहर रोड (लाइरेनकाबी और संजेनबाम गांवों के बीच) से एके राइफल (मैगजीन सहित), एसएलआर (मैगजीन सहित), 9 एमएम कार्बाइन मशीन गन, संशोधित सिंगल बैरल गन, पिस्तौल (मैगजीन सहित), .36 एचई हैंड ग्रेनेड दो (बिना डेटोनेटर), .380 गोलियों से भरा काला प्लास्टिक बैग, 7.62 एलएमजी की दो खाली मैगजीन, .303 एलएमजी की एक, 7.62 एसएलआर की दो, इंसास राइफल की एक दोषपूर्ण खाली मैगजीन, स्मोक हैंड ग्रेनेड छह (एक दोषपूर्ण), 38 मिमी एंटी-रायट रबर बुलेट कार्ट्रिज पांच, टीयर स्मोक शेल (लॉन्ग रेंज) दो, (शॉर्ट रेंज) तीन, बीपी वेस्ट तीन और हेलमेट पांच बरामद किए गए।

### वक्फ़ संशोधन क़ानून पर असम भाजपा की कार्यशाला, विरोधियों पर भ्रम फैलाने का आरोप

**गुवाहाटी :** भारतीय जनता पार्टी, असम प्रदेश की वशिष्ठ स्थित प्रदेश मुख्यालय में शुक्रवार को वक्फ़ संशोधन क़ानून 2025 को लेकर जनजागरूकता अभियान की राज्यस्तरीय कार्यशाला आयोजित की गई।कार्यशाला में वक्फ़ क़ानून की विभिन्न सकारात्मक पहलुओं की समीक्षा की गई। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष दिलीप सैकिया ने कहा कि कांग्रेस सहित अन्य विपक्षी दल इस कानून को लेकर आम लोगों और मुस्लिम समुदाय में झूठा प्रचार कर भ्रम का माहौल बना रहे हैं और राज्य को अस्थिर करने की साजिश कर रहे हैं। उन्होंने कहा,हम अपने कार्यकर्ताओं से अपील करते हैं कि वे सजग रहें और इस कानून के सकारात्मक पक्षों को जनता तक पहुंचाएं।इस कार्यक्रम में असम सरकार के वरिष्ठ कैबिनेट मंत्री चंद्र मोहन पटवारी, भाजपा के राष्ट्रीय सचिव अनिल के. एंटनी, संगठनात्मक महासचिव आर रवींद्र राजू, नगांव के विधायक रूपक शर्मा, अल्पसंख्यक मोर्चा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष मुक्तार हुसैन खान, मीडिया पैनलिस्ट ज़फ़रीन महजबीन सहित राज्य के विभिन्न जिलों से आए कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### सिंधु दर्शन यात्रा 2025 का आयोजन आगामी 5 से 8 जून को लेह लद्दाख में

**जयपुर :** सिंधु सभा के तत्वावधान में आयोजित होने वाली सिंधु दर्शन यात्रा-2025 को लेकर गुरुवार देर शाम ऑन लाइन बैठक का आयोजन किया गया। इस ऑनलाइन बैठक में लेह लद्दाख में होने वाली सिंधु दर्शन यात्रा कार्यक्रम को अंतिम रुप दिया गया। ऑनलाइन बैठक में तीर्थ यात्रा के राष्ट्रीय संयोजक सुरेन्द्र लछवाणी, राष्ट्रीय महामंत्री राजेश वाधवाणी, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष महेन्द्र तीर्थाणी, राजस्थान प्रभारी मुकेश लखवाणी सहित अन्य प्रदेशों के पदाधिकारी व यात्रा समिति पदाधिकारी उपस्थित हुए।प्रदेशाध्यक्ष मोहनलाल वाधवाणी ने बताया सिंधु दर्शन यात्रा-2025 का भव्य आयोजन आगामी 5 से 8 जून को लेह लद्दाख में किया जाएगा। सिंधु दर्शन यात्रा में पंजीयन करवाने की अंतिम तिथि 30 अप्रेल तय की गई है। यह पंजीयन भारतीय सिंधु सभा की जिला इकाइयों पर कराया जा सकता है।प्रदेश प्रभारी मूलचंद बसंताणी ने बताया कि 5 से 8 जून तक लेह में सिंधु नदी के घाट पर सिंधी संस्कृति और लद्दाखी संस्कृति के सांस्कृतिक एवं धार्मिक कार्यक्रमों का भव्य आयोजन किया जाएगा। गौरतलब है कि लेह में सिंधु भवन बना हुआ है। जहां इन सभी धार्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन होगा।

### रांची का तापमान

| | |
|---|---|
| अधिकतम | $24^0$ |
| न्युनतम | $13^0$ |

19 एवं 20 अप्रैल 2025 को रांची के नामकुम में होने जा रहे भारतीय वायु सेना की एयर शो को लेकर पदाधिकारियों को किया गया ब्रीफिंग

# वायु सेना का एयर शो प्रोग्राम आज

### जिला स्तरीय वरीय पदाधिकारियों के साथ बैठक कर डीसी ने दिया दिशा निर्देश

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी रांची मंजूनाथ भजन्त्री द्वारा शुक्रवार को आर्मी ग्राउंड खोजा टोली नामकुम में दिनांक 19 एवं 20 अप्रैल 2025 को होने वालें भारतीय वायु सेना की एयर शो को लेकर कार्यक्रम की तैयारी को लेकर सभी सम्बंधित जिला स्तरीय वरीय पदाधिकारियों, पुलिस पदाधिकारियों के साथ संयुक्त ब्रीफिंग करते हुए उन्हें विधि व्यवस्था, सुरक्षा व्यवस्था एवं सुगम यातायात संधारण हेतु बैठक आयोजित की गई।

उपायुक्त द्वारा भारतीय वायु सेना की एयर शो को लेकर कार्यक्रम की तैयारी की क्रमवार समीक्षा समीक्षा करते हुए सभी सम्बंधित अधिकारियों को निर्देश देते हुए कार्यक्रम संचालन, कार्यक्रम से सम्बंधित सभी व्यवस्था जैसे- अतिथियों से सम्बंधित सभी व्यवस्था, पेय जल, गणमान्य अतिथियों की बैठने की व्यवस्था, शौचालय की व्यवस्था, बिजली सम्बन्धी व्यवस्था, पार्किंग, बस एवं वाहनों के लिए रुट मार्किंग, अग्निशमन, मेडिकल टीम, साइनेज, एम्बुलेंस, पेय जल की व्यवस्था एवं अन्य सभी व्यवस्था ससमय कराने को कहा गया।

#### दंडाधिकारी व पुलिस पदाधिकारी की तैनाती

पुरे कार्यक्रम स्थल पर दंडाधिकारी,पुलिस पदाधिकारी की तैनाती की जा रही है। जो सभी विधि व्यवस्था को संभालेगें।कार्यक्रम के सफल संचालन को लेकर उप विकास आयुक्त रांची, श्री दिनेश कुमार यादव पुलिस अधीक्षक ग्रामीण रांची, श्री सुमित कुमार अग्रवाल, पुलिस अधीक्षक शहर रांची, श्री राजकुमार मेहता ने कई दिशा-निर्देश दिया।साथ ही उपायुक्त रांची ने सभी आवश्यक तैयारी का जायजा लेते हुए सभी सम्बंधित पदाधिकारियों को सारी व्यवस्था सुनिश्चित और निर्धारित रूप से पूरा कराने को लेकर आवश्यक निर्देश दिए गए।



**इनकी रही उपस्थितिः** इस ब्रीफिंग में उप विकास आयुक्त रांची दिनेश कुमार यादव, अनुमंडल पदाधिकारी सदर रांची उत्कर्ष कुमार, पुलिस अधीक्षक ग्रामीण रांची सुमित कुमार अग्रवाल, अपर जिला दंडाधिकारी विधि-व्यवस्था रांची राजेश्वर नाथ आलोक, जिला जन संपर्क पदाधिकारी रांची श्रीमती उर्वशी पांडेय एवं सम्बंधित जिला स्तरीय सभी वरीय पदाधिकारी उपस्थित थे।

#### कार्यक्रम में कई गणमान्य अतिथि शामिल होंगे

दिनांक 19 एवं 20 अप्रैल 2025 को होने वालें भारतीय वायु सेना की एयर शो में माननीय रक्षा राज्य मंत्री भारत सरकार संजय सेठ, एयर चीफ मार्शल वायु सेना, विधायक, झारखण्ड सरकार के वरीय अधिकारी, वरीय पुलिस अधिकारी शामिल होंगे। जिसको लेकर उपायुक्त ने विशेष रूप से कहा की इस कार्यक्रम में गणमान्य अतिथि आ रहें है। जिसको लेकर सभी अधिकारी को विशेष रूप से सजग रहने की आवश्यकता है। ताकि गणमान्य अतिथि को किसी प्रकार की समस्या ना हो।


#### सभी पदाधिकारी व कर्मी कार्यक्रम के दौरान दिए गए उत्तरदायित्व का पालन सुनिश्चित रूप से करें

उपायुक्त ने ब्रीफिंग के दौरान कहा की सभी सभी पदाधिकारी,कर्मी कार्यक्रम के दौरान अपने दिए गए उत्तरदायित्व का पालन सुनिश्चित रूप से करें। ताकि कार्यक्रम का अच्छे तरीके से हो, साथ ही उन्होंने कहा की कार्यक्रम स्थल पर आगंतुक एवं दर्शक अपने साथ खाद्य पदार्थ लेकर नही आए क्यों की एयर शो के दौरान पंछी आकर्षित ना हो इससे एयर शो में खलल पड़ सकता है। सभी पदाधिकारी तय समय पर अपनी ड्यूटी में लग जाएंगे।

#### वायुसेना के जांबाज दिखायेंगे आसमान में करतब

19 अप्रैल को आसमान में करतब दिखाने वाले भारतीय वायु सेवा के 9 सदस्यों के पायलट आसमान में अपना हैरतंगेज करतब दिखाएंगे और यह 9 सदस्य सूर्य किरण एरोबैटिक्स की टीम है जो आसमान में तिरंगा लहराने के साथ-साथ कई और करतब दिखाएंगे। यह भारतीय वायु सेवा की टीम है जो एशिया की सबसे बड़ी टीम है और दुनिया का तीसरा टीम है। ये करीब 45 मिनट का करतब दिखाएगा और इसकी स्थापना 1996 में हुई थी। देश सहित दूसरे देशों में भी अपना करतब दिखा चुके हैं। रांची में जो करतब दिखाएंगे उसमें मुख्य रूप से जो इसको लीड करेंगे अजय दशरार्थी, जसदीप सिंह, कुलदीप गुड्डा, दिवाकर शर्मा , सिद्धेश कार्तिक, कवंल संधू, अर्जुन पटेल, विष्णु ,अंकित वशिष्ठ, गौरव पटेल शामिल हैं।

## भारत की स्त्रियों के चरित्र का दर्पण है मोगरा




हाल ही में मैंने एक उपन्यास पढ़ा जो बिहार राज्य के मुंगेर जिले की कहानी कहता है। यह उपन्यास है मोगरा त्न एक प्रेमपुष्प, जिसकी लेखिका हैं पूजा मणि। इस कहानी का केंद्र है, मुंगेर का वह ऐतिहासिक किला, जो ना जाने कितने युगों से अपने भीतर कई रहस्यों को समेटे खड़ा है। यह किताब न केवल हमारे इतिहास की कई ज्ञात-अज्ञात बातों से परिचय कराती है, बल्कि मुंगेर के उन दर्शनीय स्थलों की भी यात्रा कराती है। कुछ जिन्हें हम देख चुके हैं और कुछ जिन्हें देखने से हम वंचित रह गए हैं। यह पुस्तक ब्रिटिश शासन काल के स्थापना के समय की है, जब बंगाल का राजा मीर कासिम परिस्थितियों के चलते अपनी सत्ता मुर्शिदाबाद से हटाकर गंगा किनारे बसे मुंगेर में स्थापित करता है। उपन्यास के केंद्र में है मीर कासिम की बांदी मोगरा।



पूजा मणि

मोगरा का प्रेमी न तो स्वजातीय है और न ही स्वराष्ट्रीय पर। इन सबके बाद भी मोगरा का समर्पण देखते बनता है। एक ब्रिटिश युवक का भारत की संस्कृति को अपनाना अलग ही रोमांच पैदा करता है।परन्तु इन सब के बावजूद अपने प्रेम को देश के लिए कुर्बान करती मोगरा, भारत की स्त्रियों के चरित्र का दर्पण है। इसी मोगरा के इर्द गिर्द घूमता उपन्यास अनेकों भावनात्मक उतार चढ़ावों से गंठा बंधा है।।अतः हमें पूर्ण विश्वास है कि यह पाठको को पसंद आएगी। इस पुस्तक का मूल्य 299 रुपए है, जिसे सेतु प्रकाशन समूह ने प्रकाशित किया है। यह अमेजन पर भी उपलब्ध है।

## भगोड़े मेहुल चोकसी के 2,565 करोड़ रुपये की संपत्तियों की होगी नीलामी



**एजेंसी**

**मुंबईः** भगोड़े हीरा कारोबारी मेहुल चोकसी की संपत्तियों की नीलामी की प्रक्रिया में महत्वपूर्ण प्रगति हुई है। मुंबई की एक विशेष अदालत ने चोकसी की 2,565 करोड़ रुपये से अधिक मूल्य की संपत्तियों को बेचने की अनुमति दी है। इन संपत्तियों की बिक्री से प्राप्त राशि को प्रभावित बैंकों के नाम पर सावधि जमा के रूप में रखा जाएगा, ताकि पीड़ितों को उनकी राशि वापस की जा सके। अब तक, गीतांजलि जेम्स लिमिटेड से जुड़ी संपत्तियों की बिक्री से 125 करोड़ रुपये की राशि पीड़ितों को लौटाई जा चुकी है। इन संपत्तियों में मुंबई के सांताक्रूज स्थित छह फ्लैट, दो फैक्ट्रियां और गोदाम शामिल हैं। ईडी ने 2018 में चोकसी और उनके समूह की 41 संपत्तियों को 1,217.2 करोड़ की राशि के साथ जब्त किया था।मेहुल चोकसी की जब्त की संपत्तियों में मालाबार हिल इलाके की वह भी प्रॉपर्टी है जो प्राइम लोकेशन पर है। श्वष्ठ ने जिसे जब्त किया है। उसके नीलामी की प्रक्रिया शुरू की है। गोकुल अपार्टमेंट मालाबार हिल जिसके 9/10 मंजिल पर मेहुल चोकसी का डुप्लेक्स फ्लैट है। उसने 11 वे मंजिल पर अवैध निर्माण किया है। फ्लैट के दरवाजे और दीवारों पर ईडी, सीबीआई अलग-अलग बैंक के नोटिस, बीएमसी सोसायटी बिजली बिल की नोटिस पड़ी है। फ्लैट करीबन सात हज़ार स्क्वायर फीट का है जिसकी क़ीमत करीबन 70 करोड़ है जो अब खण्डर बन गया है। फ्लैट से पेड़ पौधे उग बाहर निकल आए हैं।


## भारत में बने इलेक्ट्रॉनिक उत्पाद का दुनिया भर में पहचान : अश्विनी वैष्णव




**एजेंसी**

**नयी दिल्ली :** भारत के इलेक्ट्रोनिक्स और आईटी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने अपने एक बयान में कहा है कि भारत के इलेक्ट्रोनिक उत्पादों की पहचान तेजी से बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि भारत में बने इलेक्ट्रोनिक उत्पादों पर भरोसा बढ़ रहा है और इसकी वजह भारत में बने उत्पादों में बौद्धिक संपदा की सुरक्षा के प्रति समर्पण है। उन्होंने कहा कि इससे उत्पादन, डिजाइन के क्षेत्र में भारतीय युवाओं के लिए अवसर बढ़ रहे हैं।मानेसर में वीवीडीएन टेक्नलॉजीज ग्लोबल इनोवेशन पार्क में आयोजित एक कार्यक्रम में अश्विनी वैष्णव ने कहा कि भारत सरकार के मेक इन इंडिया अभियान की मदद से बड़ा बदलाव आया है। उन्होंने कहा कि समय के साथ भारत ने अपने इलेक्ट्रॉनिक डिजाइन की क्षमताओं को मजबूत किया है। अब ये क्षमता ऑटोमोबाइल सेक्टर, ऊर्जा क्षेत्र, सिग्नलिंग और सिक्योरिटी सिस्टम में भी शामिल की गई हैं। इन उत्पादों की डिजाइन और उत्पादन भारत में तेजी से बढ़ रहा है, जो पीएम मोदी के नेतृत्व में मेक इन इंडिया अभियान की बड़ी उपलब्धि है।केंद्रीय मंत्री ने कहा कि हमारे देश में आज ऐसी कंपनियां हैं, जिसकी डिजाइन टीम में पांच हजार इंजीनियर हैं। ये युवा इंजीनियर कुछ बहुत ही जटिल उत्पादों को डिजाइन कर रहे हैं। उन्होंने इसे तकनीक के क्षेत्र में बड़ा कदम बताया। वैष्णव ने कहा कि भारत में इलेक्ट्रॉनिक उत्पादन बीते कुछ दशकों में पांच गुना बढ़ चुका है और अब यह 11 लाख करोड़ रुपये का हो चुका है।

## श्रीमद्भगवद्गीता और नाट्यशास्त्र को मिली वैश्विक धरोहर की मान्यता




**एजेंसी**

**नई दिल्ली :** भारत की सांस्कृतिक और दार्शनिक विरासत को वैश्विक मंच पर एक बड़ी पहचान मिली है. श्रीमद्भगवद्गीता और भरत मुनि द्वारा रचित नाट्यशास्त्र को यूनेस्को की 'मेमोरी ऑफ द वर्ल्ड रजिस्टर' में शामिल किया गया है. इस ऐलान के साथ ही भारत की 14 अमूल्य कृतियां अब इस अंतरराष्ट्रीय सूची का हिस्सा बन चुकी हैं. सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर इसकी जानकारी केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत ने देते हुए इसे भारत की सांस्कृतिक चेतना के लिए ऐतिहासिक क्षण बताया. शेखावत ने लिखा कि श्रीमद्भगवद्गीता और नाट्यशास्त्र न केवल ग्रंथ हैं, बल्कि भारत की सोच, जीवन दृष्टि और कलात्मक अभिव्यक्तियों के मूल स्तंभ हैं. इन ग्रंथों ने न केवल भारत को दिशा दी, बल्कि विश्व को भी आत्मा और सौंदर्य की नई दृष्टि दी.यूनेस्को की 'मेमोरी ऑफ द वर्ल्ड' रजिस्टर में विश्वभर से चुनी गई वे धरोहरें शामिल की जाती हैं, जो मानव सभ्यता के इतिहास, संस्कृति और ज्ञान को संरक्षित करने में अहम भूमिका निभाती हैं. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी इस उपलब्धि पर प्रसन्नता जाहिर करते हुए कहा कि यह हर भारतीय के लिए गर्व का विषय है. उन्होंने सोशल मीडिया पर लिखा,गीता और नाट्यशास्त्र का यूनेस्को के मेमोरी ऑफ द वर्ल्ड रजिस्टर में शामिल होना हमारे शाश्वत ज्ञान और सांस्कृतिक वैभव की वैश्विक मान्यता है. सदियों से इन ग्रंथों ने मानव चेतना और सभ्यता को दिशा दी है और आज भी इनकी शिक्षाएं दुनिया को प्रेरणा देती हैं.

## 11 नक्सलियों ने किया आत्मसमर्पण

**एजेंसी**

**सुकमा :** छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले में 2 महिला सहित समस्त 11 नक्सलियों ने शुक्रवार को बिना हथियार के पुलिस अधीक्षक कार्यालय सुकमा में सामूहिक रूप से आत्मसमर्पण कर दिया। इनमें एक महिला सहित पांच नक्सलियों पर कुल 8 लाख 50 हजार रुपये का इनाम घोषित था। ये आत्मसमर्पित सभी नक्सली ग्राम पंचायत बडेसट्टी में सक्रिय थे।

इस दौरान पुलिस अधीक्षक किरण चव्हाण, एएसपी नक्सल ओपरेशन उमेश प्रसाद गुप्ता, एसडीओपी परमेश्वर तिलकवार, एएसपी नक्सल ऑप्स मनीष रात्रे उप पुलिस अधीक्षक उपस्थित थे।पुलिस अधीक्षक किरण चव्हाण ने आत्मसमर्पण के बारे में बताया कि नक्सलवादी आत्मसमर्पण, पीड़ित राहत पुनर्वास नीति-2025 की धारा 7.6.2 के अन्तर्गत नक्सली इलवद पंचायत योजना के तहत नक्सलियों ने सामूहिक आत्मसमर्पण किया है। छग शासन पद के अनुरूप आत्मसमर्पित 3 पुरुष और 1 महिला नक्सली पर 2-2 लाख रुपये और 1 पुरुष नक्सली पर 50 हजार सहित कुल 08 लाख 50 हजार रुपये का इनाम घोषित था।उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ शासन की नक्सलवादी आत्मसमर्पण, पीड़ित राहत पुनर्वास नीति-2025 में नक्सल सदस्य मुक्त ग्राम पंचायत को 01 करोड़ रुपये विकास कार्य के लिए प्रोत्साहन देने की योजना है। नक्सलियों को आत्मसमर्पण के लिए प्रोत्साहित कराने में जिला बल एवं डीआरजी सुकमा की विशेष भूमिका रही।



## कर्नाटक में रोहित वेमुला कानून बनाए सरकार : राहुल गांधी

**एजेंसी**

**बेंगलुरु :** कर्नाटक में रोहित वेमुला कानून लागू करने की अपील करते हुए राहुल गांधी ने इस कांग्रेस शासित प्रदेश के मुख्यमंत्री को पत्र लिखा है। उन्होंने सीएम सिद्धारमैया को लिखे पत्र में कहा, सरकार को रोहित वेमुला एक्ट नाम से कानून बनाना चाहिए। उन्होंने कहा कि इस कानून का मकसद शिक्षा प्रणाली में जाति आधारित भेदभाव को खत्म करना है। अपने पत्र में राहुल ने भारत रत्न डॉ बीआर आंबेडकर का भी जिक्र किया है। उन्होंने इस बात को भी रेखांकित किया कि किस तरह बाबा साहेब आंबेडकर को भी अपने जीवनकाल में भेदभाव का सामना करना पड़ा था।बकौल राहुल गांधी एक समय लंबी बैलगाड़ी यात्रा के दौरान हुई घटना का बाबा साहेब ने उल्लेख किया है।

राहुल ने अपने पत्र में बाबा साहेब के संस्मरण का जिक्र करते हुए लिखा डॉ आंबेडकर को एक समय बिना भोजन के सोना पड़ा, क्योंकि लोगों ने अछूत मानकर उन्हें पानी देने से इनकार कर दिया। आंबेडकर बताते हैं कि उनके पास पर्याप्त खाना था, भूख भी लगी थी, इसके बावजूद उन्हें भूखे सोना पड़ा।

असर्फी कैंसर संस्थान
Any Type, Any Stage
आयुष्मान भारत एवं मुख्यमंत्री गंभीर बीमारी उपचार योजना के तहत भी सभी प्रकार के कैंसर का ईलाज
Chemotherapy, Radiotherapy, PET CT SCAN, Brachytherapy, Mammography की सुविधाएं उपलब्ध
9297970030
Asarfi Health Educity, Ran[...] PR NO-349815 (IPRD) 25-26

## चतुर्भुजी मंदिर पहुंचे रांची एटीएस के डीएसपी परिजनों संग किये दर्शन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**केतार (गढ़वा) :** प्रखंड स्थित प्रसिद्ध चतुर्भुजी मंदिर में शुक्रवार को रांची एटीएस के डीएसपी राजेश कुमार ने सपरिवार पहुंचकर पूजा-अर्चना की। डीएसपी राजेश कुमार ने मंदिर परिसर में विधिवत पूजा कर मां चतुर्भुज के दर्शन किए और क्षेत्र में सुख-शांति एवं समृद्धि की कामना की। इस दौरान मंदिर प्रबंधन समिति और स्थानीय लोगों ने उनका स्वागत चुंदरी और मंदिर का तस्वीर देकर किया। उन्होंने मंदिर की भव्यता को देख खूब सराहना की इस दौरान स्थानीय लोगों के बीच उत्साह का माहौल देखने को मिला। इस मौके पर मंदिर समिति के हेमंत पाठक रामविचार साहू विनोद प्रसाद सहित अन्य लोग शामिल थे।

## छतरपुर के रूद गांव में दोस्त ने की दोस्त की हत्या, जुआ खेलने दौरान हुई थी झगड़ा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** पलामू जिले के छतरपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत कवल पंचायत के रूद गांव में गुरुवार की देर रात अपने ही दोस्त ने दोस्त की टांगी से काटकर हत्या करने का मामला प्रकाश में आया है। वहीं घटना की सूचना मिलने के बाद शुक्रवार की सुबह करीब 8 बजे छतरपुर थाना की पुलिस घटना स्थल पर पहुंचकर शव को अपने कब्जे में लेकर उसे पोस्टमार्टम के लिए मेदनीराय मेडिकल कॉलेज अस्पताल भेज दिया है।वही इस घटना के बाद पुलिस ने तीन लोगों को पूछताछ के लिए थाना लाया है। मृतक नाबालिक व्यक्ति की पहचान कुलदीप भुइयां के पुत्र कृष्णा भुइयां उर्फ कईला, उम्र 17 के रूप में की गई है। घटना के संबंध में मृतक के परिजनों ने कथित रूप से बताया कि मृतक अपने नाबालिक दोस्त से जुआ खेलता था। और बीते रात्रि में घर के सभी सदस्य किसी शादी समारोह कार्यक्रम में गए हुए थे। वही मृतक अपने नाबालिक दोस्त से घर के पास ही जुआ खेलने लगा। इसी दौरान मृतक अपने दोस्त से जुआ में तीन हजार रुपया जीत लिया और किसी बात को लेकर दोनों के बीच झगड़ा हो गया। वही मृतक के घर में कोई सदस्य नहीं होने के कारण घर में ताला लगा हुआ था। इसी कारण मृतक अपने दोस्त के घर में सोने चला गया। और सो जाने के बाद उसके अपने दोस्त ने ही टांगे से सिर और सीना पर वार कर दी। जिसके कारण उसकी मौत हो गई। और शव को उसके दरवाजे में रख दिया गया। कथित रूप से हत्या के आरोपी नाबालिक व्यक्ति नशा का आदि था।फिलहाल छतरपुर पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। हत्या के हर पहलू की जांच पड़ताल शुरू कर दी है।



## बाल विकास परियोजना पोषण पखवाड़ा का आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद :** बाल विकास परियोजना अंतर्गत कायस्थ मुहलला आगनबाड़ी केंद्र पर शहरी क्षेत्र की सेविकाओं द्वारा पोषण पखवाड़ा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सेविकाओं द्वारा हरा साग सब्जी व अन्न से विभिन्न प्रकार के व्यंजन बनाकर स्टाल लगाकर उपस्थित गर्भवती महिलाओं, धात्री महिलाओं किशोरियों व बच्चों को पोषण से सम्बन्धित जानकारी देकर जन सामान्य में पोषण के प्रति जागरूकता व कुपोषण की समस्या से निजात पाने की टिप्स दी गई। मौके पर महिला पर्यवेक्षिका प्रेमलता कुजूर व कांति देवी ने उपस्थित गर्भवती, धात्री महिलाओं, किशोरियों व बच्चों को पोषण युक्त भोजन, अनीमिया, समय पर टीकाकरण, बच्चों को साबुन से हाथ धुलाकर खाना खाने व केंद्र में बच्चों को स्कूल पूर्व शिक्षा के लिये बच्चों को केंद्र में भेजे। मौके पर सेविका पूनम कुमारी, शैल प्रिया, प्रीति शारदा देवी, दमयंती देवी, जँहाआरा बेगम, जयंती देवी, कुमुद गुप्ता, सुनीता देवी, सावित्री देवी, चंद्रावती देवी रमावती देवी, सहायिका ललिता देवी के अलावा गर्भवती महिलाओं में मेघा कुमारी, प्रीति कुमारी, शाहीन हसन, सविता देवी, धात्री महिलाओं में सोनी कुमारी, आर सी बानो किशोरी खुशबु कुमारी, श्रुति, प्रिया, रिमझीम कुमारी, प्रिंसू कुमारी सहित बड़ी संख्या में बच्चे शामिल हुए।



## स्थानीय विधायक अनन्त प्रताप देव व झामुमो नेता ताहीर अंसारी को पार्टी का केंद्रीय समिति सदस्य बनाये जाने पर कार्यकर्ताओ ने माला पहना कर किया सम्मानित



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** नगर गढ़ परिसर में सगमा प्रखंड के झामुमो कार्यकर्ताओं ने भवनाथपुर विधायक अनन्त प्रताप देव व झामुमो नेता ताहीर अंसारी को पार्टी के 13 वें महाधिवेशन में केंद्रीय समिति सदस्य बनाये जाने पर बाबा बंशीधर की तस्वीर, शॉल ओढ़ाकर तथा माला पहनाकर सम्मानित किया। इस अवसर पर नेताद्वय ने झारखंड मुक्ति मोर्चा के संस्थापक संरक्षक शिबू सोरेन एवं झामुमो अध्यक्ष हेमंत सोरेन के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि पार्टी द्वारा हमलोगों को जो भी दायित्व मिलेगा, हम ईमानदारी पूर्वक उसका निर्वहन करेंगे।सगमा प्रखंड के कार्यकर्ताओं ने विधायक अनन्त प्रताप देव व ताहिर अंसारी को बधाई देते हुये पार्टी के केंद्रीय नेतृत्व के प्रति आभार व्यक्त किया है। मौके पर झामुमो के सगमा प्रखंड अध्यक्ष हरिदास यादव, राहत हुसैन, बसंत पाल, नंदू बैठा, ललन उरांव, राजेश यादव, हीराचंद यादव, गोरख विश्वकर्मा, विजय यादव, राकेश पांडेय, मंगलेश यादव, परमानंद यादव, सुरेंद्र बैठा, मनोज बैठा, जयगोपाल यादव, गणेशी बैठा, सुभाष यादव, हजारी यादव, चंद्रिका यादव, घूरन यादव, बिनोद ठाकुर, अशोक चौबे, लोकेंद्र यादव, अशोक मेहता, अहमद अंसारी, स्वदेशी कुशवाहा,रमेश पासवान सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## वक्फ कानून को वापस लेने के विरोध में हजारों लोग उतरे सड़क पर

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** पलामू वक्फ कानून के विरोध में शुक्रवार को पलामू में हजारों लोग सड़क पर उतरे जो वक्फ कानून को वापस लेने की मांग कर रहे थे. दरअसल पलामू के मेदिनीनगर टाउन में शुक्रवार को अंजुमन इस्लाहुल मुसेलमिन और मुहर्रम इंतेजामिया कमेटी के नेतृत्व में सैकड़ों लोग सड़क पर उतरे. मेदिनीनगर की नूरी मस्जिद से जुलूस निकाला गया था और पलामू समाहरणालय तक गया। समाहरणालय में पलामू डीडीसी को ज्ञापन सौंपा गया. ज्ञापन के माध्यम से वक्फ कानून को वापस लेने की मांग की गई. जुलूस के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और वक्फ कानून दोनों का विरोध किया है. जुलूस में झारखंड सरकार के पूर्व ग्रामीण विकास मंत्री केएन त्रिपाठी भी शामिल हुए. मंत्री ने कहा कि वक्फ कानून के विरोध में मार्च निकाला गया है, यह मार्च शांतिपूर्ण रहे और दूसरे राजनीतिक दल इसका फायदा नहीं उठाएं. इसी वजह से वह मार्च में शामिल हुए हैं। डीडीसी को ज्ञापन देने में जीशान खान, सानू सिद्दीकी, हाजी ललन, मुस्तफा कमाल, मुन्ना खान समेत कई लोग शामिल हुए. प्रदर्शन में शामिल नसीम ने बताया कि वह वक्फ कानून का शांतिपूर्ण तरीके से विरोध कर रहे है. केंद्र सरकार इस कानून को वापस ले. कानून के विरोध में प्रदर्शन को लेकर पुलिस भी अलर्ट पर थी। जुलूस के आगे आगे एसपी राकेश कुमार सिंह, एसडीपीओ मणि भूषण प्रसाद और सदर अंचल अधिकारी अमरजीत मल्होत्रा चल रहे थे और बड़ी संख्या में जवानों को भी तैनात किया गया था. प्रदर्शन से पहले एक फ्लैग मार्च भी निकल गया था।




## एनएच पुल निर्माण कार्य द्वारा छोड़ा गया गड्ढा बन सकता है जानलेवा

**आलोक पांडेय @ प्रभात मंत्र**

**विश्रामपुर (पलामू) :** जिला स्थित भोगु से संखा तक फोर लाइन रोड निर्माण कार्य भारत वाणिज्य कंपनी के द्वारा चल रहा है। लगभग हाईवे रोड कार्य लगे ढाई साल से ऊपर होने को है, फिर भी हाईवे कार्य को देखते हुए पता लगाया जा सकता है कार्य पूर्ण होने में काफी दिन लग सकती है। ऐसे में देखा जाए तो इस रोड से होकर गुजरने वाले चार पहिया वाहन एवं दोपहिया वाहन को काफी कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है, ऐसे में कही-कही रोड संकीर्ण के साथ-साथ कच्ची रोड से होकर बड़ी गाड़ी एवं छोटी गाड़ी को गुजरने पड़ती है, वही काफी संख्या में वाहन को चलने से धूल, मिट्टी उड़ता हुआ दिखाई देती है जिससे इस रोड से होकर गुजरना काफी मुश्किल हो जाती है। अगर पानी की छिड़काव को लेकर कहा जाए तो दिखावा मात्र का कंपनी के द्वारा कभी-कभी पानी की छिड़काव कराई जाती है, फोरलेन रोड के साथ-साथ पुल निर्माण कार्य भी चल रहा है जो अधूरा नजर आएगी हाईवे किनारे लगे ही गड्ढा छोड़ दी गई है जो बड़ी घटना घटने की संकेत दे रही है।



## ट्रैक्टर पलटने से चालक की दर्दनाक मौत



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**केतार (गढ़वा) :** केतार थाना क्षेत्र अंतर्गत राजघाटी में शुक्रवार को एक भीषण सड़क हादसे में ट्रैक्टर चालक की मौके पर ही मौत हो गई। मृतक की पहचान 55 वर्षीय अशोक बैठा के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार, अशोक बैठा नवाडीह गांव निवासी ट्रैक्टर मालिक विक्रमा सिंह के वाहन को चला रहा था। वह राजघाट स्थित पशु शेड पर भूसा पहुंचाकर लौट रहा था, तभी घाटी से उतरते समय ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर खाई में जा पलटा। हादसे के बाद स्थानीय ग्रामीण मौके पर पहुंचे और गंभीर रूप से घायल चालक को बाहर निकालकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भवनाथपुर ले गए, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। अचानक हुई इस घटना से गांव में मातम का माहौल है। परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है, विशेषकर मृतक की पत्नी और दो पुत्र गहरे सदमे में हैं। सूचना मिलते ही केतार थाना की पुलिस टीम घटनास्थल पर पहुंची और जांच में जुट गई। साथ ही उक्त शव को पोस्टमार्टम के लिए गढ़वा भेज दिया गया है। स्थानीय लोगों का कहना है कि राजघाटी मार्ग पर अक्सर इस तरह के हादसे होते रहते हैं, लेकिन प्रशासन की ओर से अब तक कोई स्थायी समाधान नहीं किया गया है।

## जीएन कान्वेंट स्कूल में आग से बचाव का दिया गया प्रशिक्षण

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गढ़वा :** स्थानीय जीएन कान्वेंट स्कूल गढ़वा में अग्निशमन सेवा सप्ताह के अंतर्गत छात्र-छात्राओं को आग से बचाव का प्रशिक्षण दिया गया। 14 से 20 अप्रैल तक चलने वाले अग्नि शमन सेवा सप्ताह अंतर्गत अग्निशमन विभाग के पदाधिकारी मंटु सिंह सहित उनके अन्य सहयोगियों के द्वारा आग से बचाव एवं नियंत्रण के लिए विशेष मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। मौके पर निदेशक मदन प्रसाद केशरी ने इस तरह के प्रशिक्षण के लिए अग्निशमन विभाग को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि यदि सावधान न हो तो आग कभी भी और कहीं भी पकड़ सकता है और जानमाल को क्षति हो सकता है। यदि दैनिक जीवन में सावधानी बरती जाए तो ऐसे आपदा से बचा जा सकता है। वहीं अग्निशमन विभाग के पदाधिकारी ने व्यक्त किया कि आने वाला मौसम सूखा है जिससे लकड़ी, पुवाल, पेट्रोल, डीजल, घर में खाना बनाने के समय उपयोग में आने वाले एलपीजी गैस या इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों आदि दहनशील में अनदेखी होने पर आग लगना स्वाभाविक हो सकता है। उनसे कैसे जल्द से जल्द नियंत्रण व काबू पाया जाए यह आवश्यक हो जाता है।उन्होंने बताया कि आग लगने की स्थिति में प्राथमिक उपाय अग्निशमन यंत्रों की सही उपयोग और उन यंत्रों को समय समय पर जांच एवं रख रखाव आवश्यक है। सभा का संचालन उपप्राचार्य बीके ठाकुर ने जबकि धन्यवाद ज्ञापन शिक्षक कृष्ण कुमार ने की। कार्यक्रम में छात्र, छात्रा, छात्राओं शिक्षक सन्तोष प्रसाद, बीरेंद्र गुप्ता, खुर्शीद आलम, मुकेश भारती, विकास कुमार, ऋषभ कुमार, नीरा शर्मा, शिवानी गुप्ता, सुनीता कुमारी, नीलम केशरी, सरिता दुबे, रागिनी कुमारी, पूजा प्रकाश, ज्योति आदि उपस्थित थे।



## भव्य जल यात्रा निकाली गई



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद :** काजरात नावाडीह में भव्य जल यात्रा निकाली गई। यह जल यात्रा कररवार नदी तट स्थित श्री सूर्य मंदिर प्राण प्रतिष्ठा सह श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ के अनुष्ठान को लेकर गुरुवार को निकाली गई। इसकी शुरुआत सुर्य मंदिर से की गई। विभिन्न गांव होते हुए यात्रा दंगवार सोन नदी पहुंचा। महान संत्र श्रीश्री 1008 श्री घनश्यामाचार्य बालक स्वामी, संत अर्जून दास, यज्ञाचार्य धर्मराज पाण्डेय आदि पुरोहितों के वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ सोन नदी से कलश में जल भरी की गई। पुनः यात्रा सुर्य मंदिर यज्ञ मंडप पहुंच कर संपन्न हुई। इस दौरान हजारों की संख्या में भक्त श्रद्धालु शामिल थे। इसके साथ ही सूर्य मंदिर प्राण प्रतिष्ठा का अनुष्ठान प्रारम्भ हो गया। जो 22 अप्रैल को पूर्णाहुति व महाभंडारा के साथ यह अनुष्ठान संपन्न होगा। विधायक संजय कुमार सिंह यादव ने कहा कि यह अनुष्ठान धार्मिक आस्था, सामाजिक एकता, भाईचारा व सांस्कृतिक परंपराओं को भी सुदृढ़ करता है। पूर्व जिला परिषद उपाध्यक्ष समाजसेवी विनोद कुमार सिंह, यज्ञ समिति के अध्यक्ष राम लखन यादव, उपाध्यक्ष कृष्णा यादव, व्यापार मंडल अध्यक्ष कृष्णा बैठा, पंचायत की मुखिया अनंती देवी, मुखिया विनोद कुमार सिंह, सत्यनारायण सिंह, समाजसेवी बिगन प्रजापति, पंसस सरिता देवी, अरुण सिंह, मुखिया श्रवण राम, जितेंद्र रजक, प्रदीप सिंह, राजकुमारी देवी, शिवशंकर यादव, सुदामा यादव, अमरेंद्र ठाकुर, विजय साव, दिलीप साव समेत हजरोंकी संख्या में महिला-पुरुष भक्त श्रद्धालु मौजूद थे।

### जनता के लिए काम करें सदर प्रखंड विकास पदाधिकारी : रूचिर तिवारी

## आवास योजना के लिए सस्ते दर पर पहले बालू उपलब्ध करावे प्रखंड विकास पदाधिकारी : भाकपा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के जिला सचिव सह पूर्व विधायक उम्मीदवार रूचिर कुमार तिवारी ने सदर प्रखंड के प्रखंड विकास पदाधिकारी के द्वारा आवास योजना, मनरेगा योजना, कूप योजना आदि कार्यो की समीक्षा करने की पहल को सकारात्मक बताया है लेकिन वही श्री तिवारी ने कहा कि आवास योजना में सबसे महत्वपूर्ण सामग्री बालू है जिसका उठाओ आज 1 वर्ष से बंद है जिसके चलते अबुआ अवास, भीमराव अंबेडकर पीएम आवास, कूप निर्माण योजना जैसे कार्य अधर में लटक गया है। जिले में अभी तक सस्ता एवं सुलभ दर पर बालू का उठाव चालू नहीं किया गया केवल एक दो घाट से ही बालू की ढुलाई हो रही है वह भी मंहगा रेट में 4000 प्रति टेलर के माध्यम से बालू बिक रहा है ऐसे में आवास योजना के लाभार्थी इतने महंगे दामों में बालू लेकर डेढ़ लाख में आवास कहां से बना पाएंगे। सर्वप्रथम प्रखंड विकास पदाधिकारी को योजनाओं को क्रियान्वयन करने के लिए सस्ते एवं सुलभ रूप से बालू का उठाव चालू करवाना चाहिए तभी समय रहते आवास योजना एवं विकास संबंधी कार्य पूरा हो पाएगा। उन्होंने कहा कि लाभूके के पैसे की रिकवरी करने की बात कहना सरासर उनके साथ नाइंसाफी है। सदर प्रखंड विकास पदाधिकारी अफसर के रूप में नहीं बल्कि लाभूके के शुभचिंतक के रूप में सदर प्रखंड में काम करें तभी जनता का उनके प्रति बढ़ेगा विश्वास और क्षेत्र का होगा विकास।



## संविधान निर्माता बाबा साहब डॉ. भीम राव अम्बेडकर का 134 वां जयंती समारोह का किया गया आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** जीबोध क्लब महदेइया के तत्वावधान में गुरुवार की शाम संविधान निर्माता बाबा साहब डॉ भीम राव अम्बेडकर जी का 134 वां जयंती समारोह का आयोजन किया गया। विधायक अनन्त प्रताप देव, झामुमो नेता ताहिर अंसारी सहित अन्य लोगों ने बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इसके बाद जयंती समारोह व सांस्कृतिक कार्यक्रम का शुभारंभ विधायक अनन्त प्रताप देव, झामुमो केंद्रीय समिति सदस्य ताहीर अंसारी, पूर्व चेयरमैन शिवधारी राम, कांग्रेस नेता माणिक राम, झामुमो नेत्री किरण देवी ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। इस अवसर पर विधायक अनन्त प्रताप देव ने कहा कि बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर हम सबों के प्रेरणा स्त्रोत हैं।बाबा साहब एक विचारधारा हैं, जो पीढ़ियों को सामाजिक न्याय, समानता और सवैधानिक मूल्यों की सीख देते हैं। उन्होंने आयोजकों के प्रति आभार व्यक्त करते हुये कहा कि महदेइया स्थित इस बाबा साहब मैदान के चारदीवारी का निर्माण के साथ साथ पार्क का भी निर्माण कराया जायेगा ताकि यह स्थान आकर्षण का केंद्र बने। उन्होंने कहा बाबा साहब तीन मूल मंत्र दिये हैं-शिक्षित हो, संगठित हो और संघर्ष करो। उनके इन विचारों को हम सबों को आत्मसात करने की जरूरत है। उन्होंने कहा की आप सभी जहाँ जहाँ बाबा साहब की प्रतिमा लगाना चाहते हैं। आप उसकी सूची दीजिये सारे जगहों पर बाबा साहब का प्रतिमा लगवाया जायेगा।झामुमो केंद्रीय समिति सदस्य ताहीर अंसारी ने कहा कि शिक्षा के बिना समाज को आगे नहीं बढ़ा सकते हैं। उन्होंने कहा कि हम सबों को बाबा साहेब के विचारों को आत्मसात करते हुये समाजिक समरसता, समानता और सवैधानिक मूल्यों की रक्षा का संकल्प लेना चाहिये। उन्होंने कहा कि हमारा देश किसी जाति-धर्म के आधार पर नही बल्कि बाबा साहेब के बनाये संविधान से चलेगा। उन्होंने कहा कि बाबा साहेब का संविधान एवं प्रतिमा हम लोगों को हमेशा एकजुट होकर आगे बढ़ने की प्रेरणा देता है। उन्होंने कहा कि बाबा साहेब पूरे दुनिया के, सभी जाति, धर्म व समाज के लोगों के हैं। समारोह को भाजपा नेता शिवधारी राम, झामुमो जिलाध्यक्ष शम्भू राम, झामुमो नेत्री किरण देवी, झामुमो के पूर्व प्रखंड अध्यक्ष अमर राम, प्रखंड अध्यक्ष अमरनाथ पांडेय, कांग्रेस नेता माणिक राम, पूर्व मुखिया राकेश चौबे, लल्लू राम, राजकुमार यादव, राजनारायण, शम्भू राम सहित अन्य ने सम्बोधित किया। इसके बाद विकास तूफान व भोजपुरी गायिका जयमाला रानी ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर उपस्थित श्रोताओं को खूब झुमाया।




प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा खबर-एक्सप्रेस प्रा0 लि0 3 व 4 ओपोजिट मोरिश फूड कोकर इन्डसट्रियल एरिया, कोकर, रांची से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र राईन मार्केट पहला तल्ला, उर्दू लाइब्रेरी, मेन रोड रांची से प्रकाशित, संपादकीय कार्यालय-2बी दूसरा तल्ला, अनवर अरकेड, विश्वकर्मा मंदिर लेन , मेन रोड, रांची। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय*। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो0 न0 7004121786, 06513571957

# प्रभात मंत्र

e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com




## संक्षिप्त खबरें

### प्रणामी ट्रस्ट् ने निराश्रितों को कराया भोजन

**रांची** : कृष्ण प्रणामी सेवा ट्रस्ट ने मंगल राधिका सदानंद सेवाधाम पुंदाग में शुक्रवार को 37 दिव्यांग निराश्रितों को भोजन कराया गया। अपना घर आश्रम के प्रवक्ता संजय सर्राफ ने बताया कि 26 मार्च से 18 अप्रैल तक 23 दिनों में 3760 निराश्रितों और उनकी देखभाल करने वाले सेवादार साथियों के बीच अन्नपूर्णा सेवा भोजन प्रसाद का वितरण किया गया है। मंगल राधिका सदानंद सेवाधाम में- धीरेंद्र कुवंर, अनिल मुरारका, संजय कुमार,अनीता देवी,रागिनी सिंह, बालकिशन परशुरामपुरिया, अशोक अग्रवाल, धीरज कुमार सहित अन्य, के सौजन्य से प्रसाद का वितरण किया गया। सभी ने ट्रस्ट के सदस्यों के प्रति आभार प्रकट किया और आशीर्वाद दिया।

### मानसिक कुंठा के शिकार हुए सीपी सिंह शहजादा

**रांची** : विधायक सीपी सिंह की ओर से मुसलमानों को जिहादी कहने पर प्रदेश कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष शहजादा अनवर ने आलोचना की है। उन्होंने शुक्रवार को पार्टी के प्रदेश मुख्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता में कहा कि सीपी सिंह ने जानबूझकर मुस्लिम समुदाय को निशाना बनाया है। उन्होंने कहा कि विधायक का बयान को शांति और सद्भाव में विश्वास रखने वालों के खिलाफ है। अनवर ने कहा कि भाजपा को यह स्पष्ट करना चाहिए कि पार्टी इस बयान का समर्थन करते हैं या विरोध। उन्होंने कहा कि यदि विधायक के बयान का समर्थन नहीं करते हैं तो सीपी सिंह पर कार्रवाई करनी चाहिए। उन्होंने पूछा कि भाजपा अपने नेता शाहनवाज हुसैन, मुख्तार अब्बास नकवी, जफर इस्लाम और राज्यपाल मोहम्मद आरिफ खान जैसे लोगों को भी क्या जिहादी समझती है, जिन मुस्लिम स्वतंत्रता सेनानीयों ने देश की आजादी के लिए कुर्बानियां दीं क्या वे सभी जिहादी थे।

# झारखंड के लोगों को अप्रैल में मिली प्रचंड गर्मी से राहत

**काल बैसाखी के कारण इस माह राजधानी रांची सहित राज्य के सभी जिलों में कमोबेश हल्की बारिश, गर्जन, वज्रपात और 30 से 50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चली। इससे राज्य भर में तापमान नियत्रंण में रहा और लोगों को प्रचंड गर्मी नहीं सहना पड़ा।**



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची** : झारखंड के लोगों को अप्रैल में लगभग पूरा माह प्रचंड गर्मी से राहत मिली है। काल बैसाखी के कारण इस माह राजधानी रांची सहित राज्य के सभी जिलों में कमोबेश हल्की बारिश, गर्जन, वज्रपात और 30 से 50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चली। इससे राज्य भर में तापमान नियत्रंण में रहा और लोगों को प्रचंड गर्मी नहीं सहना पड़ा। राज्य भर में औसत तापमान लगभग 35 डिग्री रहा। राज्य के अत्यधिक गर्मी पड़ने वाले जिले पलामू, गढ़वा,पूर्वी सिंहभूम, धनबाद, सिमडेगा, चतरा सहित अन्य जिलों में तापमान इस बार पिछले साल की तुलना में कम रहा। हालांकि उपर्युक्त जिलों में कुछ दिनों के लिए मौसम ने आग उगला। लेकिन अत्यधिक गर्मी पड़ने का सिलसिला मौसम में हुए बदलाव के चलते टूट गया। वहीं मौसम विभाग विभाग के अनुसार 21 अप्रैल तक राज्य के विभिन्न जिलों में गर्जन और वज्रपात तथा 30 से 40 किलोमीटर की गति से तेज हवा चलने की आशंका है। इसे लेकर मौसम विभाग ने यलो अलर्ट जारी किया है। शुक्रवार को रांची में अधिकतम 31.1 डिग्री, जमशेदपुर में 37.7, डालटेनगंज में 39.4, बोकारो में 33.2 और चाईबासा में तापमान 38 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।

# स्पेन, स्वीडन और झारखंड के औद्योगिक फोकस में आसमान जमीन का अंतर : भाजपा



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के यूरोप दौरे पर निशाना साधा है।उन्होंने कहा, यह सिर्फ कैमरा एक्सपोजर और और सैर सपाटे की दृष्टि से किया जा रहा है। ये पूरा दौरा करदाताओं के पैसे का अनावश्यक निवेश है।वे वास्तविकता में पर्यटन के उद्देश्य से स्पेन और स्वीडन का दौरा कर रहे हैं।

स्वीडन और स्पेन में वर्ष 2024 में 13 करोड पर्यटक घूमने आए थे।मुख्यमंत्री जी अपने दल के साथ इस संख्या में इस वर्ष इजाफा करने जा रहे हैं। प्रतुल ने कहा कि झारखंड एक खनन और कृषि प्रधान अर्थव्यवस्था वाला राज्य है। भारत के जीडीपी का लगभग 15त्न हिस्सा कृषि से आता है।देश के साथ झारखंड की बड़ी आबादी रोजगार के लिए प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से कृषि पर आश्रित है। प्रतुल ने कहा कि जबकि स्पेन के जीडीपी का मात्र 2.5त्न हिस्सा कृषि से आता है और स्वीडन का तो सिर्फ 1.7 प्रतिशत जीडीपी का हिस्सा कृषि पर आधारित है। कृषि क्षेत्र में तो झारखंड और भारत इन देशों से कहीं आगे हैं।

प्रतुल ने कहा कि झारखंड में कोयला खदानें, लौह अयस्क खदानें, बॉक्साइट खदानें बड़ी संख्या में है।खनन और कृषि क्षेत्र में निवेश प्रदेश के लिए बहुत महत्वपूर्ण हैं। भारत की खनन टेक्नोलॉजी स्पेन और स्वीडन की तुलना में कहीं ज्यादा उन्नत है। इन दोनों देशों में खनन का कोई बहुत बड़ा इतिहास भी नहीं रहा है। प्रतुल ने कहा कि खनन क्षेत्र में इन देशों से कोई बड़े निवेश या टेक्नोलॉजी ट्रांसफर की अपेक्षा नहीं की जा सकती है।प्रतुल ने कहा स्पेन और स्वीडन अमेरिका के द्वारा 20त्न टैरिफ लगाए जाने के बाद आने वाले गंभीर मंदी की समस्या से निकलने पर फोकस कर रहे हैं। स्पेन की इकोनॉमी का मुख्य आधार टूरिज्म और सर्विस सेक्टर है।जब तक झारखंड का विधि व्यवस्था नहीं सुधरेगा तब तक पर्यटकों की संख्या में वृद्धि नहीं हो सकता।

# डॉ शशिबाला सिंह ने रिम्स निदेशक का पदभार किया ग्रहण



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** निदेशक, रिम्स डॉ शशिबाला सिंह ने पदभार लेने के बाद आभार व्यक्त किया है। डॉ शशिबाला सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, विभागीय मंत्री डॉ. इरफान अंसारी तथा अपर मुख्य सचिव अजय कुमार सिंह के प्रति अपनी ओर से हृदयतल से आभार प्रकट करती हूं। आपने जो विश्वास और उत्तरदायित्व मुझे सौंपा है, मैं उसे पूर्ण निष्ठा, ईमानदारी और समर्पण भाव से निभाने का संकल्प लेती हूं। रिम्स की व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़, पारदर्शी और जनहितकारी बनाने के लिए मैं हर संभव प्रयास करूंगी, ताकि यह संस्थान चिकित्सा सेवा के क्षेत्र में एक नई ऊंचाई तक पहुंचे।

# बदमाशों ने ज्वेलर्स दुकानदार को मारी गोली



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** रांची के रातू थाना क्षेत्र में एक ज्वेलर्स दुकानदार को अज्ञात बदमाशों ने गोली मार दी। गोली लगने के बाद घायल दुकानदार को अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। रातू थाना क्षेत्र के चटकपुर में आकाश ज्वेलर्स के मालिक बसंत कुमार को दुकान में घुसकर अपराधियों ने गोली मारी है। रातू थाना प्रभारी रामनारायण ने बताया कि घटना को लूट के उद्देश से अंजाम दिया गया है या किसी अन्य वजह से इसकी जांच की जा रही है। बदमाशों ने घायल दुकानदार को कंधे में गोली मारी है। घायल दुकानदार बसंत कुमार ने पुलिस को बताया है कि वह अपनी दुकान में बैठे थे। इसी दौरान हथियार लेकर बदमाश दुकान के अंदर आ गए। दुकान में आते ही उन्हें गन प्वाइंट पर लेकर दुकान की तिजोरी को खोलने को कहा। उसने हिम्मत दिखाते हुए विरोध किया। इतने में आसपास के लोग जब इकट्ठा होने लगे तब एक बदमाश ने बसंत कुमार पर फायर कर दिया। फायरिंग में एक गोली बसंत कुमार के कंधे में जा लगी। इसके बाद दोनों मौके से फरार हो गए। ग्रामीण एसपी सुमित अग्रवाल ने बताया कि पूरे मामले की जांच पड़ताल की जा रही है। आसपास के सीसीटीवी फुटेज को खंगाला जा रहा है। अपराधी जल्द पकड़े जाएंगे।

# रांची में ओलावृष्टि के साथ हुई झमाझम बारिश



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** राजधानी रांची में शुक्रवार को ओलावृष्टि के साथ झमाझम बारिश हुई। हालांकि ओलावृष्टि से किसी तरह के नुकसान की सूचना नहीं है। वहीं बारिश होने से रांची और आसपास के इलाकों में मौसम सुहावना हो गया। बारिश और ओलावृष्टि का लोगों ने छत और बालकनी में खडे होकर जमकर लुत्फ उठाया। उल्लेखनीय है कि अप्रैल माह में काल बैशाखी के कारण राज्य के अधिकांश जिलों में बारिश, गर्जन, वज्रपात और तेज हवाएं चल रही हैं। मौसम में हुए परिवर्तन से जहां रबी की फसल को नुकसान हुआ है। साथ ही सब्जियों को भी नुकसान पहुंचा है।

# रांची मैराथन 27 अप्रैल को, सभी तैयारियां पूरी




प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** आत्म प्रकाश योग केन्द्र द्वारा प्रदूषण मुक्त हॉफ ग्रीन रांची मैराथन दिनांक 27 अप्रैल 2025 रविवार को रांची के बिरसा मुंडा फुटबाल स्टेडियम के सामने मोराबादी ग्राउंड से सिद्धु कान्हु पार्क जवाहर नगर, हाटमा , कावेरी स्वीट्स एण्ड रेस्टोरेंट, होटल हॉलिडे होम, होते हुए वापस बिरसा मुंडा फुटबाल स्टेडियम के सामने मोराबादी ग्राउंड में समाप्त होगी इस हॉफ मैराथन में 21,10, 5 और 3 किलोमीटर के कटेगड़ी में होगा जिसमें ग्यारह लाख तक का इनाम दिया जाएगा । इस मैराथन का विव दिनांक 22 अप्रैल 2025 को प्रातः 10 बजे से रात्रि 9 बजे तक होटल ए वी एन ग्रांड महात्मा गांधी मैन रोड रांची से प्राप्त किया जा सकता है, उक्त बातों की जानकारी मैराथन संयोजक आत्म प्रकाश योग केन्द्र के संस्थापक योगगुरु सी ए शशि भूषण कुमार ने बताया कि मैराथन की तैयारी लगभग पूरी हो चुकी है मैराथन में भाग लेने वाले धावकों प्रतिभागियों को किसी प्रकार कीअसुविधा ना हो इसके लिए हर डेढ़ से दो किलोमीटर पर प्वाइंट्स बनाई गई है जिसमें जूस, पानी बोतल, नारंगी केला, टॉफी ग्लूकोज रखा जा रहा है साथ ही जगह जगह मेडिकल टीम और एंबुलेंस को भी मुस्तैद किया जा चुका है। जिसमें मिस्टर वर्ल्ड एवं अभिनेता ठाकुर अनूप सिंह, यूथ आइकॉन बिहारी टारजन राजा यादव, एशियाई चैंपियन डॉक्टर सुनीता गोदारा हमारे मुख्य अतिथि के रूप में भाग ले रहे हैं ।

# हिन्दी साहित्य भारती के अध्यक्ष बने बलराम



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** हिंदी साहित्य भारती की रांची इकाई की बैठक शुक्रवार को रांची लालपुर स्थित, होटल सिटी पैलेस में हुई। बैठक की अध्यक्षता इकाई के अध्यक्ष बलराम पाठक ने किया, जबकि प्रदेश महामंत्री राकेश कुमार मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। बैठक का संचालन संगठन महामंत्री अजय राय ने किया। बैठक में संगठनात्मक मजबूती और आगामी कार्य योजनाओं को लेकर विचार-विमर्श किया गया। इस अवसर पर संगठन का विस्तार करते हुए नई कार्यकारिणी की घोषणा की गई, जिसमें अध्यक्ष के रूप में बलराम पाठक, उपाध्यक्ष- राजेश कुमार, संजय सर्राफ, सुनीता पाठक, संगठन महामंत्री- अजय राय और सुकुमार झा, संयुक्त महामंत्री- पूजा शेखर शुक्ला, निशांत पाठक, अभय कुमार पांडेय सहित अन्य का नाम शामिल है। मौके पर मुख्य अतिथि राकेश कुमार ने कहा कि हिंदी केवल एक भाषा नहीं, बल्कि हमारी सांस्कृतिक चेतना की आत्मा है। साहित्य भारती का कार्य केवल साहित्य तक सीमित नहीं, बल्कि यह एक सांस्कृतिक आंदोलन है जो जन-जन को जोड़ने का कार्य करता है। अध्यक्ष बलराम पाठक ने कहा कि रांची इकाई निरंतर साहित्यिक गतिविधियों में सक्रिय रही है। हमें गर्व है कि हमारी टीम हिंदी के प्रचार-प्रसार के लिए प्रतिबद्धता के साथ आगे बढ़ रही है। बैठक में संगठन महामंत्री अजय ने भी विचार व्यक्त किया।

# फेडरेशन ऑफ झारखण्ड चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज की बैठक सम्पन्न

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** वर्तमान परिवेश में चैंबर को और अधिक सशक्त बनाने तथा इसकी पहुंच जिला से लेकर प्रखंड स्तर तक बढ़ाने के उद्देश्य से फेडरेशन ऑफ झारखण्ड चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज द्वारा अपने संविधान में संशोधन की पहल की जा रही है। सदस्यों की ओर से प्राप्त सुझाव पर चर्चा करते हुए पूर्व अध्यक्ष ललित केडिया और पवन शर्मा की अध्यक्षता में आज चैंबर भवन में संपन्न हुई । 28 अप्रैल को होनेवाली कार्यसमिति की बैठक में सदस्यों की ओर से प्राप्त सुझावों पर चर्चा कर, ईओजीएम की तिथि का निर्धारण किया जायेगा। ईओजीएम के माध्यम से संविधान संशोधन को सदस्यों की सहमति से अंतिम रूप दिया जायेगा। संविधान संशोधन में मुख्यतः कार्यकारिणी समिति/क्षेत्रीय उपाध्यक्ष का चुनाव राज्य के प्रत्येक प्रमंडलों में कराने, क्षेत्रीय प्रमंडलों को सशक्त करने के लिए हर एक नियमित अंतराल पर क्षेत्रीय अधिवेशन की अनिवार्यता करने, वार्षिक आमसभा के अलावा सत्र आरंभ से आगामी छह माह में अर्द्धवार्षिक आमसभा का आयोजन करने, उप समितियों की बढ़ती हुई संख्या को सीमित करने के अलावा चैंबर को आर्थिक रूप से कैसे सशक्त बनाया जा सके, से जुड़े बिंदु शामिल हैं।

पूर्व अध्यक्ष व संविधान कमिटी के चेयरमेन ललित केडिया और पवन शर्मा ने संयुक्त रूप से कहा कि बदलती परिस्थितियों और आवश्यकता के अनुसार चैंबर के संविधान में पूर्व में भी संशोधन हुए हैं। बैठक में चैंबर उपाध्यक्ष राहुल साबू, ज्योति कुमारी, महासचिव आदित्य मल्होत्रा, कोषाध्यक्ष रोहित अग्रवाल, कार्यकारिणी सदस्य डॉ. अभिषेक रामाधीन उपस्थित थे। उक्त जानकारी प्रवक्ता सुनिल सरावगी ने दी।

# लोकल भाषा को देश भर में पहुंचाने वाले युट्यूबर अशफ़ाक उल्लाह का निधन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** अरे तुम लोग भोटर कड़्वा बनाइला कि नैय,भोटर कड़्वा नयै बनताउ तो भोटवा कैसे देबा , सब जगह भोटर कारड बन रहउ और तुम लोग हींया सुतला राहा, बताओ तो रांची में रहकर अगर तुम लोग हिंया नए अइला नयै घूमला तो बेकार हउ रांची में, इ हउ रांची के लैला के आंसू, लग रहउ आजे आगजा हउ........, ये साधरण आम बोलचाल वाली भाषा में जो आवाज है डोरंडा थाना क्षेत्र के मरकाजी मस्जिद के नजदीक रहने वाले अशफ़ाकउल्लह की । ये वही अशफाकउल्लह है जो रांची की स्थानीय भाषा में मेडी लिप्स से टिकटॉक तक में धमाल मचा दिया था। कोरोना संक्रमणकाल में लॉकडाउन लग गया था , लोग अपने घरों में बंद थे, ऐसे में अगर दिल बहलाने का अगर कोई साधन था तो टिक टॉक था, और उस टिकटॉक में रांची के रहने वाले अशफ़ाकउल्लह की स्थानीय भाषा जो रांची के स्थानीय बोल चाल वाली साधरण आवाज में थी वह असाधारण बनकर न सिर्फ रांची, झारखंड बल्कि देश भर में धूम मचा दिया था। उन्होंने लोकसभा चुनाव के दौरान अशफ़ाकउल्लह की रांची की बोली जाने वाली इस आवाज को मतदाता जागरूकता अभियान के प्रचार प्रसार में इस्तेमाल भी किया था, जिसके लिए काफी प्रशंसा भी मिली थी।

आज अशफ़ाकउल्ला हम लोगों के बीच में नहीं रहा। आज से करीब 5 दिन पहले अचानक उसे ब्रेन हेमरेज हुआ था। परिजनों ने उन्हें गुरु नानक अस्पताल में भर्ती कराया था स्थिति में सुधार न होते देख क्रिस्टा अस्पताल ले गया, लेकिन पैसे के अधिक खर्च होने के बावजूद स्वास्थ्य में ना सुधर होते देख हार मानकर रिम्स अस्पताल में भर्ती कर दिया, जहां 18 अप्रैल 2025 को शुक्रवार के दिन उसका इंतकाल हो गया। उसके निधन से अक्की अली (Akiiali )युटुब से जुड़े हजारों श्रोताओं, दर्शकों,प्रशंसकों को अशफ़ाकउल्लह की निधन की खबर मिलते ही शोक की लहर दौड़ गई। अशफ़ाकउल्लह अविभाजित बिहार के समय रांची के नगर निगम के पहले डिप्टी मेयर रहे मोहम्मद जैनुल के रिश्ते में भतीजा लगता था। अशफ़ाकउल्ला पूर्व डिप्टी मेयर स्व जैनुल के भाई स्व एनुल का और मां सलमा खातून का बेटा था। अशफ़ाकउल्ला तीन भाई, एक बहन है, जिसमें एक भाई की मृत्यु बहुत पहले हो चुकी थी, फिर अशफ़ाकउल्ला का निधन हो गया। अब एक भाई, एक बहन और मां बची है। अशफ़ाकउल्लह बिरसा चौक स्थित लोयोला कन्वेंट स्कूल से मैट्रिक की परीक्षा पास किया था और इसके बाद गोस्सनर कॉलेज से ग्रेजुएशन तक की पढ़ाई की। इसके बाद छोटे-मोटे काम धाम करते-करते हुए मरकजी मस्जिद के पास ही कपड़े की दुकान चलाने लगा। इसी दौरान 2019 के आसपास टिकटॉक में रांची के आम बोलचाल वाली भाषा की आवाज देने लगा और इस दौरान उन्होंने टिक टॉक में अक्की अली नाम से यूट्यूब चैनल खोल लिया। फिर क्या था वह धीरे-धीरे अपनी आवाज को अपने दोस्त के साथ मिलकर डालने लगा। इसकी आवाज को मैड लिप्स टिकटॉक में भी आवाज लिया जाने लगा और यह काफी मशहूर भी हो गया, लेकिन अचानक उसका ब्रेन हेमरेज हुआ और फिर होश में नहीं आया। उसका भाई शाकिर के मुताबिक व बेड से गिर गया था और फिर उसे सिर में चोट लगी और होश में नहीं आया , उसे अस्पताल ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान 5 दिन के बाद उसका निधन हो गया। डोरंडा कब्रिस्तान में शनिवार को जोहर बाद मिट्टी की जाएगी।

# मरांडी ने रिम्स निदेशक की बर्खास्तगी को लेकर सरकार पर बोला हमला



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची** : भाजपा प्रदेश अध्यक्ष और नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने रिम्स निदेशक की बर्खास्तगी को लेकर प्रदेश सरकार पर हमला बोला है।

मरांडी ने शुक्रवार को सोशल मीडिया एक्स पर दावा करते हुए कहा कि विगत दिनों हुई रिम्स शासी परिषद की बैठक में स्वास्थ्य मंत्री और विभागीय अधिकारियों के भ्रष्टाचार का विरोध करने तथा अनुचित भुगतान के आदेश को न मानने के कारण डॉ. राजकुमार को रिम्स निदेशक पद से हटाया जाना अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है। बाबूलाल ने कहा कि जानकारी मिली है कि शासी परिषद की हालिया बैठक में निजी डायग्नोस्टिक केंद्रों को बिना किसी अनुबंध के करोड़ों रुपये का भुगतान करने का दबाव स्वयं स्वास्थ्य मंत्री और विभागीय सचिव की ओर से रिम्स निदेशक पर डाला जा रहा था। इस दौरान विभागीय सचिव ने शासी परिषद की गरिमा को भी ठेस पहुंचाने की कोशिश की। अनुचित भुगतान का दवाब नहीं मानने के साथ ही निदेशक ने उस बैठक में अपने इस्तीफा तक दे देने की बात कह दी थी। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि अब सरकार ने रिम्स निदेशक को पद से हटाकर अपनी मंशा स्पष्ट कर दी है कि रिम्स में भ्रष्टाचार का खेल यूं ही चलता रहेगा। इससे पहले मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के पिछले कार्यकाल में भी अनुचित दवाब नहीं मानने के चलते रिम्स के कई निदेशकों को समय पूर्व इस्तीफा देकर यहां से जाना पड़ा। यदि सरकार को गवर्निंग बॉडी की सलाह नहीं माननी, तो फिर औपचारिकता की बैठक करने से बेहतर इसे भंग कर देना ही उचित होगा। उन्होंने कहा कि अत्यंत दुखद है कि हेमंत सोरेन ने राज्य के सबसे बड़े सरकारी अस्पताल रिम्स को अपने संगठित भ्रष्टाचार का केन्द्र बना दिया है।

# रांची के बीएसएनएल ऑफिस में देर रात लगी आग



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** रांची के कोतवाली थाना क्षेत्र के शहीद चौक स्थित बीएसएनएल ऑफिस में गुरुवार की देर रात भीषण आग लग गयी। आग भवन के ग्राउंड फ्लोर पर लगी, जिससे क्षेत्र में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, गुरुवार देर रात करीब 11 बजे बीएसएनएल ऑफिस से धुआं निकलते देखा गया। इसके बाद कुछ ही देर में आग की लपटें उठने लगीं। सूचना मिलते ही स्थानीय लोग, कोतवाली थाना पुलिस और अग्निशमन विभाग की टीम मौके पर पहुंची। दमकल की तीन गाड़ियों ने आग बुझाने की कोशिश की और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया, जिससे बड़ा हादसा टल गया। फिलहाल इस अगलगी से हुए नुकसान का आकलन किया जा रहा है। प्रारंभिक जांच में आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है। अगर समय रहते आग पर काबू नहीं पाया जाता, तो भवन को भारी क्षति हो सकती थी। हालांकि इस आग लगी में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। कोतवाली थाना प्रभारी आदिकांत महतो ने शुक्रवार को बताया कि गुरुवार देर रात आग लगी थी।आग को फायर ब्रिगेड के सहयोग से बुझा लिया गया है। अगलगी में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है।

## घरेलू बिजली कनेक्शन के लिए उपभोक्ता कर सकते ऑनलाइन आवेदन : एसडीओ

**सिल्ली (प्रभात मंत्र संवाददाता):** बिजली के नये कनेक्शन को लेकर मिल रही शिकायत पर विभाग के सहायक विद्युत अभियंता आलोक कुमार ने कहा है कि सिल्ली मुरी आसपास के उपभोक्ता घरेलू बिजली कनेक्शन घर बैठे ऑनलाइन कर सकते हैं एवं उन्हें इसके लिए मोटी रकम देने की आवश्यकता नहीं है। महज 1 हजार रुपए जमा करऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं । घरेलू बिजली कनेक्शन के लिए आवेदन करने से पहले अपने स्थानीय बिजली विभाग से आवश्यक दस्तावेज की जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। वहीं उन्होंने कहा कि उपभोक्ता किसी भी तरह का अनावश्यक रकम किसी को भी ना दे। क्षेत्र में इन दिनों उपभोक्ताओं से डिजिटल मीटर लगाए लगाने के नाम पर पैसे लेने का भी उपभोक्ताओं ने शिकायत किया है। सरकार एवं विभाग की ओर से डिजिटल मीटर में किसी भी तरह रकम नहीं लेने के निर्देश के बावजूद मीटर लगाने की रकम ली जा रही है। उपभोक्ताओं ने विभाग के अधिकारियों से इस विषय पर जांच कर कार्रवाई की मांग की है।

## भाजपा नेत्री आरती कुजूर ने गांव का भ्रमण कर स्थिति का जायजा लिया



**नामकुम(प्रभात मंत्र संवाददाता):** भाजपा नेत्री आरती कुजूर अपने सहयोगियों साथियों के साथ नामकुम प्रखंड के खिजरी, टूम्बागुटू, करमटोली, लोधमा, मरियातु, चंदाघासी, लालखटांगा, कोचबोंग, तेतरी, दाहूटोली, बड़गांवा , पलांडू इत्यादि गांवों का भ्रमण कर ओला वृष्टि से खपरैल व एस्बेस्टस के घर का छत टूटा स्थिति का जायजा लिया।इस पर उन्होंने सरकार व प्रशासन से मांग की है त्वरित कार्रवाई करते हुए क्षतिपूर्ति दिया जाए। ताकि रहने की सुविधा हो सके।

## पानी का पाइप फटा जलापूर्ति ठप

**सिल्ली(प्रभात मंत्र संवाददाता):** मुरी स्वर्णरखा नदी के समीप पानी का पाइप फट जाने से मुरी आस पास क्षेत्र में जलापूर्ति ठप हो गई है। मुरी शहरी जलापूर्ति योजना मुरी टुंगरी का देखरेख कर रहे तुलसी महतो ने बताया कि स्वर्णरेखा नदी से मुरी टुंगरी के पानी टंकी में आने वाले सप्लाई पानी का पाइप क्षतिग्रस्त होने के कारण पानी टंकी तक नहीं पहुंच पा रहा है। जिसमे आसपास इलाके के उपभोक्ताओं को पाइप मरमती के बाद ही पानी मिल पाएगा। इसकी सूचना विभाग के अभियंता एवं संवेदक को दे दिया गया है। जल्द जल्द इसे मरम्मत कर लिया जाएगा।



## डीसी की अध्यक्षता में हुई सड़क सुरक्षा समिति की बैठक

**पाकुड़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** उपायुक्त मनीष कुमार ने सड़क सुरक्षा समिति की बैठक की। उपायुक्त ने सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम, यातायात प्रबंधन व सड़क सुरक्षा को लेकर चर्चा की।उपायुक्त मनीष कुमार ने कहा कि यातायात नियमों का पालन कराने के लिए नियमित वाहन जांच अभियान चलाने, हिट एंड रन जैसी घटनाओं पर रोकथाम करने का निर्देश दिया। हिट एंड रन के पीड़ित परिवार को समय पर मुआवजा प्रदान करने के लिए भी कहा। नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहनों पर ई-पॉस के माध्यम से निर्गत किये गये चालान की राशि उल्लंघन करने वाले वाहन स्वामी,चालक के द्वारा जमा नही किया जा रहा है वैसे वाहन स्वामी,चालक को नियम संगत कदम उठाकर बकाया राशि का भुगतान कराने की प्रकिया में तेजी लाई जाय एवं ऐसे वाहन स्वामी,चालक जो बकाया दण्ड की राशि का भुगतान नहीं कर रहे है। ऐसे वाहनों को चिन्हित कर काली सूची में दर्ज करने के साथ अन्य आवश्यक कार्रवाई करने की प्रकिया में तेजी लाई जाय। जिला अंतर्गत सभी सरकारी कार्यालयों से पुनः समन्वय स्थापित करे तथा उनके कार्यालय में अगर कोई सरकारी वाहन उपलब्ध है जो चलने की स्थिति में नही है वैसे वाहनों की सूची एवं वाहन से संबंधित सभी दस्तावेज को जिला परिवहन कार्यालय पाकुड़ को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेगें, ताकि संबंधित वाहन की निलामी कराने की प्रकिया में तेजी लाई जा सके।पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार ने कहा कि प्रतिदिन सघन वाहन जाँच अभियान चलाने का निर्देश दिया। जिला अंतर्गत सभी सड़क मार्गो पर परिचालित होने वाले ट्रक, हाईवा, ट्रेक्टर एवं अन्य व्यवसायिक वाहनों पर परिवहन विभाग के नियमानुसार अतिरिक्त रूप से किसी प्रकार लोहा एंगल, पटरा एवं अन्य लगा नही होना चाहिये। नियमों का उल्लंघन करने वाले तथा ऐसा वाहन परिवहन करने वाले वाहन स्वामी एवं चालकों के उपर कठोर दण्डात्मक कार्रवाई की जाए। सड़क किनारे नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहनों को टो-व्हीक्ल से टो करके संबंधित थाना को सुपूर्द करने के साथ नियम संगत कठोर कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया।

## ईसाईयों ने गुड फ्राइडे पर्व मनाया

**पाकुड़िया (प्रभात मंत्र संवाददाता):** ईसाई धर्मावलंबियों द्वारा पवित्र शुक्रवार को प्रखंड के गिरजाघरों में गुड फ्राइडे का त्योहार मनाया गया । गुड फ्राइडे ईसाई धर्म के लोगों द्वारा मनाया जाने वाला त?योहार है,जिसका नाम सुनने से लगता है कि यह कोई जश?न होगा।लेकिन ऐसा नहीं है।गुड फ्राइडे को शोक दिवस के तौर पर मनाया जाता है।कहते हैं जब यहूदी शासकों ने ईसा मसीह को तमाम शारीरिक और मानसिक यातनाएं देने के बाद जब सूली पर चढ़ाया था तो उस दिन शुक्रवार था। चूंकि ईसा मसीह ने मानव जाति के लिए हंसते-हंसते अपना जीवन कुर्बान कर दिया, इसलिए इस शुक्रवार को ईसाई धर्म के लोग 'गुड फ्राइडे' के रूप में मनाते हैं।इस दिन को धर्मावलंबी ब्रत , उपवास , संयम एवं संकल्प के रूप में मनाते हैं।इसी दिन प्रभु यीशु ने समस्त मानव जाति को पापों से मुक्ति दिलाने हेतु अपने प्राण त्याग दिये थे । फ्राइडे पर ईसाई समुदाय के सभी लोग अपने परिजनों संग चर्च पहुंचकर फादर की अगुवाई में प्रभु के सात अमृत वचनों का स्मरण किया साथ ही प्रार्थना भी की।चर्च में प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया।इधर प्रखंड के बेलपहाड़ी मिशन स्थित चर्च , बसेतकुंडी चर्च,सपादाहा,हरिपुर चर्च आदि में भी गुड फ्राइडे शोक पर्व के रुप में मनाया गया जिसमें हजारों की संख्या में महिला एवं पुरूष शामिल थे ।

# पुण्य शुक्रवार अर्थात गुड फ्राइडे पर मसीहियों ने निकाली क्रूस यात्रा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खलारी :** खलारी के शांतिनगर चर्च में पुण्य शुक्रवार अर्थात गुड फ्राइडे के अवसर पर क्रूस यात्रा निकाली गयी. कार्यक्रम की शुरूआत में प्रभु यीशु को सूली पर चढ़ाए जाने की घटना को सांकेतिक रूप में प्रस्तुत करते हुए ईसा मसीह द्वारा क्रूस को ढोकर चौदह स्थानों पर ले जाया गया. इस दौरान प्रभु यीशु को कोड़ों की यातनाएं को दर्शाया गया.बारी-बारी से चौदहों स्थान पर पूजा अराधना किया गया. इसके बाद फादर अरथर की अगुवाई में फादर हेलारियुस तिग्गा व फादर ऑस्कर टोप्पो द्वारा चर्च में मिस्सा पूजा कराया गया. साथही सभी मसीही विश्वासीयों के द्वारा क्रूस उपासना और क्रूस का चुम्बन किया गया. फादर अरथर ने अपने संदेश में कहा कि मसीही हमारे लिए क्रूस के मरण तक आज्ञाकारी बनें, इसलिए ईश्वर ने उनको महान बना दिया है और उनको वह नाम प्रदान किया है, जो सभी नामों में श्रेष्ठ है. उन्होंने कहा कि हे सर्वशक्तिमान सदा जीवंत ईश्वर तूने अपने ख्रीस्त की धन्य, मृत्यु और पुनरुत्थान द्वारा हमें नवजीवन प्रदान किया है, इस दया रूप कार्य का फल हम में सुरक्षित रहे.

इस संस्कार में सहभागी होकर हम आजीवन तेरी सेवा में तत्पर रहें.अंत में उन्होंने कहा कि गुड फ्राइडे के दिन हमें यही संदेश देता है कि हम आदर्श जीवन का चुनाव करें. क्रूस रास्ता का कार्यक्रम ख्रीस्त राजा चर्च खलारी के यूथ सदस्यों ने किया. शनिवार रात पास्का जागरण और रविवार को ईस्टर मनाया जाएगा. मौके पर मसीही विश्वासियों द्वारा मसीही गीत गाए गए. खलारी चर्च में नरेश करमाली, अमित तिर्की, प्रदीप कुजुर, रोबिन एक्का, चार्ल्स पेंटोनी, प्रकाश टोप्पो, अनुराग टोप्पो, आदित्य कुजूर, समीर मिंज, सुषमा कच्छप, नेली तिर्की, नेहा तिग्गा, सुनील तिर्की, विनोद टोप्पो, प्रिया खलखो, उजाला लकड़ा, जोयसी कुजूर, संगीता टोप्पो, पॉल खलखो, रूमीला रुण्डा, इनोसेंट कुजूर, प्रकाश कुजूर, ज्ञान कुजूर, सी कुजूर, पारस खलखो, गाजो रुण्डा, जेवियर तिग्गा, पीटर तिग्गा, रोहित मैथ्यु, दीपक टोप्पो, विनीता टोप्पो, तेरेसा कुजूर, तेरेसा तिग्गा, सिस्टर निर्मला सामुएल, सिस्टर दिव्या, सिस्टर नेली, सिस्टर ओलिश उपस्थित थे.



## वक्फ अधिनियम 2025 को रद्द करने की मांग को लेकर जनसंपर्क अभियान

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मांडर :** वक्फ अधिनियम 2025 को रद्द करने की मांग को लेकर मुड़मा मैदान रविवार 20 अप्रैल 2025 को एक कांफ्रेंस रखा गया है। इसके लिए सघन जनसंपर्क अभियान के तहत गुरुवार को बुढ़मू प्रखंड के चकमे, मतवे, बूढ़ा खुखरा, मांडर प्रखंड के झिंझरी, कनभीठा, गोरे, बरटोली ,टांगर बसली ,नवाटाड, बूढ़ा खुखरा, कंजिया एवं माडर सहित करगे, मलती, अंबा टोली, हेसल घुघरी समेत कई गांव में दौरा कर जनसंपर्क किया गया। इस काला कानून को रद्द करने की मांग को लेकर आयोजित विरोध प्रदर्शन में भाग लेने का अपील किया गया। सभी धर्मनिरपेक्ष पार्टियों एवं भारत की जनता यह मानती है कि वक्फ अधिनियम 2025 भारत के संविधान के लिए एवं विशेष कर मुस्लिम समुदाय के लिए एक काला कानून है। ये कानून धार्मिक, सामाजिक, संविधान में प्रदत मौलिक अधिकार, समानता के अधिकार का भी उल्लंघन है। जिसका सभी स्तरों पर विरोध होना चाहिए। विरोध का गूंज भारत सरकार प्रधानमंत्री और गृह मंत्री तक पहुंचना चाहिए। इस कानून के लागू होने से मस्जिद, मदरसा, ईदगाह, खानकाह, कब्रिस्तान सहित कई इबादतगाहे एवं वक्फ की जमीन सरकार के हाथों में चली जाएगी और सरकार अपने पूंजीपति मित्रो को ये जमीन कौड़ियों के भाव लुटाएगी। इस अभियान में झारखंड तंजीम के केंद्रीय प्रवक्ता शाकीर इस्लाही ,ऑल इंडिया मोमिन कॉन्फ्रेंस के रांची जिला अध्यक्ष शमीम अख्तर आजाद, समाजसेवी इरशाद इमाम समेत काफी तादाद में लोग मौजूद थे।

## भाजपा द्वारा रांची में आयोजित आक्रोश प्रदर्शन में शामिल हुए सिल्ली मंडल के सदस्य



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिल्ली :** भाजपा द्वारा रांची में आयोजित आक्रोश मार्च मे सिल्ली मंडल के कार्यकर्ता भी शामिल हुए। सिल्ली मंडल अध्यक्ष ने इसकी जानकारी देते हुए बताया कि मंत्री हफीजुल हसन के संविधान विरोधी बयान के खिलाफ भाजपा के रांची महानगर जिला एवं ग्रामीण जिला के संयुक्त तत्वावधान में गुरुवार को आक्रोश रैली का आयोजन किया गया। जिसमें जिला स्कूल परिसर से राजभवन तक पैदल मार्च निकाला गया। जहां महामहिम राज्यपाल को एक ज्ञापन सौंपा गया। वहीं उन्होंने कहा जब तक मंत्री को उनके संवैधानिक पद से बर्खास्त नहीं किया जाता है, तब तक भाजपा द्वारा विरोध प्रदर्शन जारी रहेगा। सड़क से लेकर सदन तक हम इस मामले का विरोध करेंगे। कार्यक्रम में सिल्ली मंडल के सुधीर साहू, शिबू हजाम, सुभाष महतो, समीर महतो, कालीचरण गोराइं, श्रीराम महतो, सत्यनारायण सिंह, हरेन प्रमाणिक समेत कई कार्यकर्ता शामिल थे।

## पारंपरिक व रीति रिवाज के साथ मनाया गया गुड फ्राइडे

**इटकी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड क्षेत्र में गुड फ्राइडे का त्यौहार शुक्रवार को पारंपरिक रीति-रिवाज के साथ मनाया गया। मौके पर प्रभु यीशु मसीह के बलिदान को याद करते हुए चर्चो में विशेष प्रार्थना सभा हुई। मानव कल्याण के लिए, क्रूस पर लटके यीशु के सात उपदेशों की चर्चा की गयी। क्षेत्र के मुख्य सीएनआई चर्च में आयोजित विशेष प्रार्थना सभा में चर्च के मुख्य पादरी एन कंडूलना ने प्रभु यीशु के सात उपदेशों को अपने जीवन में आत्मसात किये जाने की आवश्यकता जतायी। आराधना सभा में सहायक पादरी सहित काफी संख्या में मसीही समुदाय के लोग शामिल थे। इधर महुआ टोली व रानीखटगां स्थिति एनडबल्यूजीईएल चर्च में भी विशेष आराधना सभा हुई।

## जुम्मे की नमाज के बाद वक्फ अधिनियम 2025 को रद्द करने की मांग को लेकर विरोध प्रदर्शन




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मांडर :** मांडर प्रखंड अंतर्गत ब्राम्बे में मुस्लिम समुदाय के द्वारा जुम्मे की नमाज के बाद सड़क में निकलकर वक्फ अधिनियम 2025 को रद्द करने की मांग को लेकर विरोध प्रदर्शन किया। वहीं मुड़मा मैदान में रविवार 20 अप्रैल 2025 को इस काला कानून को रद्द करने की मांग को लेकर आयोजित विरोध प्रदर्शन में भाग लेने का अपील किया गया। इस दौरान ब्राम्बे सदर आफताब आलम ने कहा कि सभी धर्मनिरपेक्ष पार्टियों एवं भारत की जनता यह मानती है कि वक्फ अधिनियम 2025 भारत के संविधान के लिए एवं विशेष कर मुस्लिम समुदाय के लिए एक काला कानून है। ये कानून धार्मिक, सामाजिक, संविधान में प्रदत मौलिक अधिकार, समानता के अधिकार का भी उल्लंघन है। जिसका सभी स्तरों पर विरोध होना चाहिए।

## वक्फ कानून के विरोध में मदरसा चौक में 26 अप्रैल को होने वाले विरोध सभा को लेकर बैठक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चान्हो :** चान्हो प्रखंड के बलसोकरा इस्थित मदरसा चौक में शुक्रवार दोपहर 3 बजे से मुत्ताहिदा ओलमा मिल्ली काउंसिल और कई अंजुमन कमेटयों की अगुवाई में 26 अप्रैल को वक़्फ़ कानून 2025 के विरोध विरोध सभा को लेकर एक बैठक की गई। बैठक की अध्यक्षता मौलाना अब्दुल क़य्यूम के द्वारा किया गया ।इस दौरान डॉ जाहिद इक़बाल ने कहा कि पूरे देश में वक्त कानून में बदलाव को लेकर मुसलमान के साथ-साथ का ए सामाजिक संगठन के लोग भी सड़कों पर उतरकर विरोध कर रहे हैं झारखंड में भी इसका असर दिखने लगा है 26 अप्रैल को होने वाले विरोध सभा में शामिल होने की अपील लोगों से की जा रही है उसकी तैयारी को लेकर आज बैठक हुई थी कई मुद्दों पर चर्चा हुई है इस मौके पर रहमतुल्लाह अंसारी हाफिज अबुल कलाम हाफ़िज़ अब्दुल अजीज मुफ़्ती इम्तियाज़ अफ़रोज़ अंसारी मिस्टर महबूब आलम हलीम नौशाद अबु तलहा जाकी अहमद सहित कई लोग उपस्थित थे।



## वक्फ अधिनियम के विरोध में ईरबा में मानव शृंखला बनाई

**ओरमांझी :** प्रखंड क्षेत्र स्थित ईरबा के मरकजी अंजुमन सोसाइटी ईरबा के सदर इम्तियाज ओहदार के नेतृत्व में वक्फ अधिनियम 2025 के विरोध में शुक्रवार को ईरबा मदरसा से मेदांता हॉस्पिटल तक मानव शृंखला बनाकर विरोध किया गया। मानव शृंखला में ईरबा,मस्जिद टोली करमा,चकला, बरवे, बसाती,हेसल सहित आसपास के गांव से हजारों की संख्या में महिला पुरूष शामिल हुए। सभी ने एक स्वर में वक्फ अधिनियम 2025 का विरोध किया। सभी के हाथ में वक्फ हमारा संवैधानिक अधिकार है, वक्फ संशोधन अधिनियम रद्द करो, हमारा संवैधानिक अधिकार मत छीनो, वक्फ अधिनियम हमें मंजूर नहीं की तख्ती लेकर मानव शृंखला में शामिल हुए। कार्यक्रम में ईरबा कमेटी के सदर इम्तियाज ओहदार ने कहा कि वक्फ हमारा धार्मिक मामला है इसे राजनीतिक रंग देने की कोशिश की गई है। वक्फ की संपत्ति का उपयोग गरीब और यतीम परिवार के मुस्लिमों के लिए होता है और इसमें सरकार गैर मुस्लिम अधिकारी का दखल बर्दाश्त नहीं होगा। मौके पर उप प्रमुख रिजवान अंसारी,सामाजिक एकता मंच के अध्यक्ष शाकिर अंसारी,रूस्तम अंसारी, सचिव अरशद अंसारी,नौजवान अंजुमन कमेटी के सदर नईम अंसारी उर्फ इमायू सत्तार अंसारी, रहीम अंसारी, तौहीद आलम, शकील अहमद अंसारी, सरफराज शहीदी,तौसीफ आलम, साजिद अंसारी, मुस्तफा अंसारी,हैदर अली सहित हजारों की संख्या में महिला-पुरुष शामिल थे।



## ईचाडीह-बाबूडीह में तीन दिवसीय हरिनाम संकीर्तन का आयोजन, कल्याण चंद्र सिंह हुए शामिल



**ईचागढ़ (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** कुकरू प्रखंड के ईचाडीह टोला के बाबूडीह गांव में तीन दिवसीय हरि नाम संकीर्तन का आयोजन उत्साहपूर्वक संपन्न हुआ। गांव के सभी लोगों ने मिलकर इस धार्मिक कार्यक्रम को सफल बनाया। आज आयोजित जागरण में राज परिवार के सदस्य कल्याण चंद्र सिंह मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। दूर-दराज़ से छह कीर्तन मंडलियाँ शामिल हुईं, गांव की महिलाएं और बुजुर्ग भी बड़ी संख्या में मौजूद थीं। इसका आयोजन में मुख्य रूप जितेंद्र सिंह, पिंटू लालमोहन, हिमांशु, मिहिर गोप, परीक्षित गोप, सुभाष गोप, बाबू आदि योगदान रहा।

## चुनाशाह बाबा उर्स : नातख्वानी और तक़रीर से गूंजा दरगाह परिसर, चादर पोशी आज



**जमशेदपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** बिष्टुपुर स्थित हज़रत बादशाह अब्दुर्रहीम उर्फ़ चुनाशाह बाबा के 56वें उर्स शरीफ के दूसरे दिन आज अकीदतमंदों की बड़ी भीड़ उमड़ी। सुबह से ही जायरीन ने दरगाह में चादर पेश कर दुआएं मांगी। नमाज़-ए-ईशा के बाद आयोजित कार्यक्रम में कोलकाता के मौलाना जहीर वारसी मिस्बाही ने तक़रीर पेश की। साथ ही सोहरा ए कराम और नातख्वानी ने माहौल को रूहानी बना दिया। मुख्य कार्यक्रम कल 19 अप्रैल को होंगे, जिसमें सुबह 10 बजे संदल गस्त, 1:20 बजे चादरपोशी, 2 बजे लंगर और रात 9 बजे महफिल-ए-शमा (कव्वाली) का आयोजन किया जाएगा। पूरे आयोजन में दरगाह कमेटी के सदस्य दिनभर सक्रिय भूमिका निभाते नजर आए।

## केरल कैथोलिक एसोसिएशन द्वारा गुड फाइडे सेवा का आयोजन



**जमशेदपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता) ।** केरल कैथोलिक एसोसिएशन द्वारा गुड फ्राइडे के अवसर पर दिव्य ज्योति रिट्रीट सेंटर, सुंदरनगर में विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। सिरो मलाबार परंपरा के अनुसार आयोजित इस सेवा में 100 से अधिक श्रद्धालुओं ने भाग लिया। प्रार्थना सभा का नेतृत्व फादर सेबास्टियन वीसी, फादर साजी वीसी और फादर जॉर्ज वीसी ने किया। प्रवचन में यीशु मसीह के बलिदान और मानवता के उद्धार का संदेश दिया गया। गुड फ्राइडे को प्रभु यीशु के क्रूस पर चढ़ाए जाने की स्मृति में प्रार्थना, उपवास और आत्मचिंतन का दिन माना जाता है। कार्यक्रम के अंत में जोली मैथ्यू (सचिव) ने धन्यवाद ज्ञापन दिया। ईस्टर विजिल सेवा 19 अप्रैल, शनिवार को शाम 7 बजे दिव्य ज्योति रिट्रीट सेंटर में आयोजित की जाएगी। अध्यक्ष जिजू थॉमस ने सभी से इन कार्यक्रमों में सहभागिता की अपील की।

## सुरभि शाखा ने अटल पार्क में किया फल एवं छायादार पौधों का रोपण



**जमशेदपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता) ।** मारवाड़ी युवा मंच स्टील सिटी सुरभि शाखा द्वारा शुक्रवार को पर्यावरण बचाओ अभियान के अंतर्गत बाराद्वारी स्थित अटल पार्क में पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर सात फलदार एवं छायादार पौधों का रोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। कार्यक्रम की संयोजिका मेघा जैन तथा शाखा अध्यक्ष ज्योति अग्रवाल ने इस पहल को पर्यावरण की रक्षा हेतु एक आवश्यक कदम बताया। उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण हम सभी का नैतिक दायित्व है तथा प्रत्येक व्यक्ति को पेड़-पौधों की कटाई रोकने और हर शुभ अवसर पर एक पौधा लगाने का संकल्प लेना चाहिए। कार्यक्रम को सफल बनाने में सचिव पायल अग्रवाल, कोषाध्यक्ष पूजा अग्रवाल, डॉ. रुचिता, श्रुति अग्रवाल, प्रीति अग्रवाल समेत अन्य सदस्यों का सराहनीय योगदान रहा।

## यूसिल चारदीवारी में सेंध, सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल

**जादूगोड़ा (प्रभात मंत्र संवाददाता) ।** जादूगोड़ा मोड़ चौक स्थित गोलचक्कर के पास चोरों ने यूसिल (यूरेनियम कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड) की चारदीवारी पर लगे कंटीले तारों को काट दिया। इससे सुरक्षा में सेंध लगने की आशंका जताई जा रही है। चूंकि सामने दुकानें हैं, ऐसे में सीआईएसएफ की निगरानी टीम की नजर इस गतिविधि पर नहीं पड़ी। यूसिल एक संवेदनशील औद्योगिक क्षेत्र है, जहां सुरक्षा सर्वोपरि है। चारदीवारी पर लगे कंटीले तार कंपनी परिसर की सुरक्षा व्यवस्था का महत्वपूर्ण हिस्सा हैं। अब यह देखना अहम होगा कि कंपनी प्रबंधन इस मामले को कितनी गंभीरता से लेता है और काटे गए कंटीले तारों की मरम्मत व निगरानी बढ़ाने के लिए क्या ठोस कदम उठाए जाते हैं।

## पोटका में 12.95 करोड़ की लागत से 9 सड़कों का कायाकल्प शुरू, विधायक संजीव सरदार ने किया भूमि पूजन, कहा :

# पोटका का विकास मेरा संकल्प

प्रभात मंत्र संवाददाता



**पोटका :** पोटका विधानसभा क्षेत्र में सड़क अधोसंरचना को मजबूत करने की दिशा में एक बड़ी पहल की गई है। क्षेत्र की 9 जर्जर सड़कों के पुनर्निर्माण कार्य का शुभारंभ शुक्रवार को स्थानीय विधायक संजीव सरदार ने भूमि पूजन कर किया। इस योजना पर कुल 12.95 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। विधायक संजीव सरदार ने कहा कि पोटका के नागरिकों को अच्छी और टिकाऊ सड़क सुविधा देना उनकी प्राथमिकता है। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से इस परियोजना के लिए अनुशंसा की गई थी, जिसे स्वीकृति मिलने के बाद निर्माण कार्य प्रारंभ हुआ है। मुख्यमंत्री द्वारा इसका ऑनलाइन शिलान्यास भी किया गया। उन्होंने कहा कि आने वाले दो वर्षों में 12 चरणों में कुल 250 सड़कों का कायाकल्प किया जाएगा, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों की कनेक्टिविटी और जीवन स्तर में सुधार होगा। सुदृढ़ की जाने वाली सड़कों में दिगारसाई से आरडब्लूडी रोड, आमदा से बर्गीकोचा, जामदा से कांटाशोला, मेजोगोड़ा से फूलझरी और उपरडीहा से जानमडीह तक की सड़कें शामिल हैं। भूमि पूजन कार्यक्रम में पूर्व पार्षद हीरामणी मुर्मू, मुखिया सरस्वती मुर्मू, बबलू चौधरी, रजनी षाडंगी समेत सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित थे।

## वक़्फ़ संशोधन के विरोध में आज़ाद समाज पार्टी ने चलाया हस्ताक्षर अभियान



प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर :** आज़ाद समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष सांसद चंद्रशेखर आज़ाद के निर्देश पर वक़्फ़ संशोधन अधिनियम 2025 के विरोध में राष्ट्र व्यापी हस्ताक्षर अभियान के तहत झारखंड में भी इस अभियान की शुरुआत पार्टी के झारखंड प्रदेश अध्यक्ष काशिफ़ रज़ा सिद्दीकी के दिशा निर्देश में प्रारंभ की जा चुकी है, जो झारखंड के हर जिले में भीम आर्मी और आज़ाद समाज पार्टी के कार्यकर्ताओं के द्वारा प्रारंभ हो चुका है, काशिफ़ रज़ा सिद्दीकी ने मीडिया को बताया कि हम इस काले कानून का शुरू दिन से विरोध करते आये हैं, यह कानून संविधान के मूल भावना के ख़िलाफ़ है और असंवैधानिक है। इस संशोधन का विरोध पूरे देश में आज़ाद समाज पार्टी भीम आर्मी के कार्यकर्ता कर रहे हैं और घर घर जा कर इस काले कानून के विरोध में हस्ताक्षर अभियान के द्वारा जनमत तैयार कर रहे हैं और हम इस जनमत को संग्रह कर राष्ट्रपति महोदया को सौंपेंगे।

## ऋषिकेश-कर्णप्रयाग रेल लाइन से दो घंटे में होगा सफर, भारत की सबसे लंबी रेलवे सुरंग का ब्रेकथ्रू

प्रभात मंत्र संवाददाता



**जमशेदपुर :** ऋषिकेश से कर्णप्रयाग की दूरी अब केवल दो घंटे में तय होगी। भारतीय रेल की महत्वाकांक्षी ऋषिकेश-कर्णप्रयाग रेल परियोजना के तहत देश की सबसे लंबी रेलवे सुरंग टी-8 (14.58 किमी) का सफल ब्रेकथ्रू 16 अप्रैल, 2025 को हुआ। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव और उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने इसका उद्घाटन किया। 125.2 किमी लंबी यह रेल लाइन चारधाम रेल परियोजना का हिस्सा है, जिसका उद्देश्य उत्तराखंड के तीर्थस्थलों को रेल नेटवर्क से जोड़ना है। परियोजना का 83 फीसदी हिस्सा सुरंगों से होकर गुजरेगा। इसमें 17 मुख्य सुरंगें और 12 एस्केप टनल शामिल हैं। अगस्त 2024 में टीबीएम शिव और शक्ति ने एक महीने में 1080 मीटर सुरंग खोदकर नया कीर्तिमान बनाया। यह रेल लाइन देहरादून, टिहरी, पौड़ी, रुद्रप्रयाग और चमोली जैसे पांच जिलों को जोड़ेगी। ऋषिकेश, मुनि की रेती, देवप्रयाग, श्रीनगर, रुद्रप्रयाग, गौचर और कर्णप्रयाग जैसे कस्बे सीधे रेल से जुड़ेंगे। चारधाम यात्रा को सुरक्षित, तेज और हर मौसम में सुगम बनाने वाली यह परियोजना 2027 के मध्य तक पूरी तरह से चालू हो सकती है।

## झामुमो महाधिवेशन में ईचागढ़ के चार नेताओं को केंद्रीय सदस्य की जिम्मेदारी

प्रभात मंत्र संवाददाता



**चांडिल :** झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के 13वें महाधिवेशन में ईचागढ़ विधानसभा क्षेत्र से गुरुचरण किस्कु, चारुचांद किस्कु, काबलु महतो एवं सुधीर किस्कु को पार्टी की केंद्रीय समिति में सदस्य नियुक्त किया गया है। केंद्रीय सदस्य नियुक्त किए जाने के पश्चात काबलु महतो ने कहा, झामुमो एक कार्यकर्ता-आधारित पार्टी है, जो जमीनी स्तर के कार्यकर्ताओं को भी नेतृत्व में स्थान देती है। मेरे जैसे साधारण कार्यकर्ता को यह दायित्व सौंपना मेरे लिए गर्व का विषय है। मैं पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ पार्टी की सेवा करता रहूंगा। उन्होंने पार्टी नेतृत्व के प्रति आभार प्रकट करते हुए संगठन को मजबूत बनाने के लिए निरंतर कार्य करने का संकल्प दोहराया।

## आवास बनकर तैयार, फिर भी भुगतान से वंचित मोहनपुर के 22 सबर परिवार

### बीडीओ की पहल से जगी उम्मीद, दो दिन में भुगतान का निर्देश

प्रभात मंत्र संवाददाता



**पटमदा :** पूर्वी सिंहभूम जिला के बोड़ाम प्रखंड के भूला पंचायत अंतर्गत मोहनपुर गांव के 22 सबर परिवारों ने बिरसा आवास योजना के तहत आवास का निर्माण तो पूरा कर लिया, लेकिन उन्हें अब तक योजना की अंतिम किस्त की राशि नहीं मिल पाई है। वर्ष 2019-20 में स्वीकृत इन आवासों की पूरी लागत लाभुकों ने उधार लेकर पूरी की थी। इस समस्या को जिला विधिक सेवा प्राधिकार के डोर-टू-डोर विधिक जागरूकता अभियान के तहत उजागर किया गया था। पारा लीगल वॉलेंटियर निताई चंद्र गोराई की पहल पर मामला उपायुक्त कार्यालय पहुंचा, जहां से बोड़ाम बीडीओ किकू महतो को तत्काल समाधान का निर्देश दिया गया। गुरुवार को जब लाभुक निताई गोराई के नेतृत्व में बीडीओ कार्यालय पहुंचे, तो उन्होंने बताया कि जेई और पंचायत सचिव की ओर से कुछ व्यक्तिगत शर्तें पूरी नहीं करने का हवाला देकर अंतिम किस्त रोकी गई है। इस पर बीडीओ ने दोनों अधिकारियों को फटकार लगाते हुए निर्देश दिया कि दो दिनों के भीतर प्रत्येक लाभुक को 16-16 हजार रुपये की राशि का भुगतान किया जाए।

## विश्व धरोहर दिवस पर खड़गपुर मंडल में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

प्रभात मंत्र संवाददाता




**जमशेदपुर ।** आज खड़गपुर मंडल के खड़गपुर, बारीपदा एवं संतरागाछी स्टेशनों पर विश्व धरोहर दिवस समारोह का आयोजन किया गया। इस वर्ष की थीम आपदा और संघर्ष प्रतिरोधी विरासत - विरासत की सुरक्षा के संबंध में कार्रवाई पर आधारित कार्यक्रमों में रेलवे अधिकारियों, कर्मचारियों तथा स्थानीय नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस अवसर पर ऐतिहासिक एवं प्राकृतिक विरासत की रक्षा हेतु सभी को जागरूक किया गया तथा भविष्य की पीढ़ियों के लिए धरोहरों के संरक्षण का संदेश दिया गया।

## बहरागोड़ा विस के प्रथम विधायक मुकुंद राम ताती की 20वीं पुण्यतिथि मनाई गई

### - पान ताती समुदाय को अनुसूचित जाति का दर्जा देने की मांग

प्रभात मंत्र संवाददाता



**जादूगोड़ा :** पूर्वी सिंहभूम जिले के बहरागोड़ा से अविभाजित बिहार विधानसभा में 1952 में चुने गए पहले विधायक स्वर्गीय मुकुंद राम ताती की 20वीं पुण्यतिथि आज मानपुर स्थित दबाकी में मनाई गई। इस अवसर पर उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। पान ताती बुनकर समिति के नेता बलराम पात्र, मंगल पात्र और बनवारी दास ने इस अवसर पर झारखंड सरकार से पान ताती समुदाय को अनुसूचित जाति का दर्जा देने की मांग की, ताकि समाज के सदस्य शिक्षा और अन्य क्षेत्रों में तरक्की कर सकें। श्रद्धांजलि अर्पित करने वालों में बलराम पात्र (पूर्व उपनिरीक्षक, अर्ध सैनिक बल), बनवारी दास, मंगल पान, रामेश्वर पात्र, संजय पात्र, दिलीप पात्र, हेमंत पान, संतोष दास, विजू पात्र, मुरलीधर पात्र, विनोद पात्र, राजू पात्र, अमित पात्र, विश्वपति खुटिया, बुद्धेश्वर पात्र और वांछूनिधि केसरी समेत समाज के अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## नव कुंज धाम परिसर में अज्ञात व्यक्ति ने लगाई आग, जांच में जुटी पुलिस

प्रभात मंत्र संवाददाता



**ईचागढ़ :** सरायकेला - खरसावां जिला के ईचागढ़ थाना क्षेत्र के पातकुम स्थित प्रसिद्ध नव कुंज धाम परिसर में गुरुवार देर रात एक अज्ञात व्यक्ति द्वारा आगजनी की गई, जिसमें नौ मंदिरों में से एक मंदिर पूरी तरह जलकर खाक हो गया। घटना रात करीब 12:30 बजे की है, जब समिति सदस्यों ने मंदिर में आग की लपटें देखी। तत्काल पंपसेट की मदद से आग पर काबू पाया गया, जिससे अन्य मंदिरों को बचा लिया गया। घटना की सूचना मिलते ही ईचागढ़ पुलिस मौके पर पहुंची। एसआई विमलेश महतो ने स्थल निरीक्षण के दौरान एक जोड़ी चप्पल और माचिस बरामद की है, जिससे जानबूझकर आग लगाने की आशंका है। नव कुंज समिति अध्यक्ष संजय मंडल और मुखिया राखोहरी सिंह मुंडा ने घटना की कड़ी निंदा करते हुए इसे धार्मिक भावना पर चोट बताया। ईचागढ़ थाना में अज्ञात व्यक्ति के विरुद्ध लिखित शिकायत दर्ज कराई गई है। जांच जारी है।

## खुर्शी गांव के ग्रामीणों ने ईंट भट्ठा बंद कराने को लेकर किया प्रदर्शन, मिट्टी उठाव पर लगाई रोक

प्रभात मंत्र संवाददाता



**जादूगोड़ा :** नरवा पहाड़ स्थित मुर्गाघुटू पंचायत क्षेत्र में संचालित ईट भट्ठा को बंद कराने की मांग को लेकर खुर्शी गांव के ग्रामीणों ने प्रदर्शन किया। बीरेंद्र हांसदा की अगुवाई में ग्रामीणों ने भट्ठा के सामने विरोध जताते हुए रास्ता जाम कर मिट्टी के उठाव पर रोक लगा दी। ग्रामीणों का आरोप है कि यह ईट भट्ठा ग्राम सभा से बिना मंजूरी के मुर्गाघुटू नदी के किनारे चलाया जा रहा है, जिससे पर्यावरण और स्थानीय संसाधनों को नुकसान पहुंच रहा है। उन्होंने झारखंड सरकार से अवैध रूप से चल रहे भट्ठे को तत्काल बंद कराने की मांग की। इस विरोध प्रदर्शन में वीरेंद्र हांसदा, श्रीनाथ हांसदा, करननाथ मुर्मू, पूर्व मुखिया वास्ता मुर्मू, ग्राम प्रधान की पत्नी सुनीला हांसदा, गाजी लाल मुर्मू, अमल मुर्मू, ईश्वर मुर्मू, देवेन हांसदा, मंगल मुर्मू और दीपक कुमार मुर्मू समेत दर्जनों ग्रामीण शामिल हुए।

## ईचागढ़ के बिस्टाटांड़ और तालापीड़ी में जल संकट, जल मिनारें खराब, प्रशासन से मदद की गुहार

प्रभात मंत्र संवाददाता



**ईचागढ़ ।** सरायकेला-खरसावां जिला के ईचागढ़ प्रखंड के बिस्टाटांड़ और तालापीड़ी गांव में जल संकट गहराता जा रहा है। भीषण गर्मी में यहां की सोलर चालित जल मिनारें खराब हो गई हैं, जिससे ग्रामीणों को खेतों के खुले कुओं से पीने का पानी लाना पड़ रहा है। दोनों जल मिनारों का निर्माण 14वीं वित्त आयोग के तहत मुखिया निधि से कराया गया था। ग्रामीण निमाई चंद्र महतो ने बताया कि निर्माण में घटिया सामग्री का उपयोग हुआ, जिससे मोटर जल्दी खराब हो गई। उन्होंने आरोप लगाया कि संवेदक मरम्मत के लिए आगे नहीं आ रहा है और लोगों की परेशानी से उसे कोई मतलब नहीं। इधर, गांव के तालाब और नाले भी सूखने की कगार पर हैं, जिससे स्थिति और गंभीर हो गई है। ग्रामीणों ने प्रशासन से जल्द मरम्मत कराने की मांग की है।

विचार प्रवाह

संपादकीय

## बड़ी कूटनीतिक जीत

**लगभग** डेढ़ दशक के प्रयासों के बाद, देश को दहला देने वाले मुंबई आतंकी हमले के सूत्रधार रहे पाकिस्तानी मूल के तहव्वुर राणा का भारत प्रत्यर्पण हमारी बड़ी कानूनी व कूटनीतिक जीत है। यह सफलता तब ही पूर्ण मानी जाएगी जब इस साजिश में बड़ी भूमिका निभाने वाले डेविड कोलमैन हेडली का भारत प्रत्यर्पण हो सकेगा। जिसने मुंबई हमले से पूर्व आतंकियों द्वारा निशाने पर लिए गए जगहों की कई बार रेकी करके आतंकी सरगनाओं की मदद की थी। निश्चय की तहव्वुर राणा का भारत लाया जाना इसलिए भी महत्वपूर्ण है कि जांच के बाद मुंबई आतंकी हमले में पाकिस्तान सरकार तथा आईएसआई की भूमिका व पाक स्थित आतंकी संगठनों के खतरनाक मंसूबों का खुलासा हो सकेगा। सही मायनों में यह हमारी खुफिया एजेंसियों की भी कठिन परीक्षा होगी कि इस साजिश की तह तक कैसे पहुंचा जाए। भारतीय खुफिया एजेंसियां से यदि इस बड़ी साजिश की कड़ियां सही तरह से जोड़ पायी तो आतंकवाद की उर्वरा भूमि बने पाकिस्तान को दुनिया के सामने बेनकाब किया जा सकेगा। यही वजह है कि 26/11 के दहला देने वाले मुंबई हमले के सूत्रधार तहव्वुर राणा को भारत प्रत्यर्पण करने के रास्ते अवरोध खड़े करने में प्रत्यक्ष-परोक्ष तौर पर पाक समर्थकों द्वारा कोशिशें की गई। वे सारे कानूनी उपाय अपनाए गए जो राणा का प्रत्यर्पण रोक सकते थे। बहरहाल, इस प्रत्यर्पण से उन शहीदों के परिजनों को न्याय मिलने की उम्मीद जगी है, जिनकी इस आतंकी हमले में मृत्यु हुई थी। अब तक उनके परिजनों को इस बात का मलाल था कि सोलह साल बाद भी सभी अपराधियों को सजा नहीं मिली सकी है। साथ ही राणा की पूछताछ से होने वाले खुलासों से आतंकवाद की पाठशाला बने पाकिस्तान को अलग-थलग करने के प्रयासों को भी बल मिलेगा। निश्चित रूप से तहव्वुर राणा के खिलाफ भारतीय कानून व न्याय व्यवस्था के मानकों के अनुरूप ही कार्रवाई होगी। साथ ही अजमल कसाब की तरह उसकी अपनी बात कहने को कानूनी मदद भी दी जाएगी। हालांकि, अब तक पाकिस्तान मुंबई आतंकी हमले में अपना हाथ होने से लगातार इनकार करता रहा है, लेकिन सभी प्राथमिक सूचनाएं और ठोस सबूत पाक की तरफ इशारा करते रहे हैं। वहीं दूसरी ओर वह अपनी धरती पर कुख्यात आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा के बड़े गुर्गों को संरक्षण देकर उनका बचाव करता रहा है। ऐसे में हमारी जांच एजेंसियों के अधिकारी तहव्वुर राणा से सख्त पूछताछ से सच्चाई सामने लाने में सक्षम हो सकते हैं। साथ ही ठोस निष्कर्षों के आधार पर पाकिस्तान पर दबाव बना सकता है कि वह अपनी जमीन आतंकवादियों को पालने-पोसने में इस्तेमाल न होने दे। इसके अलावा आतंकी संगठनों पर पर्याप्त दबाव बनाए, ताकि फिर मानवता के खिलाफ मुबई हमले जैसे घटनाक्रम न दोहराए जा सकें। बहरहाल, तहव्वुर राणा का भारत प्रत्यर्पण पाकिस्तान तथा दूसरे देशों में भारत विरोधी गतिविधियां चला रहे लोगों व संगठनों के लिये साफ संदेश गया है कि इंसानियत के दुश्मन दुनिया के किसी भी कोने में कानून की ओट में बच नहीं सकते। साथ ही पाकिस्तान को आईना दिखा दिया गया है जो तहव्वुर राणा को कनाडा का नागरिक बताकर अपनी जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ने की कोशिश कर रहा था। निश्चित रूप से इस सफलता में भारत के राजनीतिक व कूटनीतिक प्रयासों की भी बड़ी भूमिका रही है। भारतीय अधिकारियों ने इस दिन के लिये कड़ी मेहनत की।

देश को दहला देने वाले मुंबई आतंकी हमले के सूत्रधार रहे पाकिस्तानी मूल के तहव्वुर राणा का भारत प्रत्यर्पण हमारी बड़ी कानूनी व कूटनीतिक जीत है। यह सफलता तब ही पूर्ण मानी जाएगी जब इस साजिश में बड़ी भूमिका निभाने वाले डेविड कोलमैन हेडली का भारत प्रत्यर्पण हो सकेगा। जिसने मुंबई हमले से पूर्व आतंकियों द्वारा निशाने पर लिए गए जगहों की कई बार रेकी करके आतंकी सरगनाओं की मदद की थी। निश्चय की तहव्वुर राणा का भारत लाया जाना इसलिए भी महत्वपूर्ण है कि जांच के बाद मुंबई आतंकी हमले में पाकिस्तान सरकार तथा आईएसआई की भूमिका व पाक स्थित आतंकी संगठनों के खतरनाक मंसूबों का खुलासा हो सकेगा। सही मायनों में यह हमारी खुफिया एजेंसियों की भी कठिन परीक्षा होगी कि इस साजिश की तह तक कैसे पहुंचा जाए।

बोध कथा

## परमात्मा के साथ

**छह** साल का एक छोटा सा बच्चा अक्सर परमात्मा से मिलने की जिद किया करता था। उसे परमात्मा के बारे में कुछ भी पता नहीं था पर मिलने की तमन्ना भरपूर थी। उसकी चाहत थी कि एक समय की रोटी वो परमात्मा के साथ खाए। एक दिन उसने थैले में ५ ६ रोटियां रखीं और परमात्मा को ढूंढने निकल पड़ा। चलते चलते दूर निकल गया। संध्या हो गई। उसने देखा नदी के तट पर एक बुजुर्ग बैठे हैं जिनकी आंखों में गजब की चमक थी प्यार था और लग रहा था जैसे वहां बैठे उसका रास्ता ही देख रहे हों। छह साल का वो मासूम बालक बुजुर्ग के पास जा कर बैठ गया अपने थैले में से रोटी निकाली और खाने लग गया। और उसने अपना रोटी वाला हाथ बूढ़े की ओर बढ़ाया और मुस्कुरा के देखने लगा बूढ़े ने रोटी ले ली बूढ़े के झुर्रियों वाले चेहरे पे अजीब सी खुशी आ गई। आंखों में खुशी के आंसू भी थे बच्चा बूढ़े को देखे जा रहा था जब बूढ़े ने रोटी खा ली तो बच्चे ने १ और रोटी बूढ़े को दी। बूढ़ा खुश था। बच्चा भी बहुत खुश था। दोनों ने आपस में स्नेह के पल बिताए। जब रात घिरने लगी तो बच्चा इजाजत ले घर की ओर चलने लगा वो बार–बार पीछे मुड़ कर देखता! तो पाता बुजुर्ग उसी की ओर देख रहा था। बच्चा घर पहुंचा तो मां ने अपने बेटे को आया देख जोर से गले से लगा लिया और चूमने लगी बच्चा बहूत खुश था। मां ने अपने बच्चे को इतना खुश पहली बार देखा तो खुशी का कारण पूछा तो बच्चे ने बताया! मां आज मैंने परमात्मा के साथ बैठ कर रोटी खाई आपको पता है उन्होंने भी मेरी रोटी खाई.मां परमात्मा बहुत बूढ़े हो गए हैं।

अमृत कलश

## सबको अपने में समाहित कर लेना ही धर्म है

**आपके** कर्मों से ज्यादा-से-ज्यादा लोगों का भला हो और फिर उसी हिसाब से कर्म करिए। जब बाहरी क्रिया-कलापों की बात आती है, तो उस पल के लिए उचित निर्णय लेना ही धर्म है। कोई यह तय नहीं कर सकता कि क्या सही है और क्या गलत। धर्म की व्याख्या प्रत्येक व्यक्ति अपने-अपने ढंग से करता है। इसलिए इसके रूप को लेकर मतभेद रहते हैं। लेकिन शाश्वत धर्म किसी भी परिभाषा से ऊपर है। यह व्यक्ति को व्यक्ति से जोड़ता है। अपने 'मैं' और तुम्हारे 'तुम' से मुक्त होकर सबको अपने में समाहित कर लेना ही वास्तविक धर्म है। धर्म क्या है? कृष्ण के जीवन में बहुत लोगों ने उनसे यह प्रश्न पूछा था। जब द्रौपदी का विवाह होने वाला था, तो उन्होंने हर संभव कोशिश की कि द्रौपदी का विवाह पांच पांडवों से हो। उस वक्त द्रौपदी ने उनसे पूछा, 'आपको पता है धर्म क्या है?' एक बार कृष्ण ने भीम से कहा था, 'हस्तिनापुर दुर्योधन के लिए छोड़ दो। चलो हम नया नगर बसाएंगे।' इस पर भीम ने जवाब दिया, 'आप देशद्रोही हैं। मैं दुर्योधन को मार डालना चाहता हूं और आप मुझसे यह कह रहे हैं कि मैं यह राज्य उसके लिए छोड़ कर चला जाऊं। कहीं और जाकर अपना राज्य बसाऊं।' धर्म के बारे में आप क्या जानते हैं? अर्जुन और बहुत से दूसरे लोगों ने भी ऐसे ही सवाल उठाए। लोगों ने कृष्ण से पूछा, 'क्या आपको वास्तव में पता है कि धर्म क्या है?' कृष्ण ने हर किसी को धर्म के बारे में विस्तार से समझाया। मैं उनके एक-एक उत्तर की बात तो नहीं करूंगा, लेकिन उन्होंने सामान्य तौर पर यह कहा कि, अभी इस पल के कर्म के मामले में धर्म क्या है, यह मैं भी नहीं जानता, क्योंकि कर्म परिस्थितियों पर आधारित होते हैं। हालांकि हम इसके बारे में सही-गलत का फैसला करते हैं, लेकिन बाहर से देखने पर हम थोड़े-बहुत गलत भी हो सकते हैं। लेकिन जब बात अपने स्वधर्म (जीवन में खुद का कर्तव्य) की आती है, यानी मैं स्वयं अपने अंदर कैसे रहूं, तो उसके बारे में मैं पूरी तरह स्पष्ट हूं।

**नौकरशाही से जिनका पल्ला पड़ता रहता है, उन्हें भी पता है कि नौकरशाही किस तरह फैसलों को टालती है, उनके हिसाब से योजना नहीं हुई तो उससे आगे बढ़ाने से इनकार कर देती है और आखिर में उस योजना का पलीता ही लगा देती है**

# मोदी का नया मंत्रः देरी विकास का दुश्मन

उमेश चतुर्वेदी

प्रधानमंत्री का यह कहना कि देरी विकास का दुश्मन है और हमारी सरकार इस दुश्मन को हराने के लिए प्रतिबद्ध है, उनकी इसी सोच को जाहिर करता है। बीते दिनों एक कार्यक्रम में प्रधानमंत्री ने परियोजनाओं में देरी को देश के विकास की बड़ा रोड़ा बताया है। अपने संबोधन में उन्होंने स्वीकार किया परियोजनाओं में देरी से प्रगति बाधित होती है, जबकि तात्कालिक कार्रवाई से विकास को बढ़ावा मिलता है। प्रधानमंत्री ने अपने भाषण में असम के बोगीबील पुल परियोजन का उदाहरण दिया, जिसकी आधारशिला 1997 में तत्कालीन प्रधानमंत्री एचडी देवेगौड़ा ने रखी थी, बाद में सत्ता संभालते ही अटल बिहारी वाजपेयी ने इसका काम शुरू कराया।

**अमेरिकी** लेखक जय एम फिनमैन की अमेरिकी बीमा कंपनियों के कामकाज को लेकर कुछ साल पहले एक पुस्तक आई थी, डिले, डिनाय, डिफेंड...अंग्रेजी के इन तीन शब्दों का अर्थ है टालना, इनकार करना और बचाव करना। इस पुस्तक में फिनमैन ने साबित किया है कि किस तरह बीमा कंपनियां दावों को टालती हैं, देने से इनकार करती हैं और फिर अपने फैसले का बचाव करती हैं। नौकरशाही से जिनका पल्ला पड़ता रहता है, उन्हें भी पता है कि नौकरशाही किस तरह फैसलों को टालती हैं, उनके हिसाब से योजना नहीं हुई तो उससे आगे बढ़ाने से इनकार कर देती है और आखिर में उस योजना का पलीता ही लगा देती है। इस देर और इनकार की कीमत आखिरकार जनता को चुकानी पड़ती है। अव्वल तो तय समय पर लोगों को सहूलियतें मिल ही नहीं पाती। लेकिन जब किसी वजह से परियोजना पर काम चलता भी है, तब तक बहुत देर हो चुकी होती है, उसकी लागत खर्च बढ़ चुकी होती है। आखिरकार इसकी कीमत देश को ही चुकानी पड़ती है। लंबे समय तक गुजरात के मुख्यमंत्री रहते प्रधानमंत्री मोदी ने तंत्र की इस खामी को समझा था। सबसे पहले इस कमजोरी पर काबू पाने की उन्होंने गुजरात में कोशिश की और देश की कमान संभालने के बाद उन्होंने तंत्र से इस खामी को दूर करने की कोशिश की। प्रधानमंत्री का यह कहना कि देरी विकास का दुश्मन है और हमारी सरकार इस दुश्मन को हराने के लिए प्रतिबद्ध है, उनकी इसी सोच को जाहिर करता है। बीते दिनों एक कार्यक्रम में प्रधानमंत्री ने परियोजनाओं में देरी को देश के विकास की बड़ा रोड़ा बताया है। अपने संबोधन में उन्होंने स्वीकार किया परियोजनाओं में देरी से प्रगति बाधित होती है, जबकि तात्कालिक कार्रवाई से विकास को बढ़ावा मिलता है। प्रधानमंत्री ने अपने भाषण में असम के बोगीबील पुल परियोजन का उदाहरण दिया, जिसकी आधारशिला 1997 में तत्कालीन प्रधानमंत्री एचडी देवेगौड़ा ने रखी थी, बाद में सत्ता संभालते ही अटल बिहारी वाजपेयी ने इसका काम शुरू कराया। लेकिन बाद की सरकारों के दौरान पता नहीं किन वजहों से इस परियोजना का काम रोक दिया गया। जिसकी वजह से अरुणाचल प्रदेश और असम के लाखों लोगों को परेशानियां झेलनी पड़ीं। इस योजना पर दोबारा काम मोदी सरकार के आने के बाद शुरू हुआ और चार साल में यह पुल बनकर तैयार हुआ और 2018 इसे जनता



के लिए खोला गया। अगर इसी हिसाब से देखें तो यह काम 2001 या अधिक से अधिक 2002 में पूरा किया जा सकता था। लेकिन ऐसा नहीं हो सका। सत्ताएं बदलते ही कई योजनाएं रोक दी जाती हैं और राजनीतिक नफा-नुकसान को देखते हुए उन्हें ठंडे बस्ते में डाल दिया जाता है। केरल की कोल्लम बाईपास सड़क परियोजना को इसके उदाहरण के रूप में रखा जा सकता है। यह योजना 1972 में शुरू होनी थी, लेकिन नहीं हुई। तकरीबन पचास साल तक यह योजना लटकी रही। यह बात और है कि इस काम को मोदी सरकार ने ही पूरा किया। प्रधानमंत्री मोदी जब भी कोई नया काम शुरू करते हैं या देश के सामने कोई लक्ष्य रखते हैं, तो वे नया नारा भी गढ़ते हैं। 'देरी विकास का दुश्मन है' इस कड़ी में नया नारा है। देश में ऐसी कई परियोजनाएं मिल जाएंगी, जिन्हें तय वक्त तक पूरा नहीं किया जा सका। पूर्वी उत्तर प्रदेश और बिहार को जोड़ने के लिए घाघरा नदी पर मांझी में एक पुल है। प्रसिद्ध कवि केदारनाथ सिंह ने इस पुल को केंद्र मे रखकर कविता ही रच डाली है। इस पुल का शिलान्यास जनता पार्टी के शासनकाल के राज्य मंत्री चांद राम ने शुरू किया और दशकों तक इसका काम नहीं हो पाया। अरसे बाद यह पुल बनकर तैयार हो पाया। परियोजनाओं में देरी की ऐसी ढेरों कहानियां पूरे देश में फैली हुई हैं। प्रधानमंत्री ने अपने भाषण में नवी मुंबई हवाई अड्डा परियोजना का भी इसी संदर्भ में उल्लेख किया है। देश की आर्थिक राजधानी के लिए बेहतर और सुगम हवाई सेवा की जरूरत से किसे इनकार हो सकता है। लेकिन नवी मुंबई में हवाई अड्डा बनाने की चर्चा साल 1997 में शुरू हुई। लेकिन उस परियोजना को ठीक दस साल बाद यानी 2007 में मंजूरी मिल पाई। लेकिन राजनीति और नौकरशाही से कोलाज वाले तंत्र की वजह से इस परियोजना पर ठोस रूप में काम नहीं हो पाया। प्रधानमत्री ने तो सीधे-सीधे इसके लिए इस दौरान केंद्र और महाराष्ट्र में काबिज रही कांग्रेस सरकारों को जिम्मेदार ठहराया। प्रधानमंत्री के अनुसार, कांग्रेस की सरकारों ने इस परियोजना में ना तो दिलचस्पी दिखाई, ना ही कोई कार्रवाई नहीं की। यह बात और है कि मोदी सरकार ने इस परियोजना के कामकाज में तेजी लाने की दिशा आगे बढ़ी है। उम्मीद की जा रही है कि जिस तरह दूसरी योजनाएं तेज गति से तय वक्त या उससे पहले पूरी हुईं, उसी गति और तेजी से नवी मुंबई हवाई अड्डा परियोजना भी पूरा होगी। देश के आर्थिक विकास की नींव नरसिंह राव ने साल 1991 में रखी थी, जिनके सहयोग से तत्कालीन वित्त मंत्री मनमोहन सिंह ने उदारीकरण की गति को तेज किया था। देश की आर्थिकी को लाइसेंस राज और लालफीताशाही से दूर किया था। उस बदलाव का असर भी दिखा। लेकिन राजकाज की कमान जिस तंत्र के हाथों में रही, वह पुरानी मानसिकता से ग्रस्त रहा। प्रधानमंत्री मोदी के सत्ता संभालने के बाद इस मानसिकता को थोड़ी लगाम जरूर लगी है। यह बात और है कि इस मोर्चे पर अभी बहुत कुछ किया जाना बाकी है। 'देरी, विकास का दुश्मन है' के प्रधानमंत्री के नए मंत्र का ही असर कहा जाएगा कि आर्थिक मोर्चे पर तय लक्ष्यों को हासिल करना आसान हुआ। आर्थिक मोर्चे पर बदलाव का ही असर है कि कुछ ही वर्षों में दुनिया की 11वें नंबर से भारतीय अर्थव्यवस्था पांचवीं बड़ी अर्थव्यवस्था बन गई है। दुनियाभर की विकास दर को कोरोना की महामारी ने बुरी तरह प्रभावित किया। आज की दुनिया के विकास का ईंधन एक तरह से जैविक ऊर्जा यानी पेट्रोल और डीजल है। अरब देशों के आपसी संघर्ष और रूस-यूक्रेन युद्ध के बावजूद भारत को पेट्रोलियम आपूर्ति में बाधा न पड़ना, चीन और अमेरिका के बीच जारी व्यापार युद्ध के बावजूद भारत की विकास दर में कमी ना आना, एक तरह के भारत के संकल्प का नतीजा है। बेशक इसके लिए राजनीतिक नेतृत्व जिम्मेदार है, लेकिन प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन में इसका श्रेय युवाओं को दिया। उन्होंने कहा कि यह अभूतपूर्व बढ़ोतरी युवाओं की महत्वाकांक्षाओं और आकांक्षाओं से प्रेरित है। इससे दुनिया का भारत के प्रति नजरिया बदला है। पहले दुनिया मानती थी कि भारत धीरे-धीरे और लगातार प्रगति करेगा, उसी दुनिया को भारत अलग नजर आ रहा है। प्रधानमंत्री के शब्दों में कहें तो दुनिया अब देश को 'तेज और निडर भारत' के रूप में देख रही है।

कुछ अलग

## बेहाल बुजुर्ग

**केरल** की गिनती देश के सबसे शिक्षित राज्यों में होती है। लेकिन आज 94 फीसदी साक्षरता वाले इस राज्य में बुजुर्ग शिक्षित युवाओं के पलायन का संत्रास झेल रहे हैं। राज्य के करीब 21 लाख घरों में युवाओं के पलायन करने के कारण सिर्फ बुजुर्ग बचे हैं। गांव के गांव पलायन का दंश झेलते हुए वीरान हो चुके हैं। लाखों घरों में सिर्फ ताले लटके नजर आते हैं। दरअसल, समुद्र तट से लगे इस राज्य में खाड़ी के देशों में जाकर सुनहरा भविष्य तलाशने की होड़ लगी रही है। शिक्षा ने जहां प्रगतिशील सोच दी है, वहीं अंतहीन भौतिक लिप्साओं को भी जगाया है। यह होड़ हाल के वर्षों में पंजाब-हरियाणा में भी नजर आ रही है। वैसे तो यह हमारे नीति-नियंताओं की नाकामी का भी परिणाम है कि हम युवाओं को उनकी योग्यता-आकांक्षाओं के अनुरूप रोजगार देश में नहीं दे पाए। उन्हें न अपनी जन्मभूमि का सम्मोहन रोकता है और न ही यह फिक्र कि उनके जाने के बाद बुजुर्ग माता-पिता का क्या होगा। एकाकीपन का त्रास झेलते केरल के इन गांवों में बुजुर्गों के पास पैसा तो है मगर समाधान नहीं है। सामाजिक सुरक्षा की वह छांव कहां, जिसमें बुजुर्ग खुद को सुरक्षित महसूस कर सकें। केरल के कई गांवों में लोग एक दिन हर बुजुर्ग का हाल पूछते हैं कि क्या वे सुरक्षित हैं। वे चर्च व पंचायतों में बैठकें करते हैं ताकि एक-दूसरे के हाल-चाल जान सकें। निश्चय ही ऐसे वैकल्पिक प्रयासों से सामाजिक सुरक्षा को संबल मिलेगा। बताते हैं कि मार्च माह के अंत में बुजुर्गों के इस एकाकीपन के संकट को महसूस करते हुए केरल सरकार ने एक वरिष्ठ नागरिक आयोग बनाने की घोषणा की है। यह वक्त बताएगा कि लाल-फीताशाही व घुन लगी व्यवस्था में ये आयोग कब तक कारगर भूमिका निभाना शुरू करेगा। लेकिन फिर भी जिस राज्य में हर पांचवें घर से एक व्यक्ति विदेश चला गया है, वहां ऐसा आयोग एक सीमा तक तो सहायक ही हो सकता है।

देश दुनीया से

# कम न हो पाएंगे यमुना के दुःख-दर्द

**पहली** बार में दिल्ली की यमुना पर सफेद झाग नजर आते हैं। थोड़ा करीब से देखें तो पानी निपट काला नजर आता है। खासकर कालिंदी कुंज पर तो लगता था कि यह नदी नहीं, बर्फ का ढेर हो। दिल्ली विधानसभा चुनाव में यमुना को साफ करने के मुद्दे पर खूब चर्चा हुई, होनी भी चाहिए थी क्योंकि केजरीवाल सरकार ने इस बारे में बहुत से दावे किए लेकिन नतीजा सिफर रहा था। लेकिन आश्चर्य तब हुआ जब चुनावी नतीजे आते ही, बगैर सरकार के गठन के यमुना में कुछ ऐसी मशीन तैरती दिखीं जो कचरा साफ कर रही थीं। वैसे तो ऐसा कचरा यदि कोई भी नदी अविरल रहे और उसमें बरसात के दिनों में दो-चार बाढ़ आ जाये तो खुद-ब-खुद किनारे लग जाता है। सभी जानते हैं कि आप सरकार के दौरान दिल्ली में आधा राज तो 'लपटन साब' अर्थात लेफ्टिनेंट गवर्नर का चलता रहा है। फिर यह मशीन उतारने के लिए सरकार बदलने का इंतज़ार क्यों किया गया? कड़वा सच तो यह है कि यमुना के दर्द से जब जनता बेपरवाह हुई और महज छठ के आसपास इसकी याद आने लगी तो राजनीतिक दलों ने भी इसे गम्भीरता से लेना छोड़ दिया। यह समझना होगा कि बीते दो दशकों से दिल्ली में हरियाणा से दिल्ली आने वाली यमुना में साल में कम से कम 10 बार अमोनिया की मात्रा बढ़ती है। यह भी समझना होगा कि साल दर साल यमुना में पानी की मात्रा कम हो रही है, जबकि उसके किनारे बसे शहरों-बस्तियों की आबादी बढ़ रही है। जाहिर है कि वहां से निकलने वाले जल-मल में भी वृद्धि हो रही है और कड़वा सच यह है कि यह आधे अधूरे ट्रीटमेंट के बाद यमुना में मिल रहा है। एक तरफ हम यमुना से ज्यादा पानी ले रहे हैं, दूसरा हम




इसमें अधिक गंदगी डाल रहे हैं, तीसरा इसमें पानी कम हो रहा है। वैसे दिल्ली की रेखा गुप्ता सरकार ने इस साल यमुना के मद में 500 करोड़ का प्रावधान रखा है लेकिन कोई ठोस योजना प्रस्तुत की नहीं। लेकिन यमुना की जमीनी हकीकत को परे रखकर जिस तरह अहमदाबाद के साबरमती फ्रंट की तर्ज पर दिल्ली की यमुना को दमकाने की योजनाएं सरकार के खजाने से बाहर आईं उससे जाहिर हो गया कि यमुना में निर्मल जल और विशाल जलनिधि के बनिस्बत उसकी भूमि छुड़ाकर उसका व्यावसायिक इस्तेमाल करने की मंशा है। वैसे एनजीटी सन् 2015 में ही दिल्ली के यमुना तटों पर निर्माण पर पाबंदी लगा चुका है लेकिन इससे बेपरवाह सरकारें मान नहीं रही। अभी एक साल के भीतर ही लाख आपत्तियों के बावजूद सराय कालेखां के पास 'बांस घर' के नाम से केफेटेरिया और अन्य निर्माण हो गए। और अब यही सराय कालेखां के सामने 22 एकड़ का जो रिवर फ्रंट बनाने की बात है, वह भी एनजीटी के आदेश की खुली अवहेलना ही होगा। दिल्ली में यमुना कोई 52 किलोमीटर का सफर तय करती है। सराय कालेखां तक आने में उसका आधा सफर हो जाता है और इसमें ही अधिकांश नाले, औद्योगिक कचरा आदि मिलता है। आईटीओ पुल पर पहुंचते ही यह मृतप्राय हो जाती है। इसमें घुलित ऑक्सीजन की मात्रा नहीं मिलती है। यानी ऑक्सीजन शून्य है। किसी भी नदी की जीवनधारा के लिए घुलित ऑक्सीजन अनिवार्य है। उन्होंने कहा कि दिल्ली के किसी भी हिस्से में यमुना जल मनुष्यों के उपयोग के लायक नहीं है। यहां फीकल कोलीफॉर्म की मात्रा भी मानक स्तर से कहीं ज्यादा है। इससे पहले ही श्मशान घाट है और इससे पहले ही, कभी अरावली से आने वाली साहबी नदी और नजफ़गढ़ वेट लेंड की बीच का चैनल रहे और अब सबसे दूषित नाला बन गया नजफ़गढ़ ड्रेन भी है। एक नजर में स्पष्ट हो जाता है कि सरकार का असली मन्तव्य समूची नदी को पावन बनाने की जगह सबसे पहले इसके पाट को काम कर इसे संकरी नहर में बदलना है। फिर नदी से ली गई जमीन पर दुकानें खोलना और उससे पैसा कमाना है। दिल्ली में बहने वाली नदी की लंबाई के दो प्रतिशत से भी कम को चमका कर लोगों को मुगालते में रखने की यह परियोजना कम से कम यमुना के आंसू तो पोंछ नहीं पाएगी। यहां जानना जरूरी है कि यमुना नदी के आसपास की भूगर्भ संरचना कठोर चट्टानों वाली नहीं है। यहां की मिट्टी सरंध्र है। नदी में प्रदूषण के उच्च स्तर के कारण इसमें कई फुट गहराई तक गाद भरी है, जो कि नदी के जलग्रहण क्षमता को तो कम कर ही रही है, साथ ही पानी के रिसाव के रास्ते भी बना रही है। इसका परिणाम यमुना के तटों पर दलदली भूमि के विस्तार के तौर पर देखा जा सकता है। जब व्यापक निर्माण के कारण यमुना के उद्गम, पहाड़ों पर जम कर जंगल काटे गए और इस तरह हुए पारिस्थितिकी हानि के कुप्रभाव से नदी भी नहीं बच सकती। महज सिंचाई और बिजली के सपने में यमुना हरियाणा में आने से पहले ही हार जाती है।

भारत की विरासत

## आगरा

## आगरा किला



*यदि आप मुगलों के इतिहास को थोड़ा और करीब से देखना चाहते हैं, तो आगरा किला घूमने जाएं, जो भारत के प्रसिद्ध ऐतिहासिक स्थलों में से एक है, जिसे मुगल सम्राट अकबर ने वर्ष 1665 में पूरी तरह से लाल बलुआ पत्थर से बनवाया था। इस ऐतिहासिक स्थल के दो द्वार हैं; एक अमर सिंह द्वार और दूसरा दिल्ली द्वार। यदि आप मस्जिदों, प्रवेशद्वारों, दरबारों और मार्गों से भरे प्राचीन शहर को देखना चाहते हैं, तो आपको अमर सिंह द्वार से प्रवेश करना चाहिए। आगरा किला आगरा में घूमने के लिए सबसे खूबसूरत जगहों में से एक है और इसका उपयोग ऋतिक रोशन और ऐश्वर्या राय अभिनीत लोकप्रिय फिल्म जोधा अकबर की शूटिंग के समय किया गया था।*

दृष्टि कोण

# सही नहीं धर्म राष्ट्र एवं संप्रदाय को व्यापार से जोड़ना

**बाबा** रामदेव एक बार फिर चर्चा में हैं। वैसे वे ऐसे बाबा हैं जिन्हें चर्चा में रहने के 'फन' में उस्तादी हासिल है। कभी साइकिल के करियर पर लकड़ी की संदूकची रखकर चूरण और दवाइयां बेचने वाला हरियाणा का दुबला पतला यदुवंशी दाढ़ीधारी रामदेव नाम का साधु जैसा व्यक्ति किस तरह देखते ही देखते पतंजलि योगपीठ स्थापित करके अरबों रुपए के संस्थान का सर्वेसर्वा हो गया, यह इस देश ने देखा है। पूरे देश में अपनी लच्छेदार बातों और घने काले बालों के साथ योग प्रदर्शन करने वाले रामदेव ने बेशक योग को घर-घर पहुंचाने का काम किया है। शुरुआती दौर में उनके साथी रहे कर्मवीर आज भी हरियाणा में योग सिखा रहे हैं लेकिन न चर्चा में हैं और न ही उन्होंने कोई बड़ा औद्योगिक संस्थान खड़ा किया है. बस उनका काम धंधा चल रहा है जबकि रामदेव का साथ निभा रहे आचार्य बालकृष्ण कभी नेपाली मूल के होने एवं भारत में अवैध प्रवास करने के आरोपी होने के बाद भी मजबूती के साथ उनके साथ खड़े हैं। बाबा रामदेव ने कुशल प्रबंधन, चतुराई भरा प्रचार, अपने उत्पादों में घोली गई राष्ट्रवाद की चाशनी, केंद्र एवं प्रदेश सरकारों के साथ गज़ब का संयोजन एवं समायोजन अपनाते हुए पतंजलि योगपीठ को ऊंचाइयों तक पहुंचाया है। हालांकि बीच में उन्होंने कांग्रेस सरकार को आंखें भी दिखाने की कोशिश की लेकिन कपिल सिब्बल के कठोर रुख के चलते उन्हें सलवार पहन कर भागना भी पड़ा था। लालू यादव एवं वृंदा करात भी एक समय उनके पीछे पड़े और उनके सबसे प्रसिद्ध उत्पादों में से एक दंतकांति टूथपेस्ट जिसे वह आज विज्ञापनों में 'टूथपेस्ट' कह रहे हैं, में हड्डियों का चूरा होने के आरोप भी उन पर लगे हैं तो साथ ही साथ पतंजलि के शहद के भी गुणवत्ता के मानकों पर घटिया होने के चर्चे भी बाजार में आए लेकिन यह बाबा का



चतुर प्रबंधन ही रहा कि उन पर न कोई आंच आई और न ही उनके उत्पादों पर। आज बाबा रामदेव केवल योग के सहारे नहीं है बल्कि वह एक मल्टीपरपज उत्पाद संस्थान की प्रतिमूर्ति के रूप में डटकर खड़े हैं जिनमें आयुर्वेदिक दवाइयां, कॉस्मेटिक क्रीम, पाउडर, शक्ति वर्धक औषधीयां, खाद्य पदार्थ, शीतल पेय, कपड़े, मसाले और भी न जाने कितने ही उत्पाद उन्होंने पतंजलि के माध्यम से दिए हैं। साबुन, सर्फ, टॉयलेट क्लीनर, बर्तन साफ करने वाले उत्पाद, साबुन तेल फुलेल आदि क्या नहीं शामिल है, यानी बाबा ने जीवन का कोई भी क्षेत्र ऐसा न छोड़ने का संकल्प लिया है जिसमें पतंजलि के उत्पादन न खप सकें। भले ही बाबा रामदेव की शिक्षा दीक्षा कैसी भी रही हो लेकिन उनकी व्यापारिक समझ देश की बड़ी से बड़ी कंपनी के एमबीए या सीईओ पदधारक पढ़े लिखे लोगों को आईना दिखाने वाली है और उन्होंने सिद्ध किया है कि लग्न, संकल्प एवं जुनून के साथ यदि योजनाबद्ध तरीके से आगे बढ़ा जाए तो फिर सफलता कदम चूमती ही है। बेशक, आज बाबा एक बहुत सफल योगाचार्य ही नहीं अपितु व्यापारी, प्रबंधक एवं सफल सीईओ बनकर सामने हैं। बाबा रामदेव अच्छी तरह से जानते हैं कि अपना एवं अपने उत्पादों का प्रचार – प्रसार कैसे किया जाए। चाहे सोशल मीडिया, टेलीविजन, अख़बार, पत्रिकाएं एवं दूसरे मंचों से विज्ञापन देने हों या फिर कोई विवाद खड़ा करके चर्चा पानी हो, रामदेव हर तरह की रणनीति से अच्छी तरह न केवल वाक़िफ हैं अपितु उसका उपयोग करना भी जानते हैं और अपने इन सब आजमाए हुए तरीकों की बदौलत वे एक बड़ी हस्ती बन चुके हैं मगर अति महत्वाकांक्षा के चलते हुए कई बार खुद को अनावश्यक रूप से विवादास्पद भी बनाते रहे हैं एवं अपने लिए ही संकट भी खड़ा कर लेते हैं या फिर यूं कहिए कि यह भी उनके रणनीति है और वह आपदा पैदा करके उसे अवसर में तब्दील करने की कला अच्छी तरह से जानते हैं। इन दिनों बाबा शरबत जेहाद के अपने बयान के चलते सुर्खियों में हैं। हालांकि उन्होंने किसी उत्पाद का या उत्पादक का नाम नहीं लिया लेकिन इशारों ही इशारों में देश भर में सबसे ज्यादा एवं सबसे लोकप्रिय शरबत पर प्रहार कर दिया है। अब यह तो सब जानते हैं कि वह कौन सा शरबत है जिसका उत्पादन मुस्लिम उद्योगपति करते हैं एवं दूसरे कई बड़े औद्योगिक घरानों के उत्पादों के बावजूद यह उत्पाद आज भी सबसे ऊपर नज़र आता है और उसके प्रयोग करने वाले मानते हैं कि उसके पीने से रूह अफजा होती है।

# अर्पिता महिला मंडल द्वारा बिंग्लात गांव में चार सौ मच्छरदानी हुआ वितरण




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**टंडवा :** अर्पिता महिला मंडल आम्रपाली चंदार्गुप्त क्षेत्र सीसीएल की अध्यक्षा प्रियंका सिंह के नेतृत्व में शुक्रवार को आम्रपाली परियोजना के विस्थापित गाँव बिंग्लात में चार सौ मच्छरदानियों का वितरण किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीणों को मच्छरों से उत्पन्न होने वाली खतरनाक बीमारियों जैसे मलेरिया, डेंगू, चिकनगुनिया एवं फाइलेरिया से बचाव प्रदान करना एवं उन्हें रात में सुरक्षित और चैन की नींद सुनिश्चित करना है। मच्छरदानी एक सुरक्षित, रासायन-मुक्त और किफायती उपाय है, जो बच्चों, बुजुर्गों और महिलाओं के लिए विशेष रूप से लाभकारी है। महिला मंडल की अध्यक्षा प्रियंका सिंह ने बताया कि मच्छरदानी उपयोग करने से मच्छर जनित बीमारियों का प्रभावी रोकथाम होता है और यह ग्रामीण स्वास्थ्य सुरक्षा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। यह कार्यक्रम अर्पिता महिला मंडल सीसीएल की अध्यक्षा प्रीति सिंह के मार्गदर्शन में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस अवसर पर हस्बुन निशा, सुधा पंडित, प्रमिला सिन्हा, प्रीती करारिया, वंदना सिन्हा के साथ महेश वर्मा, रमेश वर्मा एवं अन्य ग्रामीण बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। अर्पिता महिला मंडल द्वारा भविष्य में भी इस तरह के जनहितकारी और स्वास्थ्यवर्धक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

## दो बाइकों की टक्कर में चार युवक घायल, तीन की हालत गंभीर



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**महुआडांड़ :** प्रखंड के बहेरा टोली में शुक्रवार को दो बाइकों की आमने-सामने भिड़ंत में चार युवक घायल हो गए। घायलों में जेवियर लकड़ा, उनके मामा प्रिंस मिंज, उज्ज्वल लकड़ा और अनविश लकड़ा शामिल हैं। हादसे के बाद टेंपो चालक विनोद प्रसाद ने मानवता दिखाते हुए अनविश को अस्पताल पहुंचाया। महुआडांड़ स्वास्थ्य केंद्र में प्राथमिक उपचार के बाद तीन घायलों को रेफर कर दिया गया।घटना के बाद सड़क सुरक्षा को लेकर क्षेत्र में चिंता बढ़ गई है।

## पानी के लिए तरस रही बैगा जनजाति, पीएम जन मन योजना के बावजूद जनजीवन में नहीं आया बदलाव



**प्रतापपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रतापपुर प्रखंड के बभने पंचायत अंतर्गत ग्राम भुगड़ा के रहने वाले बैगा समुदाय अब भी मूलभूत सुविधाओं से कोसों दूर नजर आ रहे है, बता दे की प्रखंड मुख्यालय के महज 2 किलोमीटर के अंतराल में आने वाले बैगा जनजाति के मोहन बैग पिता बागुल बैग जिसका इलाज के अभाव में गुरुवार की रात मृत्यु हो गई। बताया जा रहा है कि अभी भी कई बैगा समुदाय के लोग कई बीमारी से जूझ रहे है, लेकिन अस्पताल जैसे मूलभूत सुविधाओं से अब तक दूर है,बैगा बाहुल्य क्षेत्र में ना साफ पीने के पानी की व्यवस्था है, न कोई रोजगार की व्यवस्था, जंगलों में रहने वाला यह विशेष पिछड़ी जनजाति समुदाय बैगा राष्ट्रपति का दत्तक पुत्र कहलाता है।


## वन भूमि और रैयतों के भूमि पर फर्जी नौकरी का झांसा देने वाले कंपनी व दलालो को ग्रामीणों ने खदेड़ा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** चतरा जिला प्रशासन द्वारा फर्जीवाडा मामले में मामला दर्ज कराने के बाद भी अधिकारियों फर्जीवाड़ा करने से बाज नहीं आ रहे हैं। नौकरी का झांसा देकर आम्रपाली प्रबन्धन और सरादु वन भूमि और रैयतों के भूमि पर हाई टेंशन बिजली पोल गाड़ने वाली कंपनी व गुर्गे को एक बार फिर सरादु के ग्रामीणों ने खदेड़ दिया हैं। ग्रामीणों सुबोध सिंह अफजल मियां, इमरान बिजय सिंह महेश सिंह रितेश कैलास सहित अन्य ने कहा आम्रपाली प्रबंधन और कंपनी द्वारा चोरी चुपके से सरादु गांव के कुछ दलालों से साठ गांठ कर के गांव के वन भूमि और रैयतों के भूमि पर हाई टेंशन पोल लगाने के लिए बार-बार दलाल और कंपनी सक्रिय हो रहा है। जिससे ग्रामीणों अब खदेड़ने के साथ जप्त करके पुलिस के हवाले करेंगे। सुबोध सिंह ने कहा जिस जमीन आम्रपाली में अधिग्रहित नहीं है तो आम्रपाली प्रबंधन नियम विरुद्ध वन भूमि और ग्रामीणों के भूमि पर हाई टेंशन पोल लगाने के लिए आम्रपाली में वर्षो से जमे हैं जो के सरादु के ग्रामीणों सफल होने नहीं देंगे। श्री सिंह ने कहा फर्जीवाड़ा जालसाजी मामले में ईडी एजेंसी जांच करती हैं तो वर्षो से जमे अधिकारियों का कुंडली खुलने के साथ अवैध रुपया का संपत्ति जप्त के साथ विदेश फंडिंग का मामला उजागर होना निश्चित है। वन भूमि में हाई टेंशन पोल गाड़ने मामले में वन विभाग द्वारा कंपनी और सीसीएल के अधिकारियों पर मामला दर्ज करने के बाद भी चोरी चुपके रात के अंधेरे में पोल गाड़ने के जुगत में कंपनी व आम्रपाली के अधिकारी जुटे हैं।

## मनरेगा मजदूरों को 3 महीने से नहीं हो रहा भुगतान, घर छोड़ शहरों की ओर कर रहे है पलायन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पत्थलगड़ा :** भारत सरकार द्वारा संचालित महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम के तहत संचालित मनरेगा योजना अब पूरी तरह से विफल हो रही है साबित। मनरेगा योजना भारत में सबसे बड़ा और सबसे महत्वाकांक्षी सामाजिक सुरक्षा कार्यक्रम माना जाता है। मनरेगा योजना के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में गरीब परिवारों को प्रत्येक वित्तीय वर्ष कम से कम 100 दिनों की गारंटीकृत रोजगार प्रदान करती है। जिससे विकास वयस्क सदस्य अकुशल शारीरिक मदद करने के लिए तैयार है। लेकिन भारत सरकार के द्वारा मनरेगा योजना में लगभग 3 महीनों से मनरेगा मजदूरों को मजदूरी भुगतान नहीं की गई है साथ ही मनरेगा के कई ऐसी योजनाएं हैं जो पूर्ण हो गई है लेकिन अब तक कई वर्षों से मैटेरियल की भी राशि भुगतान नहीं की गई है। मनरेगा लाभुकों के पास इतनी पर्याप्त राशि नहीं है कि वे मजदूरी भुगतान कर सके। कुछ ऐसे भी लाभुक है जो योजना को पूर्ण करने के लिए कर्ज लिए है लेकिन भुगतान नहीं होने के कारण दिन प्रतिदिन कर्ज में डूबता जा रहे हैं। जिससे मनरेगा योजना अब आधी-अधूरी होते दिख रही है और मनरेगा मजदूरों भुखमरी के कगार पर आकर खड़े हो गए हैं। जिसके कारण व्यापक रूप से पत्थलगड़ा प्रखंड क्षेत्र से कई मनरेगा मजदूरों पलायन करने पर मजबूर हो गए है। अगर इस माह भी मनरेगा मजदूरी भुगतान नहीं होती है तो प्रखंड क्षेत्र से हजारों -हजार की संख्या में मनरेगा मजदूरों पलायन करेंगे।

## शैक्षिक जागरूकता बैठक का किया गया आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** बिरला ओपन माइंड्स इंटरनेशनल स्कूल के तत्वावधान में शिक्षा के महत्व को जन-जन तक पहुँचाने के लिये अमहर और रोहिला गाँव में एक शैक्षिक जागरूकता बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक का उद्देश्य ग्रामीण समाज को शिक्षा के दिव्य प्रकाश से आलोकित करना था।ग्रामवासियों ने इस कार्यक्रम में उत्साहपूर्वक भाग लिया और शिक्षा के महत्व को गहराई से समझा। विद्यालय के प्रतिनिधियों ने अत्यंत सरल किंतु प्रभावशाली शब्दों में बताया कि शिक्षा किस प्रकार जीवन को उन्नति के मार्ग पर ले जाती है।बैठक के दौरान उन व्यक्तियों को, जिन्होंने शिक्षा के क्षेत्र में असाधारण योगदान दिया है।उन्हें शॉल व स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मानित किया गया। ग्राम रोहिला में सेवानिवृत्त शिक्षक हेमंत कुमार पाठक, उमाकांत पाठक तथा



प्रधानाध्यापक रंजन सिंह को उनके योगदान के लिये शाल और स्मृति चिन्ह भेंट किया गया।यह क्षण अत्यंत गौरवपूर्ण व प्रेरणादायक था, जिसने सभी के हृदय को छू लिया।इस प्रकार की सार्थक पहलें गाँवों में शिक्षा की अलख जगाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं और एक उज्ज्वल व आत्मनिर्भर समाज की आधारशिला रखती हैं। बैठक में शाला के निर्देशक मनीष कुमार सिंह, मैनेजर युवराज सिंह, प्राचार्य रविश प्रजापति, भावना ओझा, गार्गी जायसवाल, एडमिशन कॉउंसलिंग टीम से पीयूष रंजन, एवं समाज सेवी उमा सिंह शामिल थे।

## बोरिंग गाड़ी की चपेट में आई महिला की मौत, मौके पर पहुंची पुलिस




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** सदर प्रखंड के गोवा निवासी जगनारायण सिंह की पत्नी 55 वर्षीय सोहबतीया देवी की एक दर्दनाक सड़क हादसे में मौके पर ही मौत हो गई। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, सोहबतीया देवी अपने दामाद के साथ लातेहार बाजार खरीदारी के लिए जा रही थीं। दोनों टीवीएस लूना पर सवार होकर बाजार की ओर बढ़ रहे थे।तभी सत्यम शिवम् कॉम्प्लेक्स के समिप बोरिंग गाड़ी के चपेट में आ गई। इस हादसे में दामाद बाल-बाल बच गए, लेकिन सोहबतीया देवी की मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही सदर थाना प्रभारी दुलाड़ चौड़े दल-बल के साथ मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव और बोरिंग गाड़ी को कब्जे में ले लिया है। वहीं गाड़ी चालक को पुलिस ने हिरासत में ले लिया है। सदर थाना प्रभारी ने स्थिति को शांतिपूर्ण बनाए रखने में अहम भूमिका निभाई और मौके पर किसी भी प्रकार की अशांति को सफलतापूर्वक टाल दिया। फिलहाल, पुलिस पूरे मामले की जांच में जुट गई है।

## पुलिस ने 37 मवेशी लदे कंटेनर को किया जब्त

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** गुरुवार की शाम तकरीबन 11:30 बजे लातेहार पुलिस ने गौवंशीय पशु से लदे एक कंटेनर को जब्त किया है। इसमें 37 गौवंशीय पशु लदे थे। जिनमें 36 बैल व एक गाय शामिल है। दरअसल पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव को मिली गुप्त सूचना पर पुलिस वाहन चेकिंग अभियान चला रही थी। इसी समय शहर से सटे होटवाग इलाके में अवस्थित पहाड़ी ढाबा के पास पुलिस ने एक कंटेनर को आते देखा।पुलिस ने उसे रोक कर जांच की तो उसमें गौवंशीय पशु पाये गये।पुलिस ने वाहन चालक से लदे पशुओं की कागाजातों की मांग की तो वाहन चालक कागजात प्रस्तुत नहीं कर सका। इसके बाद पुलिस ने कंटेनर को जब्त कर वाहन चालक विनय सिंह को गिरफ्तार कर लिया। उसने बताया कि वाहन यूपी की है और वह



पलामू के सतरबवा से मवशियों को लाद कर रांची जा रहा था। पुलिस के अनुसार मामला गौ तस्करी से जुड़ा हुआ है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। मवेशियों को कंटेनर से उतार कर खेतों मे चरने के लिए छोड़ दिया गया है।

## पश्चिम बंगाल में बंगला देश जैसी अराजक स्थिति, अविलंब राष्ट्रपति शासन लागू हो : रवि डे


**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** झाविस के नेता सह समाजसेवी रवि डे ने पश्चिम बंगाल की बिगड़ती स्थिति पर कड़ा रुख अपनाते हुए एक प्रेस विज्ञप्ति जारी की है। उन्होंने कहा कि वर्तमान में पश्चिम बंगाल में जो हालात हैं, वे बांग्लादेश जैसी अराजकता को दर्शाते हैं।वक्फ बिल को लेकर हो रही आगजनी, लूटपाट और हत्याओं पर चिंता जताते हुए उन्होंने कहा कि ममता सरकार पूरी तरह विफल हो चुकी है और प्रदेश को भय व दहशत की आग में झोंक दिया गया है। रवि डे ने आरोप लगाया कि समाजविरोधी तत्वों के सामने सरकार ने घुटने टेक दिए हैं और अब वहाँ का हर नागरिक शांति और राष्ट्रपति शासन की मांग कर रहा है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह से अपील की कि स्थिति की गंभीरता को देखते हुए पश्चिम बंगाल को सेना के हवाले किया जाए। कोलकाता हाईकोर्ट द्वारा भी राज्य सरकार को फटकार लगाई जा रही है, यह



दर्शाता है कि प्रशासन नाम की कोई चीज़ वहाँ नहीं बची है।रवि डे ने ममता बनर्जी, अभिषेक बनर्जी और टीएमसी पर भी तीखा हमला बोला और कहा कि ये लोग झूठ और थोथी दलीलों के सहारे सत्ता चला रहे हैं, जबकि लोकतंत्र की रोज हत्या हो रही है। उन्होंने कहा, 140 करोड़ भारतीय इस स्थिति को लेकर चिंतित हैं।

## मोटरसाइकिल अनियंत्रित होकर पेड़ में मारी टक्कर, मौत



**बालूमाथ(प्रभात मंत्र संवाददाता):** बालूमाथ-चतरा मुख्य पथ पर शुक्रवार को बारियातू थाना क्षेत्र के नचना ग्राम के समीप एक अनियंत्रित बाइक सवार ने पेड़ में जाकर टक्कर मार दिया जिससे उसकी मौत हो गई। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार सकेन्द्र भुइयां 30वर्ष पिता जुगु भुइयां ग्राम कुसुमटोला बालूभांग थाना बारियातु निवासी अपने रिश्तेदार के घर बरियातू गया हुआ था। जहां से वापस अपने घर वापस लौटने के दौरान नचना ग्राम के समीप मोटरसाइकिल से अनियंत्रित होकर पेड़ में टक्कर मार दिया घटना के बाद बारियातु पुलिस द्वारा युवक को बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया जहाँ जांचोउपरांत डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। वहीं बरियातू पुलिस ने शव को अपने कब्जे में कर पोस्टमार्टम के लिए लातेहार भेज दिया है।

## बरवाडीह में आगामी 20 को भाकपा माले का कार्यकर्ता सम्मेलन



**बरवाडीह(प्रभात मंत्र संवाददाता):** जिला सचिव कॉमरेड बिरजू राम ने प्रेस बयान जारी कर कहा कि सभी जगह प्रखण्ड कमिटी एवं लोकल कमिटी का गठन हो चूका है आगे एक दिवसीय जिला कार्यकर्ता सम्मेलन बरवाडीह के बहेराटाड़ में आगामी 20 अप्रैल 2025 को होना है जिसे लेकर सम्मेलन में जिला से लगभग 100 प्रतिनिधि शामिल होंगे जो प्रखण्ड कमिटी लोकल कमिटी के सदस्य एवं शाखा सचिव होंगे। कार्यक्रम की शुरुआत 9 बजे दिन में शहीद वेदी पर पुष्पाजलि कर किया जाएगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि केंद्रीय किसान नेता एवं भाकपा माले झारखण्ड राज्य कमिटी के स्थाई सदस्य गरीबो के मजबूत आवाज कॉमरेड बीएन सिंह तथा जिला पर्यवेक्षक राज्य कमिटी सदस्य कॉमरेड भुनेश्वर बेदिया होंगे शामिल होंगे। सम्मेलन के दौरान राज्य सम्मेलन के लिए प्रतिनिधि का चुनाव किया जाएगा।

## 25 अप्रैल तक सभी राशन कार्ड धारियों को ई-केवाईसी करवाना अनिवार्य

**बारियातू(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड के सभी जन वितरण प्रणाली की दुकानों में आइरिश के माध्यम से ई-केवाईसी करने हेतु ई-पॉस मशीन में सॉफ्टवेयर इनस्टॉल कर दिया गया है। वैसे सभी कार्डधारक जिनके परिवार वालों का बॉयोमेट्रिक से केवाईसी नहीं हो पाया है। अब उनका आँख से आइरिश मशीन के द्वारा केवाईसी किया जा सकता है। शेष बचे हुए सभी कार्डधारकों के अपील करते हुए एमओ आशीष रंजन ने कहा की अविलंब अपने पोषक क्षेत्र के जन वितरण प्रणाली दुकानदार से मिल कर 25 अप्रैल तक केवाईसी करवा लें।

## पवित्र क्रुस यात्रा के साथ मनाया गया गुड फ्राइडे



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**महुआडांड़ (लातेहार) :** महुआडांड़ प्रखंड में शुक्रवार को गुड फ्राइडे (पुण्य शुक्रवार) के अवसर पर धार्मिक श्रद्धा और भक्ति के साथ विशेष प्रार्थनाओं का आयोजन किया गया। महुआडांड़ के संत जोसेफ बड़े चर्च सहित साले, दौना, पकरीपाठ, चीरोपाठ, चेतमा और तुन्दुटोली चर्च में ईसाई समुदाय के लोगों ने प्रभु यीशु के बलिदान को स्मरण करते हुए पुण्य शुक्रवार मनाया।प्रार्थना से पूर्व पवित्र क्रुस रास्ता का आयोजन किया गया, जिसमें प्रभु यीशु मसीह के मरणकालीन क्षणों को याद करते हुए 14 स्थानों पर क्रुस यात्रा की गई। इस दौरान युवा संघ के सदस्यों ने प्रभु यीशु के दुःखभोग और क्रूसारोहन की झांकी प्रस्तुत की, जिसने उपस्थित श्रद्धालुओं को गहराई से भावुक कर दिया।

**मुख्य अनुष्ठानकर्ता फादर का संदेश**

क्रुस रास्ता के बाद विशेष प्रार्थना समारोह का नेतृत्व मुख्य अनुष्ठानकर्ता फादर ने किया। उन्होंने कहा, आज जब हम गुड फ्राइडे मना रहे हैं, हमें क्रुस की ओर ध्यान केंद्रित करना चाहिए, जिस पर संसार के मुक्तिदाता टंगे थे। प्रभु ने जो कष्ट सहे, वह हमें जीवन के संघर्षों को प्रभु में आस्था के साथ सहन करने की सीख देता है। उन्होंने आगे कहा कि खीस्तीय दृष्टिकोण से कष्ट सहना प्रभु के दुःखभोग का सहभागी बनने का प्रतीक है, और यह पुण्य प्रद माना जाता है। प्रभु यीशु का बलिदान मानव जाति के लिए उनके असीम प्रेम का प्रतीक है, जिसने क्रुस पर से ही अपने विरोधियों को भी क्षमा कर दिया।

**फादर सुरेश किडो का संदेश- सेवा का प्रतीक है गुड फ्राइडे**

महुआडांड़ पल्ली के पुरोहित फादर सुरेश किडो ने बताया कि गुड फ्राइडे वह दिन है जब हम प्रभु यीशु के दुःखभोग और बलिदान को स्मरण करते हैं। उन्होंने कहा, ÷आज के दिन का संदेश है - प्रेम, क्षमा और सेवा। हमें अपने परिवारों और समाज के साथ प्रेम और भाईचारे के साथ रहकर प्रभु के बताए मार्ग पर चलना चाहिए। फादर रोशन केरकेट्टा के नेतृत्व में युवा संघ के सदस्यों द्वारा क्रुस यात्रा का आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस धार्मिक आयोजन में सभी पल्ली वासी, फादर, सिस्टर और युवक-युवतियों ने भक्ति भाव से भाग लिया।

## अंबेडकर आवास की राशि में 65,000 की ठगी, स्वयंसेवक पर लगा गंभीर आरोप

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बालूमाथ :** प्रधानमंत्री आवास योजना समेत अन्य योजनाओं में लाभुकों से अवैध वसूली का मामला एक बार फिर सामने आया है। बालूमाथ प्रखंड के बालू ग्राम निवासी ललिता देवी, जो एक आदिवासी विधवा महिला हैं, ने स्वयंसेवक वीरेंद्र प्रजापति पर 65,000 की ठगी का आरोप लगाया है। ललिता देवी ने बालूमाथ थाना में आवेदन देकर बताया कि उन्हें वित्तीय वर्ष 2023-24 में अंबेडकर आवास योजना के तहत लाभ मिला था। 19 अक्टूबर 2023 को उनके खाते में 40,000 की पहली किस्त आई थी। वीरेंद्र प्रजापति ने उन्हें आराहरा गांव स्थित सीएसपी संचालक मनोहर सिंह के पास ले जाकर अंगूठा लगवाया और सिर्फ 20,000 देकर भेज दिया। इसके बाद 13 नवंबर को 85,000 की दूसरी किस्त आई, जिसे 14 नवंबर को निकाला गया। लेकिन इस बार भी उन्हें केवल 40,000



ही दिया गया। जब ललिता देवी ने शेष राशि के बारे में पूछा तो वीरेंद्र ने कहा कि बाकी पैसे बीपीएम आशीष केसरी और बीडीओ बालूमाथ को घूस के रूप में देने पड़ते हैं।ललिता देवी ने बताया कि जब उन्होंने विरोध किया तो वीरेंद्र ने धमकी दी और कहा कि जहां जाना है जाओ, हम लोग ऊपर के आदेश पर ही पैसा लेते हैं। इस संबंध में थाना प्रभारी अमरेंद्र कुमार ने कहा कि आवेदन प्राप्त हुआ है और मामले की जांच कर कार्रवाई की जाएगी। ज्ञात हो कि वीरेंद्र प्रजापति पर पहले भी बालू ग्राम के दर्जनों लाभुकों से पैसे वसूलने का आरोप लग चुका है। वहीं वीरेंद्र ने सभी आरोपों को बेबुनियाद बताया है।

प्रभात मंत्र
e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
झारखंड
रांची, शनिवार, 19 अप्रैल 2025| पेज


# भाजपा 21 अप्रैल को निकालेगी विशाल आक्रोश रैली

- आयोजित होगी डॉ. भीमराव अंबेडकर गोष्ठी
- संविधान सर्वोपरि है, किसी भी हालत में शरिया नहीं चलेगा : प्रदीप प्रसाद
- हफीजुल हसन का बयान राष्ट्रविरोधी है, जनता जवाब देगी 21 अप्रैल को : प्रदीप प्रसाद
- संविधान के अपमान पर चुप नहीं बैठेगी भाजपा : विवेकानंद सिंह



प्रभात मंत्र संवाददाता

**हजारीबाग :** भारतीय जनता पार्टी, हजारीबाग जिला द्वारा दिनांक 21 अप्रैल को एक विशाल आक्रोश रैली एवं डॉ. भीमराव अंबेडकर विचार गोष्ठी का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु शुक्रवार को सदर विधायक प्रदीप प्रसाद के कार्यालय स्थित सभागार में एक विशेष बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता भाजपा जिला अध्यक्ष विवेकानंद सिंह ने की, जबकि बैठक में मुख्य रूप से सदर विधायक प्रदीप प्रसाद, पार्टी के पूर्व अध्यक्ष सहित भाजपा के अनेक वरिष्ठ पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। बैठक में सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं को आह्वान किया गया कि 21 अप्रैल को आयोजित रैली में अधिक से अधिक संख्या में आम जनमानस की भागीदारी सुनिश्चित की जाए, जिससे सरकार को यह स्पष्ट संदेश दिया जा सके कि देश संविधान से चलेगा, न कि किसी मजहबी कानून से।

**रैली का उद्देश्य**

भारतीय जनता पार्टी की यह आक्रोश रैली झारखंड सरकार के मंत्री हफीजुल हसन द्वारा दिए गए विवादित और संविधान विरोधी बयान पहले शरिया फिर संविधान के विरोध में आयोजित की जा रही है। भाजपा नेताओं का मानना है कि यह बयान भारतीय संविधान, लोकतंत्र, और बाबा साहब डॉ. अंबेडकर की विचारधारा का घोर अपमान है। यह बयान केवल एक समुदाय को तुष्ट करने की राजनीति का हिस्सा है, जो देश की एकता, अखंडता एवं सामाजिक सौहार्द को खतरे में डालता है। 21 अप्रैल को आयोजित इस रैली एवं गोष्ठी में कई वरिष्ठ और प्रतिष्ठित नेता उपस्थित रहेंगे, जिनमें प्रमुख से दीपक प्रकाश, राज्यसभा सांसद एवं भाजपा झारखंड के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष,भोला सिंह, लोकसभा सांसद, बुलंदशहर (उत्तर प्रदेश) एवं भाजपा एससी मोर्चा के राष्ट्रीय महामंत्री,सुरेश साहू, संयोजक शामिल रहेंगे. रैली के उपरांत डॉ. भीमराव अंबेडकर विचार गोष्ठी का आयोजन किया जाएगा, जिसमें बाबा साहब के संविधान निर्माण में योगदान, उनके विचार एवं वर्तमान सामाजिक-सांस्कृतिक चुनौतियों पर विचार विमर्श किया जाएगा। वक्ताओं के माध्यम से संविधान की रक्षा एवं समानता, स्वतंत्रता, बंधुत्व जैसे मूल मूल्यों को जनमानस तक पहुँचाया जाएगा। भाजपा ने जनता से अपील की है कि वे संविधान की गरिमा की रक्षा एवं राष्ट्र की एकता के समर्थन में 21 अप्रैल की रैली में अधिक से अधिक संख्या में सम्मिलित हों और मंत्री के बयान के विरोध में एकजुट होकर लोकतांत्रिक आवाज बुलंद करें। सदर विधायक प्रदीप प्रसाद ने कहा की झारखंड सरकार के मंत्री हफीजुल हसन द्वारा दिया गया बयान 'पहले शरिया फिर संविधान' न केवल संविधान का अपमान है, बल्कि यह राष्ट्र की एकता और लोकतंत्र पर सीधा हमला है। भारत एक धर्मनिरपेक्ष राष्ट्र है, जहाँ संविधान सर्वोच्च है, न कि कोई मजहबी कानून। बाबा साहब अंबेडकर ने हमें जो संविधान दिया, वह हर भारतीय की अस्मिता और अधिकारों की गारंटी है। ऐसे विचार हमारे देश की गंगा-जमुनी तहजीब और भाईचारे के खिलाफ हैं। हम इस सोच को कभी स्वीकार नहीं करेंगे। जनता जाग चुकी है और 21 अप्रैल को हजारीबाग की धरती से इसका जवाब दिया जाएगा। जिला अध्यक्ष विवेकानंद सिंह ने कहा की हफीजुल हसन का बयान संविधान विरोधी और विभाजनकारी है। भाजपा चुप नहीं बैठेगी। 21 अप्रैल को हजारीबाग की जनता संविधान के समर्थन में एकजुट होकर उसे करारा जवाब देगी। मौके पर प्रदेश कार्य समिति सदस्य के.पी ओझा, हरीश श्रीवास्तव, सुदेश चंद्रवंशी, पूर्व जिला अध्यक्ष अशोक यादव, टुन्नु गोप, जिला उपाध्यक्ष रेणुका साहू, जिला मंत्री कुणाल किशोर, प्रदेशकार्य समिति सदस्य एससी मोर्चा विशाल वाल्मीकि, प्रदेश कार्य समिति किसान मोर्चा मनमीत अकेला, महिला मोर्चा अध्यक्ष साक्षी राणा,मूलचंद साहू, मंडल अध्यक्ष सदर पूर्वी रणधीर पांडे, किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष इंद्र नारायण कुशवाहा,दीपक पांडे सहित कई लोग मौजूद रहें.

## ओरपरता में भव्य कलश यात्रा एवं प्राण प्रतिष्ठा समारोह का आयोजन, विधायक मनोज यादव ने बढ़ाया भक्तों का उत्साह

- महायज्ञ जैसे धार्मिक कार्य से गांव समृद्ध होता है और खुशहाली आती है : मनोज यादव



प्रभात मंत्र संवाददाता

**बरही :** बरही प्रखंड अंतर्गत ओरपरता में नौ दिवसीय श्री श्री 1008 महारुद्र शिव परिवार प्राण प्रतिष्ठा एवं श्री विश्वकर्मा भगवान प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर भव्य यज्ञ का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कलश यात्रा निकाली गई, जिसमें भारी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। कलश यात्रा के माध्यम से भक्तों ने पवित्र जल अर्पित कर धार्मिक वातावरण को और अधिक पावन बनाया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में बरही विधायक मनोज यादव शामिल हुए और यज्ञ में सम्मिलित होकर श्रद्धालुओं का हौसला बढ़ाया। विधायक मनोज यादव ने प्राण प्रतिष्ठा जैसे आध्यात्मिक आयोजन को सामाजिक एकता और सांस्कृतिक विरासत की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने आयोजन समिति और ग्रामवासियों की सराहना की तथा भविष्य में ऐसे धार्मिक आयोजनों के निरंतर आयोजन की कामना की। बताते चलें कि पूरे ग्राम में धार्मिक उत्साह और भक्ति भाव का माहौल देखने को मिला। कलश यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं का जोश और आस्था देखने योग्य थी। मौके पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, जिला परिषद उपाध्यक्ष किशुन यादव, भाजपा पूर्वी मण्डल अध्यक्ष विजय यादव, गुरुदेव गुप्ता, मुखिया प्रतिनिधि अर्जुन रविदास, भुनेश्वर यादव, उप मुखिया बलराज यादव, पंसस प्रतिनिधि बिहारी यादव, अध्यक्ष नंदलाल राणा, सचिव बालकिशोर यादव, कोषाध्यक्ष कैलाश यादव, उपाध्यक्ष मुकेश यादव, उपसचिव अशोक सिंह, पूर्व मुखिया दसरथ यादव, राजेश यादव, अशोक सिंह, रंजीत दवन, अंगेश यादव भाजपा ओबीसी, पिंटू राणा, त्रिलोकी राणा, नन्द लाल राणा, मुकेश यादव, कमलदेव सिंह, शिवाली सिंह, चन्द्रिक सिंह, महेश यादव, बालकिशोर यादव, सुदामा यादव, अनिल यादव, बसन्त यादव, समेत अन्य श्रद्धालु शामिल थे।

## अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा की बैठक संपन्न, 29 कों भगवान परशुराम की जयंती मनाने का निर्णय



प्रभात मंत्र संवाददाता

**झुमरीतिलैया :** अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा की एक बैठक बंगाली मोहल्ला देवी मंडप में हुई । बैठक कि अध्यक्षता अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा के जिला अध्यक्ष अनूप जोशी तथा संचालन जिला मंत्री पंकज दुबे ने किया। बैठक में परशुराम जयंती मनाने के लिए निर्णय लिया गया।बैठक में चर्चा हुई विगत वर्षो से परशुराम जयंती मनाते हैं पूजा अर्चना,भव्य भंडारा,जुलूस निकालते हैं उसी तरीके से भव्य रूप से मनाई जाएगी ।बैठक में जिला अध्यक्ष अनूप जोशी ने कहा कि भगवान विष्णु के छठे अवतार भगवान परशुराम जी की जयंती के अवसर पर 29 अप्रैल सुबह पूजा अर्चना करेंगे और अखंड रामायण पाठ किया जाएगा। भव्य एवं भंडारा प्रसाद की व्यवस्था किया जाएगी ।संध्या 4ः00 बजे से भजन संध्या का आयोजन किया जाएगा। दूसरे दिन 30 अप्रैल को अखंड रामायण पूर्ण होने पर हवन के साथ पूजा अर्चना कर कार्यक्रम का समापन किया जाएगा ।इस कार्यक्रम में सभी सनातन धर्म प्रेमी से सादर आग्रह है आप पूजा में सादर आमंत्रित है और सभी मिलजुलकर कार्यक्रम को सफल बनाएं। बैठक में राधेश्याम पांडेय, संजय बनर्जी ,चंद्रशेखर जोशी ,उपेंद्र दुबे, हृदयानन्द मिश्रा , दिनेश मिश्रा, कमलकांत पाण्डेय,विजय शुक्ला, ऋषिकांत पांडेय ,विनय शांडिल, जय मंगल पांडेय ,सुधांशु पांडेय, ललित जोशी, विनोद शर्मा, नितिन मिश्रा, सोनू पांडेय , धनंजय पांडेय, प्रवीण पांडेय, छोटेलाल पांडेय , सुजीत पांडेय, वैभव पांडेय, उज्जवल पांडेय, सूरज पांडेय, लखन पांडेय, प्रसून शांडिल्य , प्रभाकर झा,लोकेश पांडेय ,गौतम पांडेय, धनंजय उपाध्याय,अवध किशोर पांडेय ,लोकेश पांडेय, विजय प्रकाश द्विवेदी, सौरभ तिवारी, संतोष बनर्जी, उमाशंकर पाण्डेय,आदि उपस्थित हुए।

## मिशन होस्पिटल में आज निःशुल्क स्वास्थ्य जाँच शिविर

**हजारीबाग :** रविन्द्र पथ बिजली ऑफिस के विपरीत स्थित संत कोलम्बस मिशन होस्पिटल में आज शनिवार को निःशुल्क स्वास्थ्य जाँच शिविर लगाया गया है। जिसमें ब्रेन, स्पाइन एवं नस रोग विशेषज्ञ डॉ. विराट हर्ष निशुल्क जांच एवं परामर्श में अपना योगदान देंगे। शिविर में ब्रेन स्ट्रोक/लकवा/ब्रेन हेमरेज, सर एवं रीढ़ में चोट, सिरदर्द या माइग्रेन, मिर्गी के दौरे/फरका, चेहरे के नसों में दर्द, चेहरे का लकवा, हैड्रोकिफहलस, पार्किंसन, अल्जामडर, स्पाइनल ट्यूमर, गर्दन, पीठ या कमर दर्द, साइटिका या स्लिप डिस्क, सिर और पैर का सुन्न होना, रीढ़ की हड्डी में फ्रैक्चर, कार्पल टनल सिंड्रोम, न्यूरोपैथी, हाथ पैर कापना, हाथ पैर में सूनापन या झनझनाहट, ब्रेन या स्पाइन की जन्मजात विकृति एवं याददाश्त में कमी पर निशुल्क परामर्श प्रदान किया जाएगा। शिविर पूरी तरह से निशुल्क है। मिशन होस्पिटल में ब्रेन, स्पाइन एवं नस रोग विशेषज्ञ डॉ. विराट हर्ष प्रत्येक शनिवार को दोपहर 2ः00 से 3ः00 बजे तक बैठते हैं और मरीजों की सेवा में अपना योगदान देते आ रहें हैं।

## जी. एस. पब्लिक स्कूल में बच्चों को फायर ऑफिसर ने आग पर काबू करने का दिया प्रशिक्षण



**डोमचांच (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** जी.एस. पब्लिक स्कूल में दमकल विभाग ऑफिसर रामचंद्र महतो तथा उनके सहयोगी हेमंत कांडुल्ना के द्वारा विद्यालय के शिक्षक, शिक्षकेतर कर्मी एवं छात्रों को आग पर काबू पाने का प्रशिक्षण दिया गया। विद्यालय के अध्यक्ष प्रदीप कुमार सिंह, निदेशक नितेश कुमार , उप निदेशक नीरज कुमार, प्राचार्य प्रतिमा कुमारी, कोऑर्डिनेटर सोनी चंदन, सीसीए कोऑर्डिनेटर मोहम्मद इलियास के द्वारा मोमेंटो तथा पुष्प गुच्छ भेंट सम्मान स्वरूप दिये गये।प्रशिक्षण के दौरान अधिकारियों द्वारा डेमो के माध्यम से आग फैलने व उसे रोकने के उपाय बताए गए। फायर बिग्रेड का यह कार्यक्रम अग्नि सेवा सप्ताह के तहत किया गया। जिसमे सभी को आग पर काबू पाने और अग्नि सुरक्षा उपकरणों के संचालन के बारे में जानकारी दी गयी। जिला अग्निसमन प्रभारी ने छात्रों को हर तरह से होने वाले आग पर काबू करने के उपाय बताए। उन्होंने कहा कि अचानक आग लगने से घबराना नही है विवेक का इस्तेमाल करके हुए सही तरीके से हम आग पर काबू पाना चाहे तो यह मुश्किल कार्य नही है। वहीं विद्यालय के छात्रों के द्वारा विभिन्न तरह के पोस्टर बनाए गए तथा बच्चों के बीच में आग पर कैसे काबू पाएं उसके बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई। इस कार्यक्रम में सभी शिक्षक तथा बच्चे उपस्थित हुए और आग पर कैसे काबू किया जाए उसके बारे में उन्हें ज्ञान प्राप्त हुआ।

## गुड फाइडे पर प्रभु यीशु की निकाली गई क्रूस यात्रा

**कोडरमा (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** मसीही समुदायों का त्याग और बलिदान का प्रतीक गुड फाइडे का त्यौहार जिले में शांति और सद्भावपूर्ण वातावरण में सम्पन्न हुआ। जिला मुख्यालय स्थित जीवन ज्योति आश्रम स्थित चर्च में गुड फाइडे का त्यौहार पारंपरिक रीतिरिवाजों से मनाते हुए मसीही समुदाय के लोगों ने प्रभु यीशु के त्याग और बलिदान को याद किया ।चर्च के फादर पात्रिक मिंज और पौलुस बाखला के नेतृत्व में गुड फाइडे के मौके पर प्रभु यीशु का क्रूस यात्रा निकाला गया ,क्रूस यात्रा चर्च के मुख्य द्वार से शुरू हुआ ,इस दौरान प्रभु के क्रूस यात्रा के दौरान 14 जगहों पर क्रूस को रखा गया और यीशु की आत्मा की शांति के लिए सामूहिक रूप से प्रार्थना की गई ,इसके उपरांत चर्च में फादर पात्रिक मिंज के नेतृत्व में मीसा पूजा की गई ,इस दौरान प्रभु यीशु के संदेशों को सुनाते हुए फादर पौलुस बाखला ने कहा कि देश और दुनिया मे शांति और प्रेम कायम करने तथा मानव जीवन के कल्याण के लिए प्रभु ने अपने जीवन का त्याग किये थे ।उन्होंने कहा कि प्रभु यीशु का मामना है कि मानवता की सेवा करना ही सबसे बड़ा धर्म है ,बिना किसी के साथ भेदभाव किये ,सबके साथ समान व्यवहार करना चाहिए ।

## अवैध खनन को लेकर कार्रवाई करने गयी पुलिस टीम पर हमला मामले में चार आरोपी गिरफ्तार



प्रभात मंत्र संवाददाता

**कोडरमा :** पुलिस ने जिले के ढाब थाना क्षेत्र के गोरियाडीह में गत दिन अवैध खनन को लेकर कार्रवाई करने गयी टीम पर हमला करने के चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है. गिरफ्तार आरोपियों में दीपक साव 33 वर्ष पिता-इंदर साव उर्फ इंदरदेव साव, किशुन सिंह 70वर्ष पिता-स्व0 भातु सिंह, कपील तुरी 59 वर्ष पिता-स्व0 लालधारी तुरी, सुरज कुमार, 20 वर्ष पिता-शरीफ तुरी, सभी ग्राम- गोरियाडीह ढाब शामिल हैं. इनके पास से बोलेरो वाहन सं जेएच17डी4808 एवं उसपर तीन सीमेंट की बोरी में अवैध ग्रीन पत्थर भरा करीब 150 किलो बरामद किया गया है. जानकारी के अनुसार 29 मार्च की रात्रि में ढाब थाना क्षेत्र अंतर्गत गोरियाडीह जंगल में विक्की मेहता व प्रवीण मेहता ने कुछ ग्रामिणों के साथ गोरियाडीह जंगल में अवैध रूप से ग्रीन पत्थर का उत्खन्न कर मालवाहक गाडियों मे लोड कर तस्करी करने की सूचना प्राप्त हुई थी. सूचना पर पहुंची पुलिस के वाहन पर अपराधियों ने पथराव किया था. इस संबध में ढाब थाना कांड संख्या- 02/25 दर्ज कर छानबीन शुरू की गयी. एसपी के निर्देशानुसार ढाब थाना प्रभारी रवि प्रकाश के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया. उक्त टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए इस कांड में फरार चल रहे अभियुक्तों में सें चार आरोपियों को गिरफ्तार किया.जिसे जेल भेज दिया गया.

## बिरहोर परिवारो के बीच दैनिक उपयोगी सामानों का किया गया वितरण



प्रभात मंत्र संवाददाता

**कटकमसांडी :** कटकमसांडी बिरहोर टंडा में शुक्रवार को एनटीपीसी के अधिनस्थ काम करने वाले कंपनी प्रणभ नमन मिनिरल्स ने बिरहोर परिवारो के बीच दैनिक उपयोगी सामानों का वितरण किया गया ।इस दौरान कंपनी की ओर से सभी बिरहोर परिवारो को नास्ता पैकेट भी दिया गया । इस मौके पर सार्ननेश्वर कंपनी के अरुण पांडेय , विपिन पांडेय , गौतम शर्मा , मधुसूदन पांडेय ,अनुज ठाकुर , आशीष सिंह और शैलेंद्र कुमार ने बताया कि बिरहोर परिवार को आम लोगों के जीवनशैली की तरह करने को लेकर जहां उन्हें जागरूक किया जा रहा है ,वही उनके बीच साबुन सर्फ तेल आदि देकर उन्हें आम लोगों की तरह नित्य दिन स्नान करने के लिए प्रेरित कर रहे हैं । कंपनी का उद्देश्य है कि आदिम जनजाति बिरहोर का जीवनशैली एक आम लोगों की तरह हो । कंपनी के अरुण पांडेय ने कहा कि बिरहोर परिवारो के जीवन शैली को सुधारने के लिए कंपनी लगातार प्रयास कर रही है । इसके लिए उन्होंने बिरहोर परिवारो को भी बढ़-चढ़ कर भागीदारी निभाने को कहा ।

## वसुंधरा बस के चपेट में मोटरसाइकिल सवार दो घायल

प्रभात मंत्र संवाददाता

**डोमचांच :** नवलशाही थाना क्षेत्र अंतर्गत कोडरमा - गिरिडीह मुख्य मार्ग स्थित विंडोमोह क़र्बला मोड़ के समीप वसुंधरा बस जेएच 12 ई 3725 के चपेट मे मोटरसाईकिल यूपी 14 एन 8729 पर सवार दो व्यक्ति घायल हो गया. घायल व्यक्ति की पहचान महेशवर साव उम्र लगभग 60 वर्ष ग्राम जेरुआडीह, घोड़थम्भा, थाना राजधनवार, जिला गिरिडीह निवासी के रूप मे हुई है। दूसरा 5 वर्षीय किशोर है. इसकी पहचान नहीं हो पाई थी. मिली जानकारी के अनुसार बाईक सवार पर महेशवर साव 05 वर्षीय किशोर को सवार कर नवलशाही की ओर से जेरुआडीह (घोड़थम्भा) घर जा रहा था। इसी दौरान विपरीत दिशा से आ रही बसुंधरा बस की चपेट मे बाईक सवार आ गया। जहाँ स्थानीय लोग व नवलशाही पुलिस की मदद से घायलों को कुमार क्लिनिक पुरनाडीह ले गया जहाँ प्राथमिकी उपचार कर दोनों घायलों को गंभीर देखते हुए सदर अस्पताल कोडरमा भेज दिया गया। इधर नवलशाही पुलिस दोनों वाहनों को जब्त कर नवलशाही थाना परिसर मे सुरक्षित रखा गया है।

## सेवानिवृत्त शिक्षक ने किया लिटिल किड्स प्ले स्कूल का उद्धघाटन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**विष्णुगढ़ :** विष्णुगढ़ प्रखण्ड मुख्यालय के विष्णुगढ़- गोमियां मार्ग काली मंदिर के समीप में आज लिटिल किड्स प्ले स्कूल का उद्धघाटन किया गया। बतौर मुख्यातिथि हाई स्कूल सेवानिवृत्त शिक्षक वीरेन्द्र कुमार उपाध्याय( उपाध्याय सर) ने लिटिल प्ले किड्स स्कूल का फीता काटकर उद्धघाटन किया। उद्धघाटन समारोह को सम्बोधित करते हुए उपाध्याय सर ने कहा कि आज के परिवेश में शिक्षा का स्तर और शिक्षा के प्रति झुकाव दोनो में काफी बदलाव हो चुका है। इसलिए आज आधुनिक दौर में प्ले स्कूल का भी महत्व बढ़ा है,ऐसे में इसका प्रारम्भ निसंदेह शिक्षा के स्तर में बढ़ोतरी का होगा। जैसा कि लिटिल किड्स प्ले स्कूल,नाम में हीं खेल जुड़ा है,इसमें छोटे-छोटे नन्हे-मुन्ने बच्चे खेल-खेल में पढ़ाई के गुर सीखते है,इस परिवेश में शुरू से हीं इनमें पढ़ाई के प्रति इच्छा जागृत होती है,और पढ़ाई के प्रति लगाव बढ़ जाता जो इनके आने वाले भविष्य के लिए अच्छा होता है।इस स्कूल में जितनी सुविधाएं होनी चाहिए लगभग सारी है। इस मौके पर मुख्य रूप से डायरेक्टर पंकज कुमार,ओमप्रकाश वैध,मुकेश कुमार,रुकेश प्रसाद,विशाल कुमार, संदीप कुमार, अमर कुमार, अमित कुमार कसेरा,मुरलीधर स्वर्णकार, नितेश कुमार, अनिल कुमार महतो,पुनीत कुमार महतो,महेंद्र राम,दीपक कुमार यादव,गौरव कुमार सिन्हा, रॉकी सोनी,नवीन सोनी,प्रमोद सिंह,धन्नू महतो,चुरामन महतो,पप्पू साव,विशाल साव,विशाल प्रजापति,संदीप कुमार,शिवम कुमार, प्रवीण कुमार महतो,सागर शर्मा,आदित्य शर्मा समेत दर्जनों लोग शामिल थे।

## शरिया को संविधान से ऊपर वाले बयान का शेर सिंह ने किया विरोध



प्रभात मंत्र संवाददाता

**केरेडारी :** झारखंड सरकार के मंत्री हफीजुल हसन द्वारा शरिया कानून को भारतीय संविधान से ऊपर बताने संबंधी बयान पर केरेडारी भाजपा युवा मोर्चा के प्रखंड अध्यक्ष सुनील राज सिंह उर्फ शेर सिंह ने कड़ा आपत्ति जताया है। उन्होंने कहा कि मंत्री द्वारा दिया गया अमर्यादित व असंवैधानिक बयान न केवल भारतीय संविधान की मूल आत्मा पर चोट है बल्कि यह देश की एकता अखंडता और सामाजिक समरसता के लिए भी घातक है। एक जनप्रतिनिधि से यह अपेक्षा की जाती है कि वह अपने शब्दों और विचारों में संयम बरते संविधान की मर्यादा का पालन करे और देश के नागरिकों के बीच सद्भाव बनाए रखे। हसन का बयान स्पष्ट रूप से उनके कर्तव्यों और संवैधानिक पद की गरिमा के विपरीत है। यह बयान न केवल करोड़ों भारतीयों की भावनाओं को आहत करता है बल्कि एक गलत परंपरा को बढ़ावा देता है जिसमें सत्ता के नशे में चूर नेता संविधान को ताक पर रख कर मनमानी बयानबाजी करते हैं। हम यह स्पष्ट करना चाहते हैं कि भारत का संविधान सर्वोच्च है चाहे कोई भी पद पर क्यों न हो उसे संविधान की सीमाओं में रहकर ही कार्य करना चाहिए। उन्होंने कहा कि भारत में संविधान सर्वोपरि है, और जो लोग शरिया को संविधान से ऊपर मानते हैं, उन्हें उसी देश में जाना चाहिए जहाँ शरिया कानून लागू है। भगवान बिरसा मुंडा और डॉ. भीमराव आम्बेडकर की धरती पर शरिया या उसकी सोच के लिए कोई जगह नहीं है! यदि कोई मंत्री संविधान का अपमान करता है, तो वह न सिर्फ अपने पद के अयोग्य बनता है, बल्कि देश की लोकतांत्रिक व्यवस्था के लिए भी खतरा बन जाता है। एक तरफ इस देश के नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी हाथ में संविधान की प्रति लेकर घूमते है वहीं दूसरी ओर उनके पार्टी के नेता के ऐसे असंवैधानिक बयान देते है जिसकी हम कड़ी निंदा करते हैं और इसलिए राहुल गांधी व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन जी से मांग करते हैं कि हाजीफुल हसन को उनके पद से तुरंत बर्खास्त किया जाए, और उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई हो, ताकि भविष्य में कोई भी जनप्रतिनिधि ऐसी शर्मनाक और असंवैधानिक टिप्पणी करने से पहले सौ बार सोचे। संविधान के सम्मान में हम कभी पीछे नहीं हटेंगे और जो भी उसका अपमान करेगा, उसका लोकतांत्रिक तरीके से विरोध जताते हैं।

## इन्फिनिक्स ने नोट 50एस 5जी+ पेश किया



**रांची(प्रभात मंत्र संवाददाता):** आधुनिक समय के स्मार्टफोन ब्रांड इन्फिनिक्स ने आज भारत में अपनी फ्लैगशिप डिवाइस - नोट 50एस 5जी+ लॉन्च की। यह एक पावरहाउस डिवाईस है, जो डिज़ाइन, परफॉरमेंस और यूज़र एक्सपीरियंस के मामले में अपेक्षाओं को बढ़ा देगी। इस फ्लैगशिप डिवाइस ने अत्याधुनिक डिज़ाइन और टेक्नोलॉजी और 144हर्ट्ज़ कर्व्ड एमोलेड डिस्प्ले के साथ भारत के सबसे स्लिम स्मार्टफ़ोन के रूप में एक नया मानक स्थापित कर दिया है। नोट 50एस 5जी+ आज से फ्लिपकार्ट पर तीन शानदार रंगों मरीन ड्रिफ्ट ब्लू (वीगन लेदर), टाइटेनियम ग्रे (मैटेलिक फ़िनिश), बरगुंडी रेड (मैटेलिक फ़िनिश) में 14,999 रुपये (सभी ऑफ़र सहित) के विशेष मूल्य में उपलब्ध है।इन्फिनिक्स इंडिया के सीईओ अनीश कपूर ने कहा, ÷इन्फिनिक्स में हम अपने हर लॉन्च के साथ यूज़र्स की बदलती जरूरतों को पूरा करने की ओर कदम बढ़ाते हैं। अपने पिछले स्मार्टफोन, नोट 50× 5जी+ में हमने यूज़र्स के फीडबैक के आधार पर सॉफ्टवेयर को अपग्रेड किया और एक्सओएस 15 पेश किया। हमारे इस कदम को ग्राहकों ने काफी सराहा, जिससे निर्माण प्रक्रिया में यूज़र्स को शामिल करने का हमारा विश्वास मजबूत हुआ। नोट 50एस 5जी+ में हमने प्रीमियम सीएमएफ, बेहतरीन परफॉरमेंस और सेगमेंट के सबसे स्लिम 144हर्ट्ज़ कर्व्ड एमोलेड डिस्प्ले के साथ हमने मानकों को और अधिक बढ़ा दिया है।इसमें मीडियाटेक डाइमेंसिटी 7300 चिपसेट के साथ 5500एमएएच की बैटरी दी गई है। इसलिए यह पूरे दिन हर स्वाइप, स्ट्रीम और स्क्रॉल के साथ स्मूथ परफॉरमेंस प्रदान करता है।ढ्ढ-आधारित पर्सनलाइजेशन, एक्सओएस 15 और वन-टैप इन्फिनिक्स ढ्ढ से स्मार्ट और इंट्यूटिव अनुभव प्राप्त होता है, वहीं 64स्क्क सोनी ढ्ढरूङ्ग682 कैमरा एवं मिलिटरी-ग्रेड ड्यूरेबिलिटी से बेहतरीन स्टाईल और फंक्शन प्राप्त होता है।

## मोटोरोला ने लॉन्च किया मोटो बुक 60




**रांची(प्रभात मंत्र संवाददाता):** मोबाइल तकनीकी और नवाचार में वैश्विक लीडर और भारत के प्रमुख एआई स्मार्टफोन ब्रांड, मोटोरोला, ने भारतीय बाजार में अपने पहले लैपटॉप, मोटो बुक 60 को वैश्विक स्तर पर लॉन्च कर अपनी इकोसिस्टम पेशकश को और मजबूत किया है। यह लॉन्च ब्रांड की इस दृष्टिकोण के अनुरूप है कि उपयोगकर्ताओं को डिवाइसों के बीच सहज कनेक्टिविटी और एक सहज इकोसिस्टम अनुभव प्रदान किया जाए। डिज़ाइन और नवाचार में नेतृत्व की विरासत को आगे बढ़ाते हुए, मोटो बुक 60 दो शानदार पैंटोन क्यूरेटेड रंगों - ब्रॉन्ज ग्रीन और वेजवुड में उपलब्ध है। केवल 1.39 किलोग्राम वज़न में, मोटो बुक 60 एक बेहद हल्का और पतला लैपटॉप है, जिसमें अंदर जबरदस्त पावर है। इसकी आकर्षक लुक्स इसके ऑल-मेटल बॉडी, वाइब्रेंट कलर्स और मिलिट्री-ग्रेड ड्यूरबिलिटी के कारण इसे और भी खास बनती है। स्मार्ट कनेक्ट के साथ, मोटो बुक 60 एक सहज और एकीकृत डिजिटल अनुभव का सेंट्रल हब बन जाता है। इसे प्रोडक्टिविटी और क्रिएटिविटी बढ़ाने के लिए डिज़ाइन किया गया है, और स्मार्ट कनेक्ट यूज़र्स को उनके मोटो बुक 60 को स्मार्टफोन, टैबलेट और अन्य डिवाइसेज़ से कनेक्ट करने की सुविधा देता है, जिससे यह एक फ्लूइड और कनेक्टेड इकोसिस्टम बनाता है। स्मार्ट क्लिपबोर्ड की सुविधा से यूज़र्स बिना किसी कठिनाई के डिवाइसेज़ के बीच कंटेंट को कॉपी और पेस्ट कर सकते हैं, जबकि स्वाइप टू शेयर एक आसान इशारे से कंटेंट को जल्दी और सहजता से शेयर करने की सुविधा देता है।

## मधुपुर-गिरिडीह सवारी गाड़ी में जानलेवा हमला से युवक जख्मी

**मधुपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** गिरिडीह सवारी गाड़ी में यात्रा कर रहे रंगासिरसा मांझतर निवासी 23 वर्षीय दिवाकर रजक को सीट विवाद में मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। जख्मी युवक का प्राथमिक इलाज अनुमंडल अस्पताल में कराया गया, स्थिति गंभीर देखते हुए बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल देवघर रेफर कर दिया गया है। घटना के संबंध में बताया जाता है कि गुरुवार को मधुपुर- गिरिडीह सवारी गाड़ी में यात्रा कर रहे दिवाकर रजक पर महेशमुंडा रेलवे स्टेशन पर लोहे के पाइप से जानलेवा हमला किया गया। हमले में दो व्यक्ति शामिल थे। जख्मी युवक को आरपीएफ ने इलाज के लिए अनुमंडलीय अस्पताल मधुपुर भेजा? दिया गया। प्राथमिक इलाज के बाद बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल देवघर भेजा गया है जहां युवक का इलाज चल रहा है।इस संबंध में आरपीएफ इंस्पेक्टर हरेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि गुरुवार को मधुपुर गिरिडीह सवारी ट्रेन से जख्मी एक युवक को इलाज के लिए अनुमंडलीय अस्पताल मधुपुर भेजा गया। बताया जाता है की सीट को लेकर ट्रेन में विवाद हुआ था। मामला क्या है यह जांच के बाद स्पष्ट होगा। युवक द्वारा लिखित शिकायत भी नहीं दी गई है।

## मधुपुर नगर भवन जिणोंद्धार कार्य का मंत्री हफीजुल हसन ने किया निरीक्षण

**मधुपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** झारखंड सरकार के अल्पसंख्यक कल्याण सह जल संसाधन विभाग के मंत्री हफीजुल हसन ने मधुपुर नगर परिषद परिसर में 9.88 करोड़ की लागत से जिणोद्धार व पूर्णविकास कार्य का निरीक्षण किया वहीं नगर विकास विभाग के अभियंता ने मंत्री हफीजुल हसन को नगर भवन का नक्शा दिखाते हुए निर्माण कार्य के संबंध में विस्तार पूर्वक जानकारी दी।मौके पर मंत्री ने अधिकारियों को दिशानिर्देश देते हुए कार्य को जल्द से जल्द पूरा करने को कहा बता दें की मंत्री हफीजुल हसन के द्वारा 21 सितंबर 2024 को नगर विकास एवं आवास विभाग के माध्यम से जुटको द्वारा राज्य निधि से इस कार्य का शिलान्यास किया गया था।

# रामगढ़ प्रेस क्लब की पंचम वार्षिक आम सभा संपन्न

➩ **धनबाद व हजारीबाग में पत्रकारों पर हुए हमले पर जिला प्रशासन दोषियों को जल्द गिरफ्तार करे : महेश मारवाह**

➩ **पत्रकारों के हितों की रक्षा के लिए रामगढ़ प्रेस क्लब सदैव रहेगा तत्पर : अध्यक्ष**

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ :** रामगढ़ प्रेस क्लब की पांचवीं वार्षिक आम सभा शुक्रवार को शहर के झंडा चौक के माता वैष्णों देवी मंदिर परिसर स्थित पंजाबी हिन्दू बिरादरी के सभा हॉल में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता रामगढ़ प्रेस क्लब के अध्यक्ष महेश मारवाह व संचालन अमितेश प्रकाश ने किया। इस आम सभा में कई अहम मुद्दों पर चर्चा की गई। जिसमें पत्रकारों के हितों की रक्षा के लिए रामगढ़ प्रेस क्लब सदैव तत्पर रहेगा। पत्रकारिता के क्षेत्र में रामगढ़ प्रेस क्लब के पत्रकार निष्पक्ष और निर्भीक होकर अपने कार्यों को तत्परता से करेंगे। आए दिन पत्रकारों पर राजनीतिक दल के लोगों द्वारा जानलेवा हमला किया जाता है। इसके खिलाफ रामगढ़ प्रेस क्लब सदैव पत्रकारों के हितों की रक्षा के लिए खड़ा रहेगा।आम सभा के दौरान रामगढ़ प्रेस क्लब के अध्यक्ष महेश मारवाह ने कहा कि आज से 6 वर्ष पूर्व रामगढ़ प्रेस क्लब की आधार रखी गई थी। हम लोगों के संगठन को सरकार से सबसे पहले मान्यता मिली है। आज हम पत्रकारों के हितों की रक्षा के लिए चर्चा कर रहे हैं। रामगढ़ प्रेस क्लब निष्पक्ष, निर्भीक और जन सरोकार से जुड़ी पत्रकारिता को मजबूती प्रदान करने का काम कर रहा है। पत्रकारिता के मानदंडों व सिद्धांतों को अपनाकर समाज के नवनिर्माण में अपनी कलम, कैमरे की मदद से अपनी भूमिका निभाने के लिए कृत संकल्पित है। रामगढ़ प्रेस क्लब में




क्षेत्रीय स्तर से लेकर राष्ट्रीय स्तर तक के पत्रकार जुड़े हुए हैं। जिन्होंने अपनी बेबाक पत्रकारिता के जरिए न केवल रामगढ़ जिला बल्कि पूरे प्रदेश में अपनी पहचान बनाई है। अंत में उन्होंने आम सभा के माध्यम से धनबाद में पत्रकारों के ऊपर एक राजनीतिक दल द्वारा किए गए जानलेवा हमले की भर्त्सना करते हुए धनबाद जिला प्रशासन एवं झारखंड सरकार से दोषियों को जल्द गिरफ्तार करने की मांग की है।पत्रकारों की हितों की रक्षा के लिए रामगढ़ प्रेस क्लब हमेशा आगे रहेगा। आम सभा में रामगढ़ प्रेस क्लब के उपाध्यक्ष नंदकिशोर अग्रवाल, संरक्षक राजेश राय, राजेश वर्मा, संगठन सचिव करमजीत सिंह जग्गी, खालिद अनवर, आशीष मुखर्जी आदि सदस्यों ने अपने विचार व्यक्त किये। आम सभा के दौरान रामगढ़ प्रेस क्लब का पहचान पत्र क्लब के पदाधिकारियों व सदस्यों को दिया गया। आम सभा में रामगढ़ प्रेस क्लब के सचिव आरएस प्रसाद मुन्ना, विरेन्द्र राणा, आकाश शर्मा, राहुल सिंह, तनु कुमार उपाध्याय, सागर कुमार, इन्द्रजीत कुमार, सुरेंद्र राम, धनंजय कुमार महतो, अमन कुमार मिश्रा, सुनील सिंह, जितेंद्र कुमार, प्रकाश पटवारी, बसंत कुमार, धर्मेंद्र राठौर, अक्षय कुमार, किशोर कुमार, सुदेश गुप्ता, तापेश्वर गुप्ता, अंकित सिंह, पवन कुमार अभिषेक पाठक, शोएब अख्तर आदि सदस्य मौजूद थे।

*माँ छिन्नमस्ता इंटर कॉलेज के संस्थापक की 23 वीं पुण्यतिथि मनायी गयी*

## गोला में उच्च शिक्षा की ज्योत जलानेवाले पुरोधा थे रिखु बाबू : सुजीत सिन्हा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गोला(रामगढ़):** माँ छिन्नमस्ता इंटर कॉलेज गोला के संस्थापक सचिव स्व. रिखेश्वर प्रसाद सिन्हा उर्फ रिखु बाबू की 23वीं पुण्यतिथि शुक्रवार (18 अप्रैल) को महाविद्यालय परिसर में मनाई गई। उनके पौत्र सह् कॉलेज के सचिव सुजीत सिन्हा ने उनकी तस्वीर पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर कॉलेज के वरीय व्याख्याता आशीष कुमार मिश्रा, भोला कुमार महथा, मनोज कुमार झा, शिवशंकर तिवारी, संजीव कुमार सिन्हा, महरु रजवार एवं दिलीप रजवार मौजूद थे। पुलिस



इंस्पेक्टर के पद से सेवानिवृत्ति के पश्चात उनका एक हीं लक्ष्य था कि किस तरह से इस पिछड़े हुए क्षेत्र में उच्च शिक्षा को बढ़ावा दिया जा सके। इसी प्रयास के तहत उन्होंने अपने निजी मकान में हीं सन् 1965 में माँ छिन्नमस्ता कॉलेज की नींव रखी बाद में 2004 में इसे माँ छिन्नमस्ता इंटर कॉलेज का नया नाम दिया गया। यह महाविद्यालय तमाम वाह्य एवं आंतरिक झंझावातों को झेलते हुए उसी मकान में अनवरत चल रही है। उनके पौत्र सुजीत सिन्हा ने बताया कि उन्होंने जीवन पर्यन्त गरीब मेधावी छात्र/छात्राओं को काफी सहयोग किया तथा उन्हीं के पदचिन्हों पर चलते हुए मैं भी आर्थिक रूप से पिछड़े छात्र/छात्राओं की मदद करने का हरसंभव प्रयास करता हूँ एवं करुँगा। उन्होंने बताया कि वो जिस थाने में पदस्थापित रहे वहाँ के शैक्षणिक संस्थानों को स्थापित करने या करवाने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन किया।

## सेवटा ,वार्ड नंबर 08 ,वीआरएल ग्राउंड रांची रोड, रामगढ़ में कल विशाल जनसभा को संबोधित करेंगे जयराम महतो

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ :** झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा इकाई रामगढ़ के जिला मीडिया प्रभारी रमेश कुमार महतो ने कहा की पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सह डूमरी विधायक टाइगर जयराम महतो का आगमन 19.04.2025 ,दिन शनिवार को समय 01 बजे, सेवटा, वार्ड नंबर 08,वीआरएल ग्राउंड , रांची रोड रामगढ़ में विशाल जनसभा सह कार्यकर्ता मिलन समारोह में मुख्य अतिथि के तौर पर शामिल होंगे ! रमेश महतो ने कहा कि विस्थापित, प्रभावित एवं मूल रैयतों की समस्याओं से रूबरू होंगे ! कंपनी लगभग 60 सालों (1966) से संचालित है! लेकिन सुविधाओं के नाम पर आज तक कंपनी ग्रामीणों के लिए कुछ भी नहीं किया है! सीएसआर (ष्टस्क्र) के तहत मिलने वाली मूलभूत सुविधाओं सहित रोजगार से भी दूर रखा गया! आसपास का क्षेत्र प्रदूषण से बुरी तरह प्रभावित है! इसका दुष्प्रभाव लोगों के स्वास्थ्य पर पड़ रहा है! जिससे लोग विभिन्न प्रकार के बीमारियों से पीड़ित हो रहे हैं! प्रमुख मांगों में मुख्य रूप से सेवटा ग्राम के ग्रामीण विस्थापितों को योग्यता के अनुसार स्थाई एवं अस्थाई रूप से नियोजन, ग्रामीणों को पीने की पानी, मुफ्त बिजली, स्कूल बस की सुविधा तत्काल बंद कर दिया गया उसे पुन चालू करवाना, स्वास्थ्य की सुविधा, मुफ्त जांच एवं एंबुलेंस की सेवा ,प्रदूषण पर नियंत्रण यथाशीघ्र ,जब भी कोई योजना की स्वीकृत हो तो संपूर्ण ग्रामीण की जानकारी में एवं सभी के सहमति से पास कराया जाना होगा! सेवटा ग्राम के सभी टोला एसटी, एससी ,एवं आसपास के ग्रामों से जैसे सेवटा, मरार ,रौता, पोचरा, दिग्वार , पैंकिं,



सुगीया, सांडी, तिलैया, बोंगाबार,धनहारा आदि के सभी लोगों को बहाली के समय रखा जाना, गली मोहल्ले में लाइट की समुचित व्यवस्था ,सुरक्षा परहरी में स्थानीय लोगों को प्राथमिकता, खेलकूद एवं मनोरंजन आदि के लिए साधन ,विस्थापितों के जमीन को फैक्ट्री के अंदर कर लिया गया है, जिस पर किराया 50 वर्षों से पूर्व जो किराया था वही किराया दिया जा रहा है! जबकि आज जमीन एवं सभी वस्तुओं की कीमतों में 100 गुना वृद्धि हुई है! परंतु किराया आज भी वही दिया जा रहा है ! जो भी जमीन कारखाने के अंदर अधिग्रहण कर लिया गया है उसे पर किराया आज के समय अनुसार लागू किया जाए! जमीन रैयत का आधार पर रोजगार मुहैया कराना।

*रक्षा राज्यमंत्री संजय सेठ का रामगढ़ में हुआ स्वागत*

## रक्षा राज्यमंत्री संजय सेठ हैं जनता के नेता : धनंजय कुमार पुटूस

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ :** शुक्रवार को रांची के सांसद सह रक्षा राज्यमंत्री संजय सेठ व केंद्रीय मंत्री मनसुख मांडवीया ने रामगढ़ के रजरप्पा साथी प्रसिद्ध मां छिन्नमस्तिका की पूजा अर्चना की। तत्पश्चात रजरप्पा से रांची जाने के क्रम में कार्यकर्ताओं ने भाजपा नेता व सांसद प्रतिनिधि धनंजय कुमार पुटूस व कैंट मंडल अध्यक्ष सूर्यवंश श्रीवास्तव के नेतृत्व में रक्षा राज्यमंत्री संजय सेठ का पटेल चौक के निकट अंग वस्त्र देकर उनका स्वागत किया।रक्षा राज्यमंत्री संजय सेठ ने उपस्थित लोगों को रांची में हो



रहे एयर शो में आने का निमंत्रण दिया और कहा यह कार्यक्रम राष्ट्रीय स्तर पर झारखंड का नाम बढ़ाएगा। सांसद प्रतिनिधि धनंजय कुमार पुटूस ने कहा- रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ के इतने बड़े पद पर होने के बाद उनमें जरा सा भी अहंकार नहीं है, आज भी वह भाजपा के हर आम कार्यकर्ता को सम्मान देने का काम करते हैं। यही कारण है कि आज संजय सेठ भाजपा कार्यकर्ताओं के दिल में रहते है।

## रामगढ़ प्रखंड के ग्राम हेसला में भाकपा माले कार्यकर्ता दिवंगत कॉमरेड महादेव प्रजापति का 14वां स्मृति दिवस मनाया





**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ :** भाकपा माले कार्यकर्ता दिवंगत कामरेड महादेव प्रजापति का 14 वां स्मृति दिवस ग्राम हेसला में मनाया गया।सर्वप्रथम दिवंगत कामरेड महादेव प्रजापति की पत्नी मानो देवी के द्वारा दीप प्रज्वलित कर पुष्प अर्पित करने तत्पश्चात स्मृति सभा में उपस्थित भाखपा माले राज्य कमेटी सदस्य कामरेड भुनेश्वर बेदिया चित्र पर माल्यार्पण अर्पित करने के साथ ही रामगढ़ प्रखंड सचिव सरयू बेदिया ने पुष्प अर्पित किया।इसके बाद तमाम उपस्थित भाकपा माले के कार्यकर्ताओं एवं कई समाज सेवियों ने बारी-बारी से चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित किये। स्मृति दिवस पर संबोधित करते हुए कहा गया कि कामरेड महादेव प्रजापति भाकपा माले के कार्यकर्ता रहते हुए, अंतिम समय तक पार्टी के साथ जुड़कर सक्रिय गतिविधि में पार्टी के तमाम कार्यक्रमों में शामिल रहते थे। उन्होंने पार्टी के साथ-साथ सामाजिक गतिविधियों एवं कार्यों में भी उनकी अहम भूमिका रहती थी। कामरेड महादेव प्रजापति आज हमारे बीच नहीं है। उनकी स्मृतियां, उनकी याद हमेशा शोषित,पीड़ित, मेहनत- कश गरीब जनता के दिलों में रहेगी। उक्त कार्यक्रम में लाल कुमार बेदिया, छोटन मुंडा, पुत्र विजय प्रजापति, महादेव राम, रूपलाल बेदीया, अनवर अंसारी, फूलचंद करमाली,भीम प्रजापति, दिनु प्रजापति, बसंत प्रजापति, कमल प्रजापति, सिंकु प्रजापति, समाजसेवी रमेश बेदिया, दिलीप राम, गौतम राम, विशेश्वर ठाकुर, रोहित ठाकुर, जय कुमार बेदिया, प्रदीप प्रजापति, प्रकाश पंकज, कारू प्रजापति, ऋषि राजकुमार श्याण कुमार, निखिल कुमार,विराज कुमार, हर्ष कुमार, रजनी मुंडा, रीना देवी, कविता देवी, शांति देवी, विमला देवी, सीमा देवी, सरिता देवी, मालती देवी आदि शामिल थे।

# केन्द्रीय सचिव बनने पर सोनाराम मांझी को पोटंगा पंचायत कमिटी सदस्यो ने दी बधाई

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**उरीमारी :** पोटंगा पंचायत के विस्थापित कार्यालय न्यू बिरसा पोटंगा में शुक्रवार को ग्राम पोटंगा न्यू बरटोला निवासी झामुमो नेता सह विस्थापित नेता सोनाराम मांझी को झारखंड मुक्ति मोर्चा का पुनः एक बार फिर केन्द्रीय सदस्य बनाए जाने पर झारखंड मुक्ति मोर्चा पोटंगा पंचायत कमिटी अध्यक्ष रवींद्र सोरेन, सचिव बिनोद हेम्ब्रोम, पुर्व जिला उपाध्यक्ष संजय करमाली, विस्थापित नेता गणेश गंझू के द्वारा कार्यालय में गर्मजोशी के साथ स्वागत किया और साथ ही केन्द्रीय सदस्य सोनाराम मांझी को संयुक्त रूप से पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित किया। वहीं केन्द्रीय सदस्य सोनाराम मांझी ने कहा कि झामुमो का हर एक सिपाही संगठन को मजबूत करने में अपनी अहम किरदार निभा रहा है। आने वाले दिनों में पुरे हजारीबाग सहित झारखंड




में झारखंड मुक्ति मोर्चा का परचम लहराने का कार्य किया जाएगा। वहीं दूसरी ओर श्री मांझी ने पोटंगा पंचायत कमिटी को साधुवाद दिया। वहीं इस मौके पर पंकज हेम्ब्रोम, आनंद बेसरा,अजय मरांडी, विजय सोरेन,प्रेम सोरेन, अजय करमाली, संजय सोरेन, दिनेश टुडू, राजेन्द्र गंझू,अजय बेसरा, बिनोद सोरेन, सुखराम बेसरा, बंशीलाल मुर्मू, बसंत मांझी, संजय हेम्ब्रोम,महाबीर मुर्मू, संतोष प्रजापति आदि लोग उपस्थित थे।

# पोषण पखवाड़ा कार्यक्रम के तहत सहायिकाओं द्वारा पौष्टिक व्यंजन प्रदर्शनी का किया गया आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गोला(रामगढ़):** गोला प्रखंड कार्यालय परिसर में बाल विकास परियोजना अंतर्गत गुरुवार को महिला, बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग द्वारा राष्ट्रीय पोषण पखवाड़ा के तहत 08 अप्रैल 2025 से लेकर 22 अप्रैल 2025 तक कार्यक्रम आयोजन किया जा रहा है। इस क्रम में पंचायत एवं सेक्टर स्तर पर व्यंजन प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में आंगनबाड़ी सेविका एवं सहायिका ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस संबंध में बाल विकास परियोजना पदाधिकारी(सीडीपीओ) रीना गुप्ता ने बताया कि ये प्रदर्शनी सेक्टर स्तर, परियोजना स्तर एवं जिला स्तर पर आयोजित करने का निर्देश दिया गया है।प्रदर्शनी में प्रथम स्थान पर सरस्वती देवी(आँगनबाड़ी सहायिका, गोला-5), द्वितीय स्थान पर रीमा देवी(आँगनबाड़ी सहायिका, गोला-1)



तथा तृतीय स्थान पर लखनवी देवी(आँगनबाड़ी सहायिका, उलादाका) को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों एवं स्थानीय समुदाय को मोटे अनाज में उपलब्ध पोषक तत्वों की जानकारी दी गई तथा उनके स्वास्थ्य लाभ के प्रति लोगों को जागरूक किया गया। यह पहल कुपोषण की रोकथाम एवं स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। पोषण पखवाड़ा के माध्यम से विभाग का उद्देश्य समुदाय को स्वस्थ आहार, संतुलित पोषण एवं पोषण साक्षरता के प्रति संवेदनशील बनाना है, जिससे कुपोषण की चुनौती से प्रभावी ढंग से निपटा जा सके। पोषण पखवाड़ा में आयोजित व्यंजन प्रतियोगिता में महिला सुपरवाइजर,बड़ी संख्या में आँगनबाड़ी सेविका एवं सहायिका शामिल थे।

## धनबाद - पहाड़पुर खंड में चलाया चलाया गया टिकट चेकिंग अभियान

**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** धनबाद मंडल में बड़े पैमाने पर टिकट चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। चेकिंग टीमों द्वारा स्टेशनों एवं विभिन्न मेल/एक्सप्रेस ट्रेनों में भी चेकिंग की जा रही है। इसी क्रम में गोमो की 02 टिकट चेकिंग दस्ता एवं कोडरमा की 01 टिकट चेकिंग दस्ता द्वारा आज दिनांक 18.04.25 को धनबाद- गोमो- कोडरमा- पहाड़पुर रेलखंड में सुनियोजित कार्यक्रम के तहत विशेष जांच अभियान चलाया गया जिसके परिणामस्वरूप बिना टिकट या अनुचित टिकट के साथ यात्रा कर रहे कुल 276 यात्रियों को पकड़ा गया। इस दौरान उनसे 01 लाख 21 हज़ार 910 रूपए जुर्माने के रूप में राशि प्राप्त की गई तथा पकड़ें गए यात्रियों को उचित टिकट के साथ यात्रा करने की कड़ी हिदायत दी गई। धनबाद मंडल द्वारा निरंतर टिकट जांच की जा रही है तथा भविष्य में यह जारी रहेगी। इस तरह के जांच अभियान का उद्देश्य बिना टिकट यात्रा करने वाले यात्रियों पर अंकुश लगाना है ताकि वे अगली बार टिकट लेकर यात्रा करें एवं उचित टिकट लेकर यात्रा करने वाले यात्रियों को बिना टिकट यात्रा करने वाले यात्रियों के कारण किसी तरह की परेशानी का सामना न करना पड़े। उक्त सारी बातें वरीय मंडल वाणिज्य प्रबंधक, धनबाद एवं वरीय जनसंपर्क अधिकारी मोहम्मद इकबाल ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कही।

## पत्रकारों पर किये गए जानलेवा हमला के विरोध में पत्रकारों ने काला बिल्ला लगाकर किया विरोध

**निरसा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** समाचार संकलन के दौरान कांग्रेस पार्टी



के धनबाद जिला कार्यकारी अध्यक्ष के पुत्रों एवं भाइयों द्वारा पत्रकारों पर किए गए जानलेवा हमले के विरोध में निरसा विधानसभा के पत्रकारों ने काला बिल्ला लगाकर विरोध दर्ज करवाया। घटना के विरोध में शनिवार को निरसा चिरकुंडा अंचल पत्रकार संघ के बैनर तले निरसा विधानसभा के पत्रकार निरसा प्रखंड कार्यालय पर एकदिवसीय धरना प्रदर्शन करेंगे। धरना प्रदर्शन के दौरान झारखंड के राज्यपाल एवं मुख्यमंत्री ने नाम बीडीओ के माध्यम से ज्ञापन सौंपेंगे। पत्रकारों ने कहा कि पत्रकार सुरक्षा कानून को राज्य में जल्द से जल्द लागू किया जाए। पत्रकारों पर हमला करने वाले हमलावरों को 24 घंटे के अंदर गिरफ्तार किया जाए, नहीं तो पत्रकार सड़क पर उतर कर इसका विरोध दर्ज करवाएंगे।

## सिजुआ क्षेत्रीय कार्यालय में इनमोसा के 27 सूत्री मांग पत्र पर महाप्रबंधक के साथ हुई बैठक

**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सीजुआ क्षेत्रिय कार्यालय के सभागार में



महाप्रबंधक के साथ इनमोसा के द्वारा दिए गए 27 सूत्री मांग पत्र पर बैठक में वार्ता हुई। जिसमें इन्मोसा के उप महामंत्री कुश कुमार सिंह ने महाप्रबंधक सुधाकर प्रसाद एवं उनकी क्षेत्रीय प्रबंधक मानव संसाधन अशोक कुमार, क्षेत्रीय सुरक्षा पदाधिकारी मो. आलम एवं परियोजना पदाधिकारी कुण्डु क्षेत्रीय प्रबंधक वित्त को यह आश्वस्त किये। इनमोसा के साथियो का जो भी समस्या है उसको त्वरित संज्ञान लते हुए उसको निष्पादन करें। इनमोसा गत वर्ष कोयला उत्पादन लक्ष्य प्राप्ति मे भरपूर तन एवं मन से सुरक्षा देखते हुए अपनी अहम भूमिका निभाई उसी प्रकार इस वित्तीय वर्ष में भी इनमोसा ने अहम भूमिका निभाने का आश्वासन दिया।और कुश कुमार सिंह ने कहा कम्पनी हित में सुरक्षा के साथ कोई खिलवाड़ नही किया जाए। महाप्रबंधक द्वारा भी सभी 27 सूत्री माँगो पर एक एक कर के चर्चा कि एवं इनमोसा को पूरी तरह आश्वस्त किये कि आपकी सभी माँगे जायज है और इस पर मैं गंभीरता पूर्वक विचार करते हुए जल्द से जल्द निष्पादन का भरोसा दिये।मौके पर डिविजनल अध्यक्ष महेश प्रसाद चौहान, संयुक्त सचिव यशवंत सिंह, क्षेत्रिय अध्यक्ष अरूण दुबे, क्षेत्रिय सचिव विजय कुमार, प्रेम कुमार, शिरीष कुमार, मनोज पांडे, पंकज कुमार, चंद्रमा कुमार,उपेंद्र दास, वीरेन्द्र मण्डल, पियूष चक्रवर्ती, परवेज अख्तर, अनिल कुमार, दीपक कुमार, रॉबिन कुमार, दत्ता, सीताराम प्रजापति, गुड्डू प्रसाद, रामचन्द्र नोनिया, शनि शर्मा,विनोद कुमार, मनीष कुमार,रंजीत कुमार,निशांत श्रीवास्तव, रितेश मिश्रा,रितेश पांडे, बादल कुमार, चिंतामन दास,श्रवण कुमार, राजेश साव, उपेंद्र दास, भोला गोप, सोमनाथ तिवारी, हेबरम, लक्ष्मण कुमार, श्रीपति रवानी, एम एम मिसरा, शंकर कुमार और प्रबंधन की ओर से महाप्रबंधक सुधाकर प्रसाद, उप महाप्रबंधक के के सिंह, क्षेत्रिय सुरक्षा पदाधिकारी आलमगिर आलम, क्षेत्रिय कार्मिक अशोक कुमार, क्षेत्रिय अभिनेता सिविल, क्षेत्रिय वित्त अधिकारी आदि लोग मुख्य रूप से शामिल हुए।

## सात दिनों से सफाई व्यवस्था ठप, स्थानीय लोग हैं परेशान

**कतरास(प्रभात मंत्र संवाददाता):** कतरास भाजपा मंडल उपाध्यक्ष कुंदन



सिंह ने प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए कहा कि वार्ड संख्या 5 नेशनल अंगारपथरा में आज 7 दिन से नगर निगम की सफाई व्यवस्था ठप है। कूड़ा कचरा नहीं उठने से वार्ड के गली मोहल्ले एवं सड़कों पर कचरा बिखरा पड़ा है। गंदगी के कारण महामारी फैलने का खतरा बढ़ गया है। श्री सिंह ने अविलंब वार्ड 5 में नगर निगम से सफाई की मांग किया है।

## निरसा चिरकुंडा पत्रकार संघ ने काला बिल्ला लगा कर जताया विरोध

**मैथन(प्रभात मंत्र संवाददाता):** धनबाद के पत्रकारों पर हुए हमले के विरोध



मे निरसा चिरकुंडा पत्रकार संघ के सभी पत्रकार अपने कमीज पर काला कपडा का टुकड़ा लगा कर विरोध जताया है तथा आज निरसा प्रखंड कार्यालय में एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया जाएगा। पत्रकारों का कहना है कि पत्रकारों की सुरक्षा की चिंता सरकार को करनी चाहिए। जब तक कांग्रेस के हमलावर गिरफ्तार नही हो जाते धरना प्रदर्शन जारी रहेगा।

# नए वक्फ कानून के विरोध में निकाली रैली, मुसलमानों ने किया जोरदार प्रदर्शन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**धनबाद :** वक्फ अमेंडमेंट एक्ट 2025 के विरुद्ध आज एक रैली निकाली गई जो वासेपुर के आरा मोड़ से शुरू होकर नया बाजार सुभाष चौक के पास खत्म हुई। रैली में हजारों की संख्या में लोग मौजूद थे। सभी ने अपने अपने हाथों में तख्तियां और बैनर लिए हुए नए वक्फ कानून का विरोध किया। तख्तियों पर वक्फ एक्ट 2025 वापस लो, वक्फ बचाओ संविधान बचाओ, संविधान बचाओ देश बचाओ, वक्फ संपत्तियों की लूट की साजिश नहीं चलेगी, भारतीय मुसलमानों का अधिकार छीनना बंद करो जैसे स्लोगन लिखे हुए थे। रैली में तिरंगा झंडा भी शान से लहराता हुआ देखा गया। वहीं जिला प्रशासन की टीम काफी मुस्तैद थी। निकटतम थाना के पुलिसकर्मी भी बेहद सक्रिय दिखाई दिए। हालांकि रैली के निकलते ही यातायात व्यवस्था बाधित हुई किंतु थोड़ी देर के बाद ही सारी चीजें सामान्य हो गई। रैली काफी शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। विरोध प्रदर्शन कर रहे लोगों ने कहा की हमें वक्फ संशोधन विधेयक कतई मंजूर नहीं है, केंद्र सरकार को इसे वापस लेना ही होगा। अगर इस कानून को वापस नहीं लिया गया तो आने वाले समय में चरणबद्ध प्रकार से आंदोलन किए जायेंगे और सड़क से सदन तक धरना प्रदर्शन आयोजित होगा। रैली में मुख्य रूप से अल्तमश आलम, मो अनवर, सद्दाम हुसैन, जब्बार अंसारी, इरफान आलम, मो इरशाद, अशफाक आलम, परवेज फाखरी, असदुर रहमान, इजाजुर रहमान, सन्नी, मोगिस, इमरान, दानिश, सैफ, मेराज, सरफराज, तलहा, राजा, सोनू समेत बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।

# सी पी सिंह को बेहतर इलाज की जरुरत : शमशेर



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** झारखंड प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता सह सचिव शमशेर आलम ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि भाजपा विधायक सी पी सिंह का मानसिक असंतुलन के कारण समय-समय पर उनको पागलपन का दौरा उठने पर एक समुदाय को जेहादी आतांकवादी कह कर संबोधित कर रहे हैं। विधायक सी पी सिंह को बेहतर इलाज की जरूरत है। भाजपाइयों को चाहिए इसका सही इलाज करवाए। साथ ही यह भी महसूस होता है कि आर एस एस अपनी संविधान विरोधी एजेंडा सी पी सिंह के माध्यम से चला रहे हैं। ऐसी संप्रदायिक भाषा बोल कर झारखंड प्रदेश को संप्रदायिकता दंगे करा कर प्रदेश को बदनाम करना चाहते हैं। जिसकी अविलंब सरकार संज्ञान में लेकर सी पी सिंह पर लगाम लगाने का कार्य करे ताकि समय रहते ऐसे सम्प्रदायिक ताकत का इलाज कर जहर को बेहतर तरीके से रोका जाए।

# प्रशिक्षण अत्यधिक जानकारीपूर्ण और आकर्षक था : सीमा सिन्हा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** हाउसिंग कॉलोनी और बाबूडीह शाखा में मानस इंटरनेशनल स्कूल ने हाल ही में अपने शिक्षकों के लिए बर्लिंगटन इंग्लिश द्वारा आयोजित एक व्यापक प्रशिक्षण कार्यक्रम की मेजबानी की। संस्थागत भागीदारी के उत्पाद प्रबंधक नरोत्तम सैकिया और क्षेत्रीय प्रबंधक देबाशीष बिद के नेतृत्व में प्रशिक्षण में प्री-प्राइमरी और कक्षा 1-10 के लिए और अंग्रेजी साहित्य, व्याकरण और अंग्रेजी भाषा प्रयोगशाला के लिए बर्लिंगटन के अभिनव कार्यक्रमों पर ध्यान केंद्रित किया गया।प्रधानाचार्य सीमा सिन्हा ने कहा की प्रशिक्षण अत्यधिक जानकारीपूर्ण और आकर्षक था। हम बर्लिंगटन के कार्यक्रमों को अपने पाठ्यक्रम में एकीकृत करने के लिए उत्साहित हैं। चेयरमैन राकेश कुमार ने कहा की हम अपने छात्रों को सर्वोत्तम संभव शिक्षा प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। यह प्रशिक्षण उस लक्ष्य को प्राप्त करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

# जामाडोबा यूनिट प्लेसमेंट ड्राइव का हुआ आयोजन, कुल 132 प्रतिभागियों ने कराया पंजीकरण

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**झरिया :** टाटा स्टील फाउंडेशन, जामाडोबा यूनिट द्वारा मॉडल करियर सेंटर (एमसीसी), जमशेदपुर के सहयोग से 17 अप्रैल, 2025 को 6-7 पिट कम्युनिटी सेंटर, जामाडोबा में एक प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया गया। यह प्लेसमेंट ड्राइव एमआरएफ टायर्स और विस्ट्रॉन इलेक्ट्रॉनिक्स प्राइवेट लिमिटेड में उपलब्ध मौजूदा रोजगार के अवसरों के लिए आयोजित की गई थी। इस पहल का उद्देश्य स्थानीय युवाओं को रोजगार के अवसर प्रदान करना और उन्हें सार्थक नौकरी के माध्यम से सशक्त बनाना है। यह प्लेसमेंट ड्राइव 18 से 35 वर्ष की आयु के उम्मीदवारों को लक्षित करती है, जिनकी न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता इंटरमीडिएट (10+2), आईटीआई, डिप्लोमा या स्नातक है। यह अवसर पुरुष और महिला दोनों उम्मीदवारों के लिए है। आयोजित प्लेसमेंट ड्राइव के तहत कुल 132 प्रतिभागियों ने इंटरव्यू प्रक्रिया के लिए पंजीकरण कराया, जिसमें 86 पुरुष एवं 46 महिलाएं शामिल रहीं। इस अवसर पर कई विशिष्ट अतिथियों ने अपनी उपस्थिति से कार्यक्रम की गरिमा बढ़ाई। इनमें श्वेता मिश्रा, हेड (एडमिनिस्ट्रेशन) झरिया डिवीजन, टाटा स्टील लिमिटेड; संतोष कुमार महतो, क्षेत्रीय सचिव, आरसीएमयू (झरिया एवं वेस्ट बोकारो) एवं राजेश कुमार, यूनिट लीड, टाटा स्टील फाउंडेशन जामाडोबा मुख्य रूप से शामिल थे। प्रस्तावित नौकरियां मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर से संबंधित हैं, जिनके लिए कार्यस्थल दहेज (गुजरात) और बेंगलुरु (कर्नाटक) निर्धारित किए गए हैं। चयन प्रक्रिया प्लेसमेंट ड्राइव के दौरान ही आयोजित व्यक्तिगत साक्षात्कार के आधार पर संपन्न हुई। युवाओं तक इस अवसर की जानकारी पहुंचाने और उनकी भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए पंचायत प्रतिनिधि, फ्रंटलाइन स्वास्थ्यकर्मी तथा टाटा स्टील फाउंडेशन की फील्ड टीम ने सम्मिलित प्रयास किए और क्षेत्र के पात्र युवाओं से सक्रिय संवाद स्थापित किया। बढ़ती बेरोजगारी की चुनौती से निपटने के लिए टाटा स्टील फाउंडेशन हर वर्ष प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन करता है। वित्तीय वर्ष 2023-24 में विभिन्न पंचायतों में कुल तीन प्लेसमेंट ड्राइव आयोजित किए गए, जिनमें 376 उम्मीदवारों ने इंटरव्यू में भाग लिया। इनमें से 105 प्रतिभागियों का चयन भारत की प्रतिष्ठित कंपनियों जैसे विस्ट्रॉन इलेक्ट्रॉनिक्स और मैकडॉनल्ड्स में सफलतापूर्वक किया गया।

# सीमा कुमारी के साथ अन्याय कतई बर्दाश्त नहीं : अरूप चटर्जी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**झरिया :** बीसीसीएल में कार्यरत सीमा कुमारी को उम्र विवाद को लेकर पिछले 12 दिनों चल रहे है भूख हड़ताल को समर्थन देने बिहार कोलियरी कामगार यूनियन के महामंत्री सह निरसा के विधायक अरूप चटर्जी केओसीपी कार्यालय पहुंचे। केओसीपी कार्यालय समक्ष सभा के माध्यम से बीसीसीएल के नीति के खिलाफ विरोध जताया। बता दे की सीमा कुमारी की पहले 17 महीना काम करने के बाद बीसीसीएल मैनेजमेंट की ओर से उम्र विवाद बात कर उन्हें कार्य से हटा दिया गया जबकि सीमा देवी का पिता के निधन के बाद अनुकंपा के आधार पर उसे 30 जून 2023 को नौकरी मिली थी। बिहार कोलियरी कामगार यूनियन के महामंत्री सह निरसा विधायक अरूप चटर्जी ने कहा कि नीति के तहत सीमा देवी को उम्र का हवाला देते हुए बर्खास्त कर दिया है। अगर मैनेजमेंट उन्हें पुनः कार्य पर नहीं रखती है तो 25 अप्रैल से अनिश्चितकालीन के लिए एरिया 9 और एरिया 10 का पूर्ण रूप से कार्य ठप कर दिया जाएगा। सीमा कुमारी के साथ अन्याय कतई बर्दाश्त नहीं।

# केंद्रीय मंत्री का धनबाद आगमन पर हुआ जोरदार स्वागत




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** भारत सरकार के श्रम,रोजगार,युवा एवं खेल मंत्री मनसुख भाई मांडवीया धनबाद दौरे पर पहुंचे। इस दौरान जगह जगह उनका भव्य स्वागत किया गया। धनबाद के स्वामीनारायण मंदिर बैंक मोड़ में कोल फिल्ड गुजराती समाज द्वारा केंद्रीय मंत्री का भव्य स्वागत किया गया। केंद्रीय मंत्री ने सर्वप्रथम मंदिर में माथा टेका। स्वामी नारायण भगवान से आशीर्वाद लिया। यहां उन्होंने गुजराती समाज को सम्बोधित भी किया। मौक़े पर झरिया विधायक रागिनी सिंह, बाघमारा विधायक शत्रुघ्न महतो मौजूद रहे। केंद्रीय मंत्री ने अपना भाषण गुजराती भाषा में ही दिया। वही मिडिया से बात करते हुए केंद्रीय मंत्री ने कहा कि स्वामी नारायण भगवान की शिक्षा पद्धति से प्रेरणा लेकर हम अपने जीवन को सही दिशा में आगे बढ़ा सकते हैं। बता दें कि केंद्रीय मंत्री डीजीएमएस में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होंगे। इससे पूर्व रणधीर वर्मा चौक पर धनबाद विधायक राज सिन्हा के अगुवाई में भाजपाइयों ने ढ़ोल नगाड़ो के बीच केंद्रीय मंत्री का गर्मजोशी के साथ स्वागत किया गया।

# डॉ मनीष शर्मा बने मारवाड़ी युवा मंच झरिया शाखा के अध्यक्ष



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** मनीष कोचिंग सेंटर के संचालक शिक्षाविद डॉ. मनीष शर्मा मारवाड़ी युवा मंच, झरिया शाखा के सत्र 2025-26 के लिए निर्विरोध अध्यक्ष चुने गए। चुनाव अधिकारी विशाल पलसानिया ने इसकी घोषणा की। मानबाद निवासी मनीष, वरिष्ठ पत्रकार स्वर्गीय रवि शर्मा के पुत्र हैं। इन्होंने वर्ष 2005 में मारवाड़ी युवा मंच झरिया शाखा की सदस्यता ग्रहण की। उसके बाद शाखा में कई पदों पर अपनी सेवाएं प्रदान की। सत्र 2007-08 में इन्हें सर्वश्रेष्ठ शाखा सदस्य के सम्मान से नवाज़ा गया। साल 2021-25 में आप प्रांतीय कार्यकरिणी के सदस्य भी थे। इस बीच वर्ष 2022 में उन्हें सर्वश्रेष्ठ प्रांतीय संयोजक और वर्ष 2024 में युवा रत्न सम्मान से भी सम्मानित किया गया। वर्ष 2016 में सैंकड़ों निर्धन विद्यार्थियों को उच्च कोटि की मुफ्त शिक्षा प्रदान करने के लिए मनीष को झारखंड फाउंडेशन द्वारा नागरिक सम्मान से सम्मानित किया गया। नव निर्वाचित अध्यक्ष डॉ मनीष शर्मा को बधाई देने में मंच अध्यक्ष अमित अग्रवाल, राजेश अग्रवाल, विनोद अग्रवाल, विशाल पलसानिया, राजीव सांवतिया, गणेश अग्रवाल, दिनेश शर्मा, असीम अग्रवाल, विवेक लिल्हा, किरण शर्मा, दीपक अग्रवाल, नीतू अग्रवाल, रूपेश शर्मा, निशा शर्मा आदि लोग मौजूद थे।

# 75वें भूदान दिवस के अवसर पर अमृत महोत्सव का आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**धनबाद :** 75वें भूदान दिवस के अवसर पर अमृत महोत्सव का आयोजन,निरीक्षण भवन धनबाद के प्रांगण में झारखंड किसान विकास संघ के द्वारा किया गया। जिसकी अध्यक्षता संघ के केंद्रीय अध्यक्ष एवं भूदान यज्ञ कमेटी के पूर्व सदस्य रामचंद्र रवानी ने की। मंच का संचालन संजय कुमार ने किया। कार्यक्रम का प्रारंभ विनोबा भावे के तस्वीर पर माल्या अर्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर की गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि गांधी सेवा ग्राम वर्धा, महाराष्ट्र के शत्रुघ्न झा ने अपने संबोधन में कहा कि विनोबा भावे ने भूदान यज्ञ कमेटी द्वारा भूमिहीन, गरीबों, हरिजनों, आदिवासियों के बीच भूमि वितरण का नियम बनाया था। जिसके तहत देश में भूमिहीन किसानों को जमीन वितरण की गई है। आज भी इसी दिशा में झारखंड एवं अन्य प्रदेश में ज़मीनें बाटी गई है और आगे भी ग्राम सभा के माध्यम से भूमिहीनों में ज़मीनें बाटी जानी है। यह जमीन भू माफिया, बड़े-बड़े उद्योगपति एवं बड़ी-बड़ी कंपनिओं कि नहीं है बल्कि यह जमीनें गरीब भूदान किसानों कि है जो गरीबों को ही मिलेगी। इसके लिए जल्द ही 21 लोगों को चिन्हित कर एक कमेटी बनाई जाएगी, जो लोग भूदान कि जमीनों की देखरेख करेगें। चिंतन शिविर के वक्ताओं में गीता देवी, अरुण कुमार, रूपनारायण सिंह, घनश्याम मिश्रा, संतोष विकराल, योगेश्वर महतो, रामकृष्ण महतो, कुणाल, पिंकी कौशल, उमेश ऋषि, चिंतामणि महतो आदि ने अपने-अपने विचार रखे। मौके पर सुमित्रा देवी, राम किशुन महतो, उमेश कुमार सिंह, मनोज कुमार, कलावती देवी, बबीता देवी, कंचन देवी, मनोज सिन्हा, फूलचंद कोड़ा आदि सैकड़ो कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# श्रीश्याम मंदिर की सीढ़ी से गिरी महिला, घटनास्थल पर हुई मौत

**➩ मंदिर कमेटी पर उठ रहे सवाल, छः माह के भीतर मंदिर में दो लोगों की मौत**

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**धनबाद :** मैथन स्थित संजय चौक बाईपास स्थित श्री बालाजी मंदिर के ऊपरी तल पर पूजा करने के बाद सीढ़ी से उतरने के क्रम में नीचे गिरी महिला श्रद्धालु चिरकुंडा ऊपर बाजार निवासी आरती देवी उम्र 46 साल की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। मंदिर में उपस्थित लोगों द्वारा आरती देवी को डीवीसी के बीपी नियोगी अस्पताल मैथन लाया गया जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इस संबंध में मृतक आरती देवी के छोटे पुत्र सौरव कुमार साव ने बताया कि वह चिरकुंडा स्थित ऊपर बाजार से अपनी मां के साथ मैथन संजय चौक स्थित बालाजी मंदिर पूजा करने आए थे मंदिर के ऊपरी तल पर मेरी मां श्रीश्याम खाटू जी की पूजा करने के बाद मंदिर की परिक्रमा कर रही थी मैं भी वही पूजा कर रहा था। तभी कुछ गिरने की आवाज आई मैं दौड़कर देखा तो सीढ़ी से नीचे मेरी मां गिरी हुई थी और सर से काफी खून निकल रहा था आनन फानन में कुछ लोगों के उपस्थिति में उठा कर मैथन के डीवीसी के बीपी नियोगी अस्पताल लाया गया जहां डॉक्टरों ने मृत बताया। घटना के बाद पूरा परिवार गम में डूब गया है। जानकारी के मुताबिक आरती देवी के पति प्रदीप साव का निधन कुछ साल पहले ही गया था उनके दो बेटे हैं।शुभम कुमार साव और दूसरा सौरभ कुमार साव मृतक आरती देवी के शव को स्वजनों ने चिरकुंडा लेकर चले गए मामले पर श्रीबालाजी धाम मंदिर कमेटी के अखिलेश्वर तिवारी का कहना है कि चुकी मैं वहां नहीं था लेकिन मंदिर में जो लोग मौजूद थे उनका कहना है कि मंदिर के ऊपरी तल पर महिला परिक्रमा कर रही थी इस दौरान उसे चक्कर आया और उसका सर दीवार से टकराया जिसके कारण उसकी मौत हो गई। मालूम रहे कि मंदिर दो मंजिला है।मंदिर में भगवान राम दरबार, श्री खाटूश्याम, हनुमान जी एवं मां शीतला की मूर्ति स्थापित है।

**बालाजी धाम मंदिर में यह दूसरी मौत, उठने लगे सवाल**

मैथन संजय चौक बाईपास स्थित श्रीबालाजी धाम मंदिर के निर्माण से लेकर प्राण प्रतिष्ठा तक पिछले 6 माह में दो लोगों की मौत हो चुकी है इससे पूर्व निर्माण के दौरान ही मंदिर के गुंबज बनाने के क्रम में महाराष्ट्र के कारीगर की करंट लगने से मौत हो गई थी। इसके बाद बीते रात मंदिर के ऊपरी तल पर ही महिला श्रद्धालु आरती देवी के सीढ़ी से गिरने से मौत हुई जिसके बाद तरह-तरह के सवाल उठने लगे हैं। मालूम रहे की श्री धाम मंदिर में 30 मार्च से लेकर सात अप्रैल तक प्राण प्रतिष्ठा एवं लक्ष्मी नारायण महायज्ञ का आयोजन हुआ था उस दौरान भी मंदिर कमेटी स्थानीय लोगों के बीच प्रसाद वितरण को लेकर विवाद हुआ था।घटना के बाद मंदिर को बंद कर दिया गया था और प्रतिदिन सुबह 5ः30 में श्रीबाला जी श्याम का आरती किया जाता था लेकिन आज आधे घंटे विलम्भ से मंदिर खुला कमेटी के लोगो द्वारा मंदिर परिषर में खून के धब्बे को धोया जा रहा हैं,स्थानीय युवक का कहना हैं कि मंदिर में इतने खर्च करने के बाद सुरक्षा का ख्याल कियू नहीं रखा गया सीढ़ियों पर रेलिंग कियू नहीं लगाया हैं? मंदिर कमेटी पर गैर इरादन हत्या का मामला दर्ज हो।

## हमेशा फिट रहने के लिये अच्छा स्वास्थ्य जरूरी : अजय मधुर

# मधुर मेडिकेयर हास्पिटल पतरा टोली में निःशुल्क चिकित्सा शिविर का हुआ आयोजन

### दूरस्थ एवं दुर्गम क्षेत्र के 213 मरीजों ने कराया इलाज़

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** लोहरदगा के उपनगरीय क्षेत्र पतराटोली स्थित मधुर मेडिकेयर हास्पिटल तृतीय वर्ष गांठ के मौके पर शुक्रवार को निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। इसमें दूर दराज एवं दुर्गम क्षेत्र से से आए मरीजों ने निन्शुल्क इलाज का लाभ लिया। शिविर में हड्डी जोड़ और नस रोग विशेषज्ञ डा विवेक मधुर, जेनरल सर्जन और स्त्री रोग विशेषज्ञ डा नेहा ज्योति, कार्डियोलॉजिस्ट डॉ विनीत कुमार मिश्रा,न्यूरोसर्जन डॉ दीपक कुमार,शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ आभा मधुर और डा चंदन कुमार ने शिविर में पहुंचे 213मरीजों का निन्शुल्क इलाज किया। शिविर में ब्लड शुगर, यूरिक एसिड, इसीजी और हड्डी में



कैलिसियम की जांच बीएमडी मशीन के द्वारा की गई। सभी मरीजों को आवश्यकतानुसार मुफ्त दवाएं दी गई। डा विवेक मधुर ने हड्डी, जोड़ और नस रोगों से संबंधित मरीजों का इलाज किया। डॉ विवेक ने कहा कि वर्तमान परिस्थिति में जीवन शैली काफी बदल रही है। लोगों को अपने स्वास्थ्य के प्रति सचेत और जागरूक रहने की आवश्यकता है। इन्होंने मरीजों को हड्डी एवं नस की देखभाल के लिए जरूरी उपाय बताए। क्षडा नेहा ज्योति मधुर ने बवासीर, फिशर, हर्निया, हाइड्रोसिल, पित और किडनी की पथरी, स्तन की गांठ और घाव, पेट की बीमारी और गर्भवती महिलाओं का इलाज किया। डा चंदन कुमार ने भी सामान्य बीमारियों का इलाज किया। हास्पिटल के निदेशक अजय मधुर ने बताया कि मधुर मेडिकेयर हास्पिटल में स्वास्थ्य को लेकर निशुल्क जांच शिविर का आयोजन आगे भी जारी रहेगा।इन्होंने कहा कि मधुर मेडिकेयर का उदेश्य स्वास्थ्य को लेकर जागृत कराना है। माह के प्रथम रविवार को ओपीडी शुल्क निशुल्क रहेगा। शिविर को सफल बनाने में अजय मधुर, सावित्री मधुर, सुरेंद्र ठाकुर, सुशीला कुजूर, उषावती यादव, देवंती बेक, अचरज कुजूर, सूरज यादव, नेहा सिंह गुलाब नायक, अंगद सिंह, साधना, अमन कुमार, नरगिस खातून, सिद्धार्थ सिंह, मो खालिद, प्रियांशु, खुशी खाखा, शाहिद अंसारी आदि का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## छोटानागपुर बॉक्साइड यूनियन एंड कोल वर्कर्स यूनियन के महाअधिवेशन कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर हुई बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** शुक्रवार को आगामी 30 अप्रैल को होने वाला महाधिवेशन और सांस्कृतिक कार्यक्रम किस्को मिडिल स्कूल खेल मैदान में सफल आयोजन के लिए बैठक की गई। सबसे पहले कार्यक्रम स्थल का मुआयना करते हुए जो मैदान की सफाई, पेयजल, पार्किंक आदि सुविधाओं के लिए मंथन किया गया। ताकि आगामी 30 अप्रैल को होने वाले कार्यक्रम छोटानागपुर बॉक्साइड यूनियन एंड कोल वर्कर्स यूनियन के महाअधिवेशन की सफल किया जाय। इस मौके पर मुख्य रूप से किस्को कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष युनुस अंसारी, 20 सूत्री अध्यक्ष सामुल अंसारी, रौनक इकबाल, राजू उरांव, एकरामुल अंसारी, राजेंद्र लकड़ा, जफर इमाम, हदीस अंसारी, नईम अंसारी, अन्य उपस्थित थे।

## सांसद सुखदेव भगत शोकाकुल परिवारों से मुलाकात कर गहरी संवेदना प्रकट किये



**लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** मांडर विधानसभा के सांसद प्रतिनिधि सीताराम भगत की पत्नी का आज सुबह निधन हो गया। जानकारी मिलते ही लोहरदगा लोकसभा के माननीय सांसद सुखदेव भगत, युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव अभिनव सिद्धार्थ रातु आवास पहुंचकर पार्थिव शरीर को नमन कर श्रद्धांजलि अर्पित किए तथा सीताराम भगत एवं अन्य शोकाकुल परिजनों से मुलाकात कर अपनी ओर से गहरी संवेदना प्रकट किये ।मांडर के कांग्रेस नेता मनोहर साहू के पिता का सड़क दुर्घटना में मृत्यु हो गई थी उसके आवास मांडर पहुंचकर शोकाकुल परिवारों से मुलाकात कर अपनी ओर से गहरी संवेदना प्रकट किये ।कुंडू के कांग्रेस नेता जलील खान की पत्नी का भी निधन हो गया है सांसद उनके आवास पहुंचकर शोकाकुल परिवारों से मुलाकात के अपनी ओर से गहरी संवेदना प्रकट किये। शोक व्यक्त करने वालों में सुदीप तिग्गा,फूलदेव उरांव सदस्य जिला विकास समन्वय एवं अनुश्रवण समिति लोहरदगा, महताब आलम उर्फ गुड्डू भी शामिल थे।

## एमबी डीएवी विद्यालय लोहरदगा में शैक्षिक स्तर पर मेधावी विद्यार्थियों को किया गया पुरस्कृत



**लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** एमबी डीएवी विद्यालय, लोहरदगा में माननीय प्राचार्य जी पी झा के नेतृत्व व निर्देशन में सीसीए प्रभारी शिक्षक शितेश कुमार पाठक, आरती कुमारी व अपराजिता द्वारा पुरस्कार वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें सत्र 2024-25 वार्षिक परीक्षा में कक्षा तीसरी से पांचवी तक के प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त विद्यार्थियों को, शत प्रतिशत उपस्थिति विद्यार्थी को तथा विषयवार शत प्रतिशत अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को प्रार्थना सभा के दौरान पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम में मंच संचालन शिक्षक पी के सिन्हा द्वारा किया गया। वार्षिक परीक्षा में कक्षा तीसरी ए में आर्यष अवी ने प्रथम अर्चिता कुमारी ने द्वितीय तथा अनुप्रिया साहू व विशेष प्रकाश ने तृतीय स्थान अर्जित किया। कक्षा तीसरी बी में आशीष कुमार ने प्रथम शौर्य कुमार ने द्वितीय तथा रीत कुमार ने तृतीय स्थान अर्जित किया।कक्षा चौथी ए रेयांश चिन्मय ने प्रथम औ धैर्य शर्मा ने द्वितीय तथा आरव मेहता ने तृतीय स्थान अर्जित किया तथा कक्षा चौथी बी में प्रत्यूष कुमार ने प्रथम कर्मन सिंह ने द्वितीय तथा अंकिता कुमारी ने तृतीय स्थान अर्जित किया। कक्षा पांचवी ए में अवयुक्ता पोद्दार ने प्रथम रिशिथ राज दास ने द्वितीय तथा निकिता भगत ने तृतीय स्थान अर्जित किया। कक्षा पांचवी बी में प्रत्यक्ष प्रिया ने प्रथम सार्थक कुमार डे ने द्वितीय तथा शमा परवीन ने तृतीय स्थान अर्जित किया। तथा कक्षा पांचवी सी में सृष्टि घोष ने प्रथम किसवा हरम ने द्वितीय तथा छवि रानी ने तृतीय स्थान अर्जित किया। इनके अतिरिक्त कक्षा चतुर्थ बी की नंदिनी कुमारी ने शत प्रतिशत उपस्थिति पुरस्कार प्राप्त किया। कार्यक्रम में सभी मेधावी विद्यार्थियों के अभिभावकों को भी आमंत्रित किया गया। प्राचार्य महोदय द्वारा विद्यार्थियों को उनके अभिभावकों के समक्ष ट्रॉफी व सर्टिफिकेट प्रदान कर उनका उत्साह हुआ सम्मान बढ़ाया। प्राचार्य महोदय ने कार्यक्रम में उपस्थित विद्यार्थियों, अभिभावकों को बधाई देते हुए कहा कि विद्यार्थियों की सफलता में विद्यालय व अभिभावकों दोनों का समान योगदान होता है।

## आर्य समाज एवं अखिल भारतीय संत परिषद के सदस्यों ने पश्चिम बंगाल के पीड़ितों से किया मुलाकात



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** आर्य समाज एवं अखिल भारतीय संत परिषद के सदस्यों ने पश्चिम बंगाल के पीड़ितों से मुलाकात किया। पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद में निर्दोष हिंदुओं के ऊपर अत्याचार में प्रताड़ित हिंदुओं ने अपनी प्राण रक्षा के लिए साहिबगंज के राजमहल में आकर के 19 शरणार्थियों ने शरण लिया हुआ है जैसे ही अखिल भारतीय संत परिषद व आर्य समाज के अधिकारियों को पता चला अखिल भारतीय संत परिषद के अध्यक्ष स्वामी कृष्ण चैतन्य ब्रह्मचारी जी एवं गुरुकुल शांति आश्रम के आचार्य शरद चंद्र आर्य अखिल भारतीय संत परिषद के महामंत्री स्वामी आत्मानंद जी महाराज के नेतृत्व में उन सभी शरणार्थियों से मुलाकात कर उन्हें हौसला प्रदान किया गया उनके बच्चों की शिक्षा दीक्षा के लिए आर्य समाज और संत परिषद संयुक्त रूप से सहयोग करेगा। संत परिषद के अध्यक्ष स्वामी कृष्ण चैतन्य ब्रह्मचारी जी ने कहा कट्टरपंथी जिहादियों के आगे पश्चिम बंगाल के ममता सरकार नतमस्तक है और हद तब होता है मुर्शिदाबाद के हिंदुओं के ऊपर हुई घटना को सामान्य बताना सभ्य समाज के लिए पीड़ा जनक है। प्रांतीय आर्य वीरदल के संचालक व गुरुकुल शांति आश्रम के आचार्य शरदचंद्र आर्य ने कहा कि पीड़ित परिवारों के साथ आर्य समाज सदैव आपके साथ है आपके बच्चों की भविष्य का चिंता आर्य समाज कर रहा है निर्दोष हिंदुओं के ऊपर मुर्शिदाबाद में जो हमला हो रहा है। सरकार की विफलता को दर्शाता है मां माटी मानुष की बात करने वाली सरकार तीनों की रक्षा में विफल है। अखिल भारतीय संत परिषद के महामंत्री स्वामी आत्मानंद जी महाराज ने कहा मुर्शिदाबाद में और पूरे बंगाल में हिंदुओं के ऊपर चुन-चुन के हमले हो रहे हैं और सत्ता के नशे में चूर निर्माण सरकार दंगाइयों के साथ खड़ी है जो बेहद चिंताजनक है।

## राजकमल मिश्रा की अध्यक्षता में राष्ट्रीय लोक अदालत के सफल आयोजन को लेकर हुई बैठक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** झालसा, रांची के निर्देशानुसार 3 मई 2025 को आयोजित होने वाले विधिक सेवा सह सशक्तिकरण शिविर और 10 मई 2025 को आयोजित होने वाले वर्ष के दूसरे राष्ट्रीय लोक अदालत के सफल आयोजन को लेकर 17 अप्रैल 2025 को पीडीजे कार्यालय कक्ष में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष डालसा, लोहरदगा राजकमल मिश्रा की अध्यक्षता में बैठक हुई। जिसमें उपायुक्त सह उपाध्यक्ष डालसा वाघमारे प्रसाद कृष्ण, सीजेएम केके मिश्रा, डीडीसी दिलीप प्रताप सिंह शेखावत, डालसा सचिव राजेश कुमार, एसडीओ अमित कुमार,ि सविल सर्जन डा शंभूनाथ चौधरी, एसडीपीओ श्रद्धा केरकेट्टा, एसडीजेएम अमित कुमार गुप्ता, जिला शिक्षा अधीक्षक श्री अभिजीत कुमार, डीपीआरओ शिवनंदन



बड़ाइक, नगर प्रशासक मुक्ति किंडो, जेलर सुबोध कुमार, हिंडाल्को के सीएसआर प्रमुख नीरज कुमार, एग्जीक्यूटिव इंजीनियर भवन विभाग रामपद हंसदा सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। वहीं प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष डालसा ने राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक संख्या में सुलहनीय योग्य वादों का निष्पादन करने की बात कही। साथ ही पक्षकारों को नोटिस भेजने का कार्य पूर्ण करने का निर्देश दिया। वहीं व्यवहार न्यायालय परिसर में आयोजित होने वाले विधिक सेवा सह सशक्तिकरण शिविर को लेकर आयोजन स्थल का निरीक्षण किया गया। साथ ही व्यवहार न्यायालय परिसर स्थित नवनिर्मित न्यायालय भवन का जायजा लिया। डालसा सचिव राजेश कुमार ने बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत के सफल आयोजन को लेकर तैयारी जोरो पर है। डालसा लोहरदगा में प्रतिनियुक्ति पीएलवी द्वारा अपने कार्य क्षेत्र में आयोजन को लेकर प्रचार प्रसार किया जा रहा है।

### नगर पालिका क्षेत्र के कचड़े से ग्राम वासी परेशान हैं : पवन तिग्गा

## नगर पालिका जल्द से जल्द इसका समाधान नहीं करेगी तो भाजपा आंदोलन करने को बाध्य होगी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** जिला के नगर पालिका क्षेत्र के 23 वार्ड से प्रतिदिन सूखा कचरा,गीला कचरा इकट्ठा किया जाता है। और धर्म कांटा किया जाता है लोहरदगा जिला के सदर प्रखंड क्षेत्र के निंगनी पंचायत के ब्राह्मणडीहा एवं जोरी पंचायत के ग्राम ओयना में कचरा डंपिंग यार्ड बनाया गया है। और नगर पालिका के द्वारा कुल कितने एकड़ जमीन में कचरा डंपिंग यार्ड करना है इसका साइन बोर्ड तक नहीं लगाया गया है। और घेरा बाउंड्री वॉल भी नहीं किया गया है जिसके चलते कचरा अगल-बगल क्षेत्र में भी फैल गया है। इन क्षेत्रों के बगल में पेट्रोल पंप, आवासीय विद्यालय ब्राह्मणडीहा, लिवेंस एकेडमी स्कूल, देवी मंडप महादेव मंदिर एवं सरना स्थल, मसना स्थल इन सभी जगह कचड़ा का अंबार लगा हुआ है। और इस क्षेत्र के ग्राम वासियों गीला कचरा एवं सूखा कचरा के दुर्गंध से काफी परेशान है। और प्रत्येक घरों में कचरा के कारण बीमारी का प्रकोप बढ़ते जा रहा है झारखंड के गठबंधन सरकार एवं लोहरदगा नगर कार्यालय के पदाधिकारी से मांग करते हैं कि इन सभी से निजात दिलाई जाए।अन्यथा भारतीय जनता पार्टी आंदोलन को बेब्स हो जाएगी इसकी जवाब देही झारखंड सरकार एवं लोहरदगा नगर पालिका के पदाधिकारी होंगे।

## सांसद प्रतिनिधी साजिद अहमद चंगू ने पार्थिक शरीर पर पुष्प गुच्छ अर्पित कर श्रद्धा सुमन किया अर्पित



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** सांसद सुखदेव भगत के मांडर विधानसभा क्षेत्र के सांसद प्रतिनिधी सीताराम भगत की धर्मपत्नी का स्वर्गवास हो गया। इसकी जानकारी मिलते ही राँची रातू से उनके पार्थिक शरीर को अंतिम संस्कार हेतू एम्बूलेस से लातेहार ले जाने के क्रम मे कुडू इंद्रिरा गाँधी चौक के पास लोहरदगा जिला के सांसद प्रतिनिधी साजीद अहमद चंगू, सांसद के स्वास्थ प्रतिनिधी शोनू कुरैशी, निगरानी समिती के सदस्य जफरउल्लाह खान, निगरानी समिती सदस्य विकास नाथ सहदेव, मुन्ना खान, साजीद अंसारी, राजू टाना भगत, शहरुख खान, इसराइल खलीफा, मनोज लाल, इरशाद हुसैन, आलम राजा, प्रमोद पासवान, आसिफ जिलानी, मोहसिन खान, सबीर अंसारी, इरशाद हुसैन, विक्की खान, तफसीर आलम, आरजू खान आदि ने उनके पार्थिक शरीर पर पुष्प गुच्छ अर्पित कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया। एवं सांसद प्रतिनिधी सीताराम भगत से मिलकर शोक व्यक्त की और संतावना दी।

## नहीं रहे नागपुरी विषय के पहले प्राध्यापक डॉ. रामप्रसाद, गांव में शोक का माहौल

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** नागपुरी और हिंदी भाषा के विद्वान, पूर्व अध्यक्ष, जनजातीय एवं क्षेत्रीय भाषा विभाग, गोस्सनर महाविद्यालय, (राँची विश्वविद्यालय, राँची) नागपुरी भाषा परिषद के अध्यक्ष, नागपुरी भाषा में डी.लिट् करने वाले पहले नागपुरी प्राध्यापक, डॉ. रामप्रसाद जी का विगत 12 अप्रैल को सुबह 8.00 बजे देहांत हो गया। पिछले एक-दो वर्षों से वह गले के कैंसर से पीड़ित थे। सिमडेगा जिले के केरसई प्रखंड के छोटे से गांव रूसू में 20 जुलाई 1953 ई .में उनका जन्म हुआ था। बचपन से ही उन्होंने अध्ययन के लिए काफी संघर्ष किया। अपनी कर्मठता से ही सह-प्राध्यापक के पद तक पहुंचे। नागपुरी लोक- कथाओं को उन्होंने लिखित रूप दिया। कई पुस्तकों का सृजन किया। स्वातंर्त्योत्तर नागपुरी साहित्य एक शास्त्रीय अध्ययन उनकी नागपुरी भाषा पर एक महत्वपूर्ण पुस्तक है। नागपुरी भाषा के लिए उनका योगदान हमेशा याद



किया जायेगा। नागपुरी भाषा और साहित्य के उत्थान के लिए वह जीवन भर संघर्ष रत रहे। विभिन्न साहित्यिक संगठनों ने उनके निधन पर शोक व्यक्त किया है। उनके निधन से नागपुरी भाषी समाज को अपूरणीय क्षति हुई है। उनको शत-शत नमन।

## बंगाल के उपद्रव ग्रस्त क्षेत्र में जिहादियों तथा आतंकवादी संगठन का स्लीपर सेल सक्रिय : ओम प्रकाश सिंह



**लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** भारतीय जनता पार्टी प्रदेश कार्य समिति के सदस्य सह वरिष्ठ नेता ओम प्रकाश सिंह ने वक्फ संशोधन कानून के विरोध के नाम पर बंगाल में हाल में हुई हिंसा पर क्षोभ प्रकट करते हुए इसकी तीव्र निंदा की है। उन्होंने कहा है की खुफिया एजेंसियों को जो तथ्य प्राप्त हो रहे हैं। इससे स्पष्ट हो रहा है कि बांग्लादेशी आतंकी संगठन अंसार उल बांग्ला का हाथ होने के पुख्ता सबूत प्राप्त हो रहे हैं। उपद्रव ग्रस्त क्षेत्र तथा उससे सटे जिलों में भी जिहादियों तथा आतंकवादी संगठन का स्लीपर सेल सक्रिय है। इन्हें साजिश रचने, हिंसा फैलाने, अलगाववाद पैदा करने के लिए विदेशी फंडिंग की व्यवस्था भी की जा रही है। सुरक्षा एजेंसीयों ने यह भीअंदेशा जाहिर किया है कि वक्फ संशोधन बिल के आड़ में स्लीपर सेल से जुड़े लोग मुर्शिदाबाद से सटे जिलों तथा भारत बांग्लादेश के सीमावर्ती क्षेत्रों में भी हिंसा फैलाने की कार्रवाई कर सकती है। भाजपा नेता ओम प्रकाश सिंह ने केंद्र सरकार से इस तरह के अलगाववादी, कट्टरपंथी संगठनों पर कड़ी कार्रवाई के साथ बंगाल की ममता बनर्जी सरकार पर अंकुश लगाने की ठोस योजना बनाने का आग्रह किया है।

## अग्निशमन सेवा सप्ताह के तहत स्कूली भैया-बहनों को दिया गया फायर सेफ्टी का प्रशिक्षण





**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** शीला अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर लोहरदगा के वंदना सभागार में झारखंड अग्निशमन सेवा लोहरदगा जिला के अधिकारियों के द्वारा फायर सेफ्टी उपकरणों का प्रदर्शन, आपात स्थिति में बचाव के सिखाए तरीके। विद्यालय के प्रधानाचार्य बिपिन कुमार दास, अग्निशमन के अधिकारी रामाधार मुंडा स्टेशन ऑफीसर्स मनीष कुमार शर्मा, सुनील बेसरा, राजीव सिंह उपस्थित थे। भैया-बहनों को आग से होने वाली दुर्घटनाओं के प्रति जागरूक किया। आग लगने से सबसे पहले बरती जाने वाली सावधानियां की जानकारी दी। ज्वलनशील वस्तुओं को सुरक्षित रखने और शॉर्ट सर्किट से बचने की भी उपाय बताए गए।फायर एक्सटिंग्विशर, वाटर हाइड्रेट और सेंड बकेट जैसे उपकरणों का आग बुझा कर प्रदर्शन किया गया। अग्निशमन अधिकारी ने बताया कि आग लगने पर घबराना नहीं चाहिए हेल्पलाइन नंबर 112 पर कॉल करना चाहिए। विद्यालय, कार्यालय या घर में फायर अलार्म और सुरक्षित निकास मार्ग की जानकारी जरूरी है। अधिकारियों ने बताया कि अग्नि समाज सेवा सप्ताह का उद्देश्य आग से बचाव की तकनीक सीखना और लोगों को सतर्क बनाना। उन्होंने भैया-बहनों से अपने आसपास के अन्य लोगों को अग्नि सुरक्षा के प्रति जागरूक करने की अपील की कार्यक्रम में कक्षा षष्ठ से दशम तक के भैया-बहनों की संख्या 578, आचार्यगण 22 एवं 09 कर्मचारी मौजूद थे।

# छोटानागपुर बॉक्साइट वर्कर्स यूनियन के महासचिव का वक्तव्य खिसियानी बिल्ली खंबा नोचे : आलोक साहू

### इंटक को फर्जी बताकर छोटानागपुर बॉक्साइट वर्कर्स यूनियन महासचिव ने कांग्रेस अथॉरिटी को दिया चुनौती

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** भारतीय राष्ट्रीय ट्रेड यूनियन कांग्रेस इंटक के लोहरदगा अध्यक्ष आलोक कुमार साहू ने पूर्व राज्यसभा सांसद एवं छोटानागपुर बॉक्साइट वर्कर्स यूनियन के महासचिव के द्वारा इंटक यूनियन के खिलाफ दिया गया बयान पार्टी विरोधी बयानहै जिसकी मैं कड़ी शब्दों में निंदा करता हूं। आलोक कुमार साहू ने कहा कि छोटानागपुर बॉक्साइट वर्कर्स यूनियन के महासचिव को इंटक युनियन के संबंध में जानकारी का अभाव है। 1947 में लोह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल ने इसकी स्थापना की थी इंटक यूनियन संगठन पूरे राष्ट्र स्तर पर है और अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन से इंटक का संबद्धता है।



छोटा नागपुर बॉक्साइट वर्कर्स यूनियन की बात है तो यह सिर्फ लोहरदगा तक सीमित है तथा यह असली इंटक भी नहीं है अगर असली इंटक है तो इसको प्रमाणित करें। न्यायालय ने भी ददई दुबे के गुट वाले मजदूर संगठन के दावे को खारिज कर दिया है। इंटक युनियन का लोहरदगा में गठन होने से यूनियन महासचिव को इतनी बौखलाहट क्यों है खिसियानी बिल्ली खंबा नोचे वाली कहावत चरितार्थ हो रहा है जबकि दुबे गुट वाला मजदूर संगठन ही लोहरदगा में फर्जी संगठन है जिसका इंटक युनियन से कोई लेना-देना नहीं है। संगठन महासचिव ही मजदूरों को गुमराह कर रहे हैं। महासचिव को जानकारी नहीं है कि इंटक यूनियन ही असली यूनियन है जिसकी बैठक में सोनिया गांधी ,प्रधानमंत्री शामिल हुए थे। झारखंड में झारखंड के कांग्रेस प्रभारी के राजू ने दिनांक 27 मार्च 2025को पुराने विधानसभा रांचीमें संगठन सृजन 2025 मंथन कार्यक्रम का आयोजन किया था इस कार्यक्रम में उन्होंने इंटक यूनियन के पदाधिकारियों को आमंत्रित किया था जिसमें मैं स्वयं शामिल हुआ था और मुझे यही अध्यक्ष पद का नियुक्ति पत्र मिला था। छोटानागपुर महासचिव ने इंटक के खिलाफ बयान देकर कांग्रेस अथॉरिटी को ही चुनौती दिया है। आलोक साहू ने कहा कि निजी स्वार्थ के लिए लोहरदगा में इंटक का गठन नहीं हुआ है मजदूरों को ज्यादा से ज्यादा संगठन से जोड़ना, मजदूरों के परिवारों के हित के लिए कार्य करना तथा जहां मजदूर रहते हैं उसे क्षेत्र का सर्वांगीण विकास कर पार्टी में सोनिया गांधी और राहुल गांधी के हाथों को मजबूत करना मुख्य उद्देश्य है। लोहरदगा में अनेक ऐसे यूनियन है जो दूसरे दल के लोग चलाते हैं जो खुलेआम कांग्रेस का विरोध करते हैं उन्हें छोटानागपुर बॉक्साइट वर्क्स यूनियन से सहयोग मिलता है जिसके कारण कांग्रेस विरोधी पार्टी के लोग मजबूत हो रहे हैं। श्री साहू ने कहा कि उन्हें जो जिम्मेदारी मिला है उसे ईमानदारी पुर्वक निभाऊंगा। पूरे क्षेत्र में मजदूर संगठन को संगठित कर रकांग्रेस पार्टी को मजबूत करने का काम करेंगे और छोटानागपुर महासचिव का इंटक के खिलाफ दिया गया बयान की शिकायत झारखंड के प्रभारी के राजू से भी किया जाएगा।

## चलते चलते एक नजर

### मंत्री हफीजूल अपने बयान से पलटे, कहा संविधान के प्रति मेरी अटूट निष्ठा

**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता):** भाजपा के विरोध प्रदर्शन के बाद अल्पसंख्यक मामलों के मंत्री हफीजूल हसन ने अपने दिये गये बयान से पलट गये। मंत्री हफीजूल ने सफाई देते हुए एक प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए कहा कि मैं बाबा साहेब आंबेडकर के प्रति गहरी श्रद्धा रखता हूँ, जिनकी प्रेरणा से मैंने अपने सार्वजनिक जीवन में समावेशिता और सामाजिक न्याय के लिए कार्य किया है। धर्म, जाति, वर्ग, क्षेत्र से ऊपर उठकर मेरे द्वारा किए गए कार्य मेरी संवैधानिक निष्ठा की गवाही देते हैं। मैं दोहराना चाहता हूँ कि संविधान मेरे लिए सर्वोपरि है, और मेरा कोई भी कथन या कार्य कभी इसके मूल्यों के खिलाफ नहीं रहा। अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, पिछड़े वर्ग एवं अल्पसंख्यकों के अधिकार की रक्षा की गारंटी है हमारा संविधान। जहां संविधान देश के हर नागरिक को धार्मिक स्वतंत्रता का अधिकार देता है वहीं वह सरकारों को ऐसा वातावरण बनाए रखने का निर्देश देता है जिसमें देश के सभी नागरिक अपने भाषाई एवं धार्मिक पहचान को अक्षुण्ण रख सकें।देश ने केंद्रीय मंत्रियों को अल्पसंख्यक समुदाय के प्रति निंदनीय - नफरती शब्दों का प्रयोग करते हुए देखा है। किसी ने अल्पसंख्यकों को खुले आम देश छोड़ने को कहा तो किसी ने हमें मंच से गोली मारने का नारा लगवाया। मैं मानता हूँ एवं दोहराता हूँ कि हर किसी को अपने धर्म से असीमित प्रेम करने का अधिकार है लेकिन वह प्रेम दूसरे धर्म के प्रति नफरत का रूप नहीं लेनी चाहिए।मेरे बयान को जिस ढंग से भी परोसा जाए लेकिन मैं भरोसा दिलाता हूं कि अपने कर्तव्यों का निर्वहन संवैधानिक मूल्यों के अनुरूप करता रहूँगा और सभी समुदायों के लिए न्याय, समानता और समृद्धि सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध रहूँगा। बता दें कि मंत्री हफीजूल ने कहा था कि मुसलमान सीने में कुरान रखता है और हाथ में संविधान।

### संविधान की दुहाई देने वाले सत्ता पक्ष का दलित विरोधी चेहरा फिर उजागर- प्रदीप रवि

**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता):** रिम्स के निदेशक डॉ. राजकुमार को बिना कोई स्पष्ट कारण बताए अपमानजनक तरीके से उनके पद से हटा दिया। यह कार्रवाई न केवल एक योग्य और प्रतिष्ठित चिकित्सक का अपमान है, बल्कि पूरे दलित समाज के आत्मसम्मान पर आघात है। झारखंड प्रदेश गुरु रविदास महासभा के महासचिव प्रदीप रवि ने इसे सत्ताधारी दल का दलित विरोधी चेहरा करार देते हुए कड़ी निंदा की है। उन्होंने कहा कि यह घटना कोई पहली नहीं है। पूर्व में भी राज्य प्रशासनिक सेवा के एक दलित महिला पदाधिकारी के साथ सरकार की दोहरी नीति और भेदभावपूर्ण रवैया सामने आ चुका है। यदि आवश्यकता पड़ी, तो वे उन घटनाओं को भी सार्वजनिक करेंगे। महासचिव ने यह भी कहा जब रांची नगर निगम की महापौर की सीट दलित वर्ग के लिए आरक्षित हुई, तो इस सरकार ने उसे भी बदल कर दलित समाज का अपमान किया। अब सवाल यह है कि यह सरकार आखिर दलितों को कितनी बार अपमानित करेगी? रिम्स के पूर्व निदेशक डॉ. राजकुमार के साथ हुए व्यवहार से दलित समाज आहत और आक्रोशित है।

### संत मरियम में आयोजित संस्कारशाला में आईजी सुनील भास्कर ने छात्रों को दिया टिप्स, कहा

# हाई टेक्नोलॉजी से लैस हैं संत मरियम के छात्र



प्रभात मंत्र संवाददाता

**मेदिनीनगर :** पलामू प्रमंडल के उत्कृष्ट आवासीय विद्यालय संत मरियम में शिक्षा, संस्कार, समाज और सुरक्षा को लेकर संध्या में संस्कारशाला का आयोजन किया गया। आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ पलामू पुलिस महानिरीक्षक सुनील भास्कर, विद्यालय चेयरमैन अविनाश देव, प्राचार्य कुमार आदर्श, उप प्राचार्य एसबी साहा ने दीप-प्रज्वलित कर किया। उक्त विषयों पर बच्चों से वार्तालाप करने के लिए मुख्य वक्ता के रूप में मौजूद पुलिस महानिरीक्षक श्री भास्कर ने शिक्षा व संस्कारों को ग्रहण करते हुए जीवन के शीर्ष स्तर तक पहुंचने का सूत्र दिया। उन्होंने अपने जीवन के संघर्ष के दौर को बताते हुए कहा कि अब समय बदल गया है, अब आप उन्नत प्रौद्योगिकी के साथ गुरुकुल पद्धति से शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं, तमाम व्यवस्थाएं हर तरह की सुविधाओं के साथ-साथ आपके पास देश के विभिन्न क्षेत्रों से आए उत्कृष्ट शिक्षक एवं मार्गदर्शक हैं। वैसे आपको सिर्फ निरंतरता के साथ एकाग्र मन से अध्ययन करने की आवश्यकता है। आगे उन्होंने कहा कि जरूरी नहीं कि आप शिक्षा ग्रहण कर डॉक्टर, इंजीनियर या बड़े अधिकारी ही बनें, बल्कि बदलते दौर में करियर विकल्प अनगिनत हैं, आप किसी भी क्षेत्र में शीर्ष स्तर तक पहुंचकर समाज और देश की सेवा कर सकते हैं, जिसके लिए तमाम जिम्मेदारियों को अभी से ही अपने सपनों को पल्लवित करना होगा, ताकि समय आने पर आप अपने हौसलों की उड़ान भर सकें। मौके पर श्री भास्कर ने कई छात्रों से एक-एक कर वार्ता की, उनके सपनों को जाना और उन्हें मार्ग प्रशस्त किया।विद्यालय के चेयरमैन अविनाश देव ने पुलिस महानिरीक्षक को आभार प्रकट करते हुए कहा कि छात्रावासी बच्चे हमेशा किसी अधिकारी या वरिष्ठ व्यक्तित्व से मिलने के लिए काफी उत्सुक रहते हैं, वैसे में सुनील सर का आना बच्चों के लिए काफी लाभप्रद हुआ। चेयरमैन ने महानिरीक्षक महोदय को कृतज्ञता व्यक्त करते हुए अंगवस्त्र एवं पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया। उक्त मौके पर छात्रावास अधीक्षक उत्कर्ष देव, प्रवीण दुबे, विकास विश्वकर्मा, श्याम किशोर पांडेय, मेंटर्स एडुसर्व शैक्षणिक संस्थान के समस्त शिक्षक, विद्यालय के शिक्षक और सैकड़ों बच्चे मौजूद रहे।

### भाजपा ने फूंका सोनिया राहुल गांधी का पुतला

**फिरोजाबाद:** नगर के प्रमुख जैन मंदिर चौराहे पर शुक्रवार को भाजयुमो ने नेशनल हेराल्ड मामले को लेकर महानगर अध्यक्ष अंकित तिवारी के नेतृत्व में कांग्रेस नेता सोनिया और राहुल गांधी का पुतला दहन किया। भाजपाइयों ने कार्यवाही की मांग की है। भाजपा के महानगर अध्यक्ष डॉ. सतीश चंद्र दिवाकर ने कहा कि ईडी की कार्रवाई पूरी तरह से दस्तावेज, बैंक रिकॉर्ड और शेयर होल्डिंग के आधार पर की गई है, जो किसी भी प्रकार से राजनीतिक बदले की भावना नहीं है। यह चार्जशीट न केवल एक कानूनी दस्तावेज है, बल्कि नए भारत की पारदर्शिता और न्यायप्रियता की प्रतीक है। कांग्रेस पार्टी ने एजेएल को 90.25 करोड़ रुपये का ऋण दिया, जिसे बाद में बिना किसी पारदर्शिता के यंग इंडिया प्राइवेट लिमिटेड को ट्रांसफर कर दिया गया।

# भारत में स्थापित होगा इंटरनेशनल बिग कैट अलायंस का मुख्यालय

एजेंसी

**नई दिल्ली :** इंटरनेशनल बिग कैट अलायंस का मुख्यालय और सचिवालय भारत में स्थापित किया जाएगा। विदेश मंत्रालय ने कहा कि सरकार और आईबीसीए ने बृहस्पतिवार को इस संबंध में एक समझौते पर हस्ताक्षर किए। आईबीसीए मुख्यालय को लेकर विदेश मंत्रालय के सचिव (पूर्वी) पी कुमारन और आईबीसीए के महानिदेशक एसपी यादव ने नई दिल्ली में समझौते पर हस्ताक्षर किए। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने साप्ताहिक मीडिया ब्रीफिंग के दौरान कहा कि भारत सरकार आईबीसीए को एक कोष बनाने, बुनियादी ढांचे के निर्माण और 2023-24 से 2028-29 तक पांच वर्षों के व्यय के लिए 150 करोड़ रुपये की बजटीय सहायता प्रदान करेगी। आईबीसीए का मुख्य उद्देश्य सात बड़ी बिल्लियों यानी बाघ, शेर, तेंदुआ, हिम तेंदुआ, चीता, जगुआर और प्यूमा का संरक्षण करना है। इसके तहत संबंधित हितधारकों के बीच सहयोग और तालमेल रखना और दुनियाभर में बिग कैट्स के संरक्षण के लिए सफल प्रयास करना हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 9 अप्रैल 2023 को मैसूरू में प्रोजेक्ट टाइगर के 50 वर्ष पूरे होने पर आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान आईबीसीए की शुरुआत की। केंद्रीय मंत्रिमंडल ने 29 फरवरी 2024 को भारत में मुख्यालय के साथ इसकी स्थापना को मंजूरी दी।विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता जायसवाल ने कहा कि वीजा मामले हर देश का संप्रभु विशेषाधिकार है। उन्होंने यह टिप्पणी ऑस्ट्रेलिया के पंजाब, हरियाणा, गुजरात, उत्तर प्रदेश और बिहार समेत पांच राज्यों के नागरिकों पर वीजा प्रतिबंध लगाए जाने पर की।विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता जायसवाल ने कहा कि अमेरिका के उपराष्ट्रपति जेडी वेंस की प्रस्तावित भारत दौरे के दौरान दोनों देशों के बीच सभी प्रासंगिक मुद्दों पर चर्चा की जाएगी।



### विधायक सीपी सिंह के दिमागी दिवालियापन को दर्शाता है मुस्लिम समुदाय को जिहादी कहना : वारिस कुरैशी

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** राज्य अल्पसंख्यक आयोग झारखंड सरकार के सदस्य वारिस कुरैशी ने कहा है कि रांची विधायक सीपी सिंह के द्वारा मुस्लिम समुदाय को जिहादी शब्द से संबोधित किये जाने को कठोरतम शब्द में निंदा करता हूं।इस तरह के भाषा का प्रयोग विधायक सीपी सिंह का दिमागी दिवालियापन दर्शाता है। ऐसा प्रतीत होता है कि वो अपना मानसिक संतुलन खो चुके है और सामान्य व्यक्ति की तरह भी वे आचरण नहीं करते है। मेरी सीपी सिंह को सलाह होगी की अपना दिमाग का इलाज ÷सीईपी÷ या रिनपास में कराए।।ये उनका आचरण बिल्कुल स्तरहीन है और ऐसे स्तरहीन व्यक्ति का प्रतिनिधि बने रहना किसी भी विधानसभा क्षेत्र के लिए बहुत शर्मनाक बात है। विधायक सीपी सिंह को अक्सर देखा गया है कि ये एक विशेष समुदाय मुस्लिम के प्रति नफ़रती भाषा का प्रयोग करते है और भड़काने का काम करते है। इस तरह का कृत किसी भी सभ्य समाज, जिला, राज्य एवं देश के लिए बेहतर नहीं है।

राजनीति में वाद विवाद चलता रहता है। इसका मतलब ये नहीं है कि अगर आपका किसी मंत्री से मदभेद हो तो आप उसके पूरे समाज के ऊपर (जेहादी) अशोभनीय शब्दों का प्रयोग करें। ये बिल्कुल बर्दास्त नहीं किया जाएगा। क्योंकि ये झारखंड है। जंगल राज नहीं है कि आप जो बोल दिए और समुदाय बर्दाश्त कर लेगा। इस घटना से मुस्लिम समाज काफी आक्रोश है। विधायक सीपी सिंह के द्वारा पूरे मुस्लिम समाज को जिहादी कहा गया है जो किसी भी परिस्थिति में बर्दाश्त के काबिल नहीं है। उन्होंने कहा कि जल्द ही वे राज्य अल्पसंख्यक आयोग झारखंड सरकार की बैठक आहुत कराकर इस पर कानूनी करवाई की दिशा ने पहल करूंगा। क्योंकि अल्पसंख्यक आयोग अल्पसंख्यकों का सेफगार्ड है। अल्पसंख्यकों के साथ किसी के भी द्वारा इस तरह की अशोभनीय कृत को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।



# मानव श्रृंखला बनाकर वक्फ संशोधन अधिनियम का किया विरोध

18 अप्रैल को जुमे की नमाज के बाद होगा शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शन




प्रभात मंत्र मंवाददाता

**रांची** : वक्फ संशोधन अधिनियम 2025 के खिलाफ देशव्यापी विरोध प्रदर्शन के तहत रांची के इरबा के निवासियों ने भी अपना विरोध जताया। मरकजी अंजुमन सोसाइटी इरबा के नेतृत्व में 18 अप्रैल, 2025 को जुमे की नमाज के बाद बड़ी संख्या में लोग सड़क किनारे एकत्र हुए और अपना विरोध दर्ज कराने के लिए शांतिपूर्ण मानव श्रृंखला बनाई।इस प्रदर्शन का उद्देश्य वक्फ संशोधन अधिनियम 2025 के उन विशेष प्रावधानों पर चिंता व्यक्त करना था, जिन्हें एक विशेष समुदाय के धार्मिक, सामाजिक और सांस्कृतिक अधिकारों के लिए खतरा माना जा रहा है। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि यह कानून वक्फ संपत्तियों में बढ़ते सरकारी हस्तक्षेप को वैध बनाता है, जो उनका मानना है कि अल्पसंख्यक समुदाय की आत्मनिर्भरता और धार्मिक स्वतंत्रता को कमजोर करता है।मानव श्रृंखला में पुरुषों, महिलाओं और युवा लड़कियों की सक्रिय भागीदारी देखी गई। कई लोगों ने संवैधानिक अधिकारों और लोकतांत्रिक मूल्यों की सुरक्षा की मांग करते हुए तख्तियां ले रखी थीं। विरोध प्रदर्शन बिना किसी नारेबाजी के शांत, अनुशासित और पूरी तरह अहिंसक तरीके से किया गया। मीडिया से बात करते हुए आयोजकों ने स्पष्ट किया कि उनका इरादा टकराव का नहीं बल्कि लोकतांत्रिक और शांतिपूर्ण तरीके से अपनी आपत्ति जताना है। उन्होंने केंद्र सरकार से कानून पर पुनर्विचार करने और प्रभावित समुदायों से बातचीत शुरू उक्त संशोधन को वापिस करने की माँग की गई। इस आयोजन को सफलता पूर्वक क्रियानुवान करने में मरकज़ी अंजुमन सोसाईटी इरबा के अध्यक्ष इम्तियाज़ अंसारी सचिव मो. अरशद अनवर एवं सभी सदस्यों एवं इरबा,करमा,कोइलारी के अवाम ने भी महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई।

### मुख्यमंत्री का विदेशी दौरान से उद्योग मंत्री नदारद क्यों : भाजपा

रांची। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवम नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने मुख्यमंत्री के विदेश दौरे पर कड़ी प्रतिक्रिया दी।कहा कि आज प्रदेश में कानून व्यवस्था ध्वस्त हो चुकी है, दिनदहाड़े हत्याएं हो रही हैं, बिजली संकट गहराया हुआ है... और इन सबके बीच मुख्यमंत्री अपनी विधायक पत्नी को साथ लेकर एक बड़े सरकारी प्रतिनिधिमंडल के साथ स्वीडन और स्पेन की यात्रा पर रवाना हो रहे हैं। कहा यदि इस यात्रा का उद्देश्य विदेशी निवेश लाना है, तो सबसे बड़ा सवाल है कि उद्योग मंत्री को क्यों नहीं साथ ले जाया जा रहा है? उद्योग विभाग के सचिव और निदेशक तो इस प्रतिनिधिमंडल में शामिल हैं, लेकिन उद्योग मंत्री का नाम सूची से नदारद है। क्या निवेश की बातचीत में मंत्री की कोई भूमिका नहीं? कहा कि ऐसा पहली बार नहीं हो रहा।

# दुनिया की शीर्ष सैन्य शक्ति बनेगा भारत : राजनाथ सिंह

एजेंसी

**नई दिल्ली:** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि भारत विश्व की नंबर एक सैन्य शक्ति के रूप में उभरेगा। सिंह ने कहा, इस साल देश का रक्षा उत्पादन 1.60 लाख करोड़ से अधिक होने की उम्मीद है और 2029 तक तीन लाख करोड़ के सैन्य उपकरणों के निर्माण का लक्ष्य है।डिफेंस कॉन्क्लेव 2025-फोर्स ऑफ द फ्यूचर में राजनाथ ने कहा कि भारत रक्षा उपकरणों के आयात पर अपनी निर्भरता कम करेगा और एक रक्षा औद्योगिक परिवेशी तंत्र बनाएगा। यह तंत्र न केवल देश की जरूरतों को पूरा करेगा, बल्कि रक्षा निर्यात की क्षमता को भी मजबूत करेगा। वह दिन दूर नहीं जब भारत न केवल विकसित देश के रूप में उभरेगा, बल्कि हमारी सैन्य शक्ति भी विश्व में शीर्ष पर होगी। सिंह ने कहा, भारत न केवल अपनी सीमाओं को सुरक्षित कर रहा है, बल्कि अंतरराष्ट्रीय रक्षा परिवेशी तंत्र में एक प्रमुख खिलाड़ी के रूप में भी अपनी स्थिति बना रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में रक्षा क्षेत्र का पुनरुद्धार और सुदृढ़ीकरण सरकार की सबसे बड़ी प्राथमिकताओं में से एक है। सरकार की पहली और सबसे बड़ी चुनौती इस मानसिकता को बदलना है कि भारत अपनी रक्षा जरूरतों को पूरा करने के लिए केवल आयात करेगा।रक्षा मंत्री ने कहा कि मेक इन इंडिया कार्यक्रम न केवल देश के रक्षा उत्पादन को मजबूत कर रहा है, बल्कि इसमें वैश्विक रक्षा आपूर्ति श्रृंखला को लचीला और सुदृढ़ बनाने की क्षमता भी है। सिंह ने कहा कि आज, जहां भारत का रक्षा क्षेत्र आत्मनिर्भरता की राह पर आगे बढ़ रहा है, वहीं वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाओं को लचीला बनाने में भी बहुत बड़ी भूमिका निभाने के लिए तैयार है।



# बुजुर्ग दम्पति के घर राशन लेकर पहुंचे एसडीओ



प्रभात मंत्र संवाददाता

**गढ़वा :** अनुमंडल पदाधिकारी संजय कुमार गुरुवार को लगभग 20 किलोमीटर दूर पतहरिया गांव पहुंचकर अत्यंत वृद्ध दंपत्ति भुलाई बियार तथा मूर्ति देवी के घर पहुंचे। सोशल मीडिया माध्यम से जानकारी पहुंची थी कि किसी बुजुर्ग दंपत्ति को राशन और पेंशन को लेकर गंभीर परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इस पर संज्ञान लेकर वे दोपहर में पढ़ुआ पंचायत के पतहरिया गांव की तेतरिया बस्ती निवासी उक्त बुजुर्ग दंपति के घर स्वयं पहुंच गए। वे अपने साथ संबंधित पदाधिकारियों सहित राशन के साथ पहुंचे थे। उन्होंने जाते ही सर्वप्रथम राशन प्रदान किया। तदुपरांत बुजुर्ग पति-पत्नी का हाल-चाल पूछा। उनकी आर्थिक स्थिति, उनके स्वास्थ्य, उनकी देखभाल कर्ता के अलावा उनकी पेंशन, आवास और राशन कार्ड के बारे में विस्तार से जानकारी ली। मौके पर ही एसडीएम ने एसबीआई स्टेट बैंक शाखा के संबंधित प्रबंधक को फोन कर नियमानुसार समस्या निदान का निर्देश दिया। संबंधित बैंक प्रबंधक ने उक्त तकनीकी समस्या का तुरंत समाधान कर दिया। राशन कार्ड में नाम जुड़ने तक संबंधित दंपति को हर माह ससमय राशन उपलब्धता सुनिश्चित करवाने के लिए बीडीओ तथा सीओ को निर्देश दिया गया। संजय कुमार ने लौटते समय उन बुजुर्ग माता जी को दवाई आदि खरीदने के लिए अपने स्तर से छोटी सी राशि भी उपलब्ध करवाई। उन्होंने बुजुर्ग दंपति के बेटों से भी कहा कि वे उनका पूरा ध्यान रखेंगे। किसी भी रूप में यदि उनको दिक्कत परेशानी होती है तो वे सीधा अनुमंडल कार्यालय या प्रखंड कार्यालय को सूचना देंगे।इस दौरान स्थानीय लोग भी मौजूद थे।

### सभी कैमिस्ट शॉप संचालकों को लगाने होंगे सीसीटीवी कैमरे : मुख्य सचिव

**चंडीगढ़ :** हरियाणा के मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी ने सभी उपायुक्तों को प्रदेश-भर में नशा मुक्ति केंद्रों का निरीक्षण करके आगामी 22 अप्रैल तक विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही, उन्होंने खाद्य एवं औषधि प्रशासन को प्रदेश में दवा की दुकानों के लिए सख्त नियम लागू करने के भी निर्देश देते हुए कि कहा कि संचालन निगरानी के लिए सभी कैमिस्ट शॉप में सीसीटीवी कैमरे लगाना अनिवार्य होगा। इसके अलावा, दवा विक्रेताओं को एक ऐसी जगह पर अपने लाइसेंस को प्रमुखता से प्रदर्शित करना होगा, जहां उपभोक्ता इसे आसानी से देख सकें।मुख्य सचिव रस्तोगी शुक्रवार को चंडीगढ़ में राज्य स्तरीय नार्को समन्वय केंद्र (एनसीओआरडी) की बैठक ले रहे थे। बैठक में सभी जिलों के उपायुक्तों तथा पुलिस अधीक्षकों ने वीडियो कांफ्रेंसिंग से भाग लिया।

# धर्म और समाज की रक्षा के लिए श्रीगुरु तेग बहादुर ने सर्वस्व न्योछावर किया था : मुख्यमंत्री



एजेंसी

**चंडीगढ़ :** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि श्रीगुरु तेग बहादुर महाराज ने धर्म और समाज की रक्षा के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर कर दिया। उन्होंने नागरिकों से श्रीगुरु तेग बहादुर के आदर्शों, शिक्षाओं और वाणी को अपने जीवन में धारण करने का आह्वान करते हुए कहा कि उनके बलिदान और त्याग की भावना को हमेशा अपने जहन में याद रखें। यही उनके प्रति हमारी सच्ची श्रद्धांजलि होगी।मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी शुक्रवार को गांव बीड मथाना में श्रीगुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी की तरफ से श्रीगुरु तेग बहादुर के प्रकाश पर्व पर श्रीगुरुद्वारा सिंह सभा में आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री सैनी ने प्रदेशवासियों को प्रकाश पर्व की लख-लख बधाई देते हुए कहा कि पूरे विश्व में श्रीगुरु तेग बहादुर के प्रकाश पर्व पर धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। श्रीगुरु तेग बहादुर ने धर्म और समाज की रक्षा के लिए अपना सर्वस्व वार दिया। आज हिन्द की चादर श्रीगुरु तेग बहादुर की शिक्षाओं, आदर्शों को अपने जीवन में धारण करने की जरूरत है। इस पावन पर्व पर बीड मथाना में श्रीगुरु तेग बहादुर की यादों को हमेशा अमिट रखने के लिए प्रवेश द्वार का निर्माण किया गया है। उन्होंने कहा कि श्रीगुरु तेग बहादुर कुरुक्षेत्र से इसी मार्ग से होते हुए लौहगढ़ पहुंचे थे। सरकार ने श्रीगुरु तेग बहादुर के साथ-साथ सभी गुरुओं की वाणी और इतिहास को संजोने के लिए कुरुक्षेत्र में भव्य और सुंदर संग्रहालय का निर्माण किया जाएगा।इससे पहले मुख्यमंत्री सैनी, पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा ने गांव बीड मथाना के प्रवेश पर श्रीगुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी बीड मथाना के बनवाए गए गुरु तेग बहादुर द्वार का उदघाटन किया। इसके उपरांत मुख्यमंत्री सैनी ने गांव के श्रीगुरुद्वारा सिंह सभा में श्रीगुरु ग्रंथ साहिबजी पर माथा टेका और प्रदेशवासियों की खुशहाली के लिए अरदास की। इस मौके पर गुरुद्वारा सिंह सभा प्रबंधक कमेटी के प्रधान हरपाल सिंह और गुलजार सिंह ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी को सरोपा, स्मृति चिन्ह भेंट किया।